# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025



8 ट्रंप के टैरिफ से सकते में दुनिया





मेट्रो
14 भीषण गर्मी मासूम बच्चों पर ढहा रही..


## फर्जी डॉक्टर मामले में बिलासपुर के अपोलो अस्पताल को नोटिस

# पूछा-किस आधार पर की गई थी कथित डॉक्टर नरेंद्र की नियुक्ति ?




### डॉ. जॉन केम ने ली थी छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले स्पीकर राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल/ दमोह

दमोह के मिशन अस्पताल में 7 हार्ट पेशेंट की मौत के आरोपी कथित डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव का बिलासपुर कनेक्शन सामने आया है।

डॉ. नरेंद्र विक्रमादित्य उर्फ नरेंद्र जॉन केम बिलासपुर में भी कई लोगों की जान ले चुका है। इनमें सबसे बड़ा नाम छत्तीसगढ़ विधानसभा के पहले अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल का भी है। राजेंद्र प्रसाद अविभाजित



मध्यप्रदेश में भी विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके बेटे प्रदीप शुक्ल ने ये आरोप लगाए हैं। डॉ. नरेंद्र तब बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में पदस्थ थे। दिवंगत शुक्ल के बेटे का बयान सामने आने के बाद बिलासपुर के सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने एक्शन लिया। उन्होंने अपोलो अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है।

जवाब मांगा गया है कि, किस आधार पर डॉक्टर की नियुक्ति की गई थी। उसकी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा है।

### आरोपी को 5 दिन की रिमांड पर भेजा

फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एन जॉन कैम उर्फ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव को यूपी से गिरफ्तार कर देर रात दमोह लाया गया। आरोपी को मंगलवार के दिन जिला कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उसे 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। दमोह जिला कोर्ट में नकली डॉ. के साथ मारपीट भी हुई है। आरोपी को भीड़ से बचाने के चलते पुलिसकर्मी गाड़ी से गिर गए।

---

IPL आज का मुकाबला


गुजरात राजस्थान

शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### सेंसेक्स 1600 अंक पर निफ्टी 22650 के पार

मुंबई। भारतीय शेयर बाजारों ने मंगलवार को शानदार वापसी की। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक 1,600 अंकों से भी अधिक चढ़ गया था। वहीं निफ्टी ने 22,650 के पार पहुंच गया। ग्लोबल बाजारों में तेजी और ट्रेड वार के भारत पर तुलनात्मक रूप से कम असर पड़ने की संभावना से निवेशकों का सेंटीमेंट मजबूत हुआ है। निफ्टी के लगभग सभी 13 प्रमुख सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में



कारोबार कर रहे थे। सबसे अधिक तेजी टाइटन,अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, सीबीआई और एक्सिस बैंक के शेयरों में देखने को मिली। कारोबार के अंत में, सेंसेक्स 1089.18 अंक या 1.49 फीसदी बढ़कर 4,227.08 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 374.25 अंक या 3.74 फीसदी की बढ़त के साथ 22,535.85 के स्तर पर बंद हुआ।

### टीटी व सिपाही ने ट्रेन से धक्का दिया, मौत

महोबा। जिले में झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। बोगी में सवार यात्रियों ने टीटी व जीआरपी सिपाही पर धक्का देने का आरोप लगाया।



पुलिस मामले की जांच की बात कर रही है। महोबा के घुटई व बेलाताल स्टेशन के बीच एक युवक सामान्य टिकट पर स्लीपर कोच में यात्रा कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टिकट चेकिंग के दौरान टीटी और जीआरपी सिपाही से विवाद हो गया। हाथापाई के दौरान धक्का देने से युवक चलती ट्रेन से गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई।

---

## कैबिनेट बैठक : मोहन सरकार ने निवेशकों के लिए लिया 'बड़ा निर्णय'

# 1 रु. में 25 एकड़ जमीन पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज 'खोलने' के लिए मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

पिछले प्रावधान में निवेशकों को खुद जमीन लेकर मेडिकल कॉलेज खोलना था अब सरकार संशोधन के तहत इन्हें सरकारी जमीन लीज पर उपलब्ध कराएगी

राज्य सरकार ने गायों को चारे के लिए 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए प्रति दिन देने के साथ ही निवेशकों को आकर्षित करने मंगलवार को एक और बड़ा निर्णय लिया। इसके तहत मप्र में पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने वाले निवेशकों को एक रुपए में 25 एकड़ जमीन लीज पर दी जाएगी। पिछली कैबिनेट में भी इसी तरह के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी, किंतु उसमें संशोधन कर दिया गया है। इससे कुल 11 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोला जा सकेगा। कैबिनेट की मंगलवार को मंत्रालय में हुई।

बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। कैबिनेट में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने को मंजूरी दी गई। पिछले प्रावधान में निवेशकों को खुद जमीन लेकर मेडिकल कॉलेज खोलना था, अब सरकार संशोधन के तहत इन्हें सरकारी जमीन लीज पर उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारियों कर्मचारियों के प्रमोशन अब हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों की पदोन्नति का कार्य शीघ्र होगा।



▶▶ कुल 11 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोला जा सकेगा

▶▶ सरकार के निर्णय से 4150 मेडिकल की सीटें और बढ़ेंगी

▶▶ बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई

सरकार गो पालकों को अब 20 के स्थान पर 40 रु. प्रति गाय के हिसाब से अनुदान देगी

शासकीय सेवकों की 8 साल से रुकी पड़ी पदोन्नति भी हो सकेगी

### मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना अब कहलाएगी डॉ. आंबेडकर विकास योजना

कैबिनेट ने राज्य में पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित गतिविधियों में रोजगार के नवीन अवसर बढ़ाने, उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने से जीएसडीपी में वृद्धि और राष्ट्र की जीडीपी में योगदान बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना की निरंतरता (वर्ष 2024-25 तथा 2025-26) रखते हुए योजना का नाम डॉ. आंबेडकर पशुपालन विकास योजना रखे जाने को मंजूरी दी गई।

### अब जिला अस्पताल सरकारी नियंत्रण में ही रहेंगे

सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि अब जिला अस्पताल पहले की ही तरह रहेंगे। यानी पिछले निर्णय में जिला अस्पतालों को प्राइवेट डेवलपर्स को ट्रांसफर करने में बदलाव किया गया है। अब जिला अस्पताल वैसे ही सरकारी नियंत्रण में रहेंगे। पीपीपी मोड के तहत मेडिकल कॉलेज विकसित किए जाने से प्रदेश में 4150 सीटें और बढ़ जाएंगी। मुरैना में 600 सीटर मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर खुलेगा। इसी तरह भिंड, बालाघाट और गुना में 400-400 सीटें, कटनी में 350, धार, खरगोन, बैतूल, पन्ना, टीकमगढ़ और सीधी में 300-300 सीटर और अशोक नगर में 200 सीटर मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर खोले जा सकेंगे।

---

## भाजपा विधायक चिंतामणि का जवाब

# ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे पार्टी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे

▶▶ भाजपा ने कारण बताओ नोटिस दिया था

▶▶ नोटिस में लगाए गए आरोपों को किया अस्वीकार



विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

आलोट सीट से भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय ने अपनी ही पार्टी से मिले कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया है। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को लिखे पत्र में मालवीय ने सभी आरोपों को अस्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता हूं। मुझे मेरे दायित्व और कर्तव्यों का बोध है। मैंने किसी भी स्थान पर ऐसा कोई वक्तव्य या कृत्य नहीं किया है, जिससे पार्टी की प्रतिष्ठा को कोई आघात पहुंचा हो।

### उज्जैन में जमीन अधिग्रहण का मामला उठाया था

उज्जैन में साल 2028 में होने वाले सिंहस्थ के लिए जमीनों के अधिग्रहण के मामले पर विधायक मालवीय ने 18 मार्च को विधानसभा में मामला उठाया था। उज्जैन सिंहस्थ क्षेत्र में जमीनों की स्थायी अधिग्रहण का मुद्दा उठाने के बाद इस मामले में सरकार को अपने ही विधायक के कारण बैकफुट पर आना पड़ा था। मामले की जानकारी केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंची, इसके बाद प्रदेश नेतृत्व की ओर से चिंतामणि मालवीय को 23 मार्च को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। विधायक मालवीय ने 27 मार्च को ही प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को जवाब भेज दिया था।

## पश्चिम बंगाल: वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन



### मुर्शिदाबाद में हिंसा, वाहनों में लगाई आग

एजेंसी ▶▶कोलकाता

पश्चिम बंगाल में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के विरोध के बाद अब हिंसा भड़की है। मुर्शिदाबाद में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल वापस लेने की मांग को लेकर निकले जुलूस के दौरान हिंसा हुई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को मुर्शिदाबाद के जंगीपुर में लोग वक्फ कानून के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे।

■ पुलिस पर पथराव के बाद छोड़े गए आंसू गैस के गोले

### मालवीय का ममता बेनर्जी पर निशाना

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने लिखा पश्चिम बंगाल फिर से आग की लपटों में है। सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी है। इस बार मुर्शिदाबाद में मुस्लिम भीड़ वक्फ अधिनियम के विरोध में सड़कों पर उतर आई है। ममता बेनर्जी ने बंगाल के विशाल क्षेत्रों पर नियंत्रण खो दिया है, जो अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय बदलाव और अवैध घुसपैठ के कारण राज्य प्रशासन के लिए दुर्गम हो गए हैं।

---

## सीएसपी के ड्राइवर से रुपए लूटकर भाग रहे थे बदमाश

# पीछा किया तो कार की बोनट पर लटकाकर 1 किमी घसीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्वालियर

मध्यप्रदेश के ग्वालियर से बड़ा मामला सामने आया है। जहां सीएसपी के वाहन चालक हवलदार नरेंद्र कुमार से लूटपाट की घटना सामने आई है। 5 कार सवारों ने हवलदार से 10 हजार कैश और एटीएम कार्ड लूट लिए। जिनका पीछा करते हवलदार उनके कार के बोनट पर बैठ गया। बदमाशों के द्वारा 1 किलोमीटर तक कार दौड़ाई गई। दरअसल, हवलदार नरेंद्र पालिया एसडीओपी बेहट व

■ पुलिस ने नाकेबंदी करके दो को दबोचा 3 फरार



सीएसपी लश्कर मनीष यादव के वाहन पर बतौर चालक पदस्थ हैं। मंगलवार को वह छुट्टी पर थे तो वह चंद्रबदनी नाका में बन रहे अपने मकान पर ठेकेदार को पैसे देने जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास स्थित सेंट्रल बैंक से एटीएम से 10 हजार रुपए कैश निकाले।

## मुंबई एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई थी

# जयपुर-मुंबई फ्लाइट में बम की धमकी, टॉयलेट में मिली चिट्ठी

एजेंसी ▶▶जयपुर

जयपुर से मुंबई गई इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में बम होने की खबर से एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। फ्लाइट नंबर 6ई-5282 के बाथरूम में किसी ने एक लेटर रखा था जिसमें बम की बात लिखी थी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एंटी बम स्क्वॉड और पुलिस को सूचना दी और पूरी फ्लाइट को खंगाला गया। लेकिन, किसी भी तरह की कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। बम होने की खबर के बाद

■ धमकी देने वाले पर 1 करोड़ तक का जुर्माना



रात 8 बजकर 43 मिनट पर मुंबई एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई थी। फ्लाइट को सुरक्षित रात करीब 8 बजकर 50 मिनट पर लैंड कराया गया। और फिर सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत रिमोट बे में पार्क कर सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया।

---

## दो दिवसीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के पहले दिन सरकार पर जमकर बरसे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

# कम्यूनल डिवीजन के मुद्दों से भटकाव व ऑलिग्राफिक मॉनोपॉली से संसाधनों को नियंत्रित कर रहा है 'शासन'

### सरदार पटेल की 150 वीं जयंती देश भर में पूरे उल्लास से मनाएगी कांग्रेस

एजेंसी ▶▶अहमदाबाद

यहां दो दिवसीय कांग्रेस अधिवेशन की शुरुआत मंगलवार को हुई। पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक सरदार वल्लभभाई पटेल नेशनल मेमोरियल में आयोजित हुई, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी मौजूद रहे। खरगे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह साल महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी है। दिसंबर 1924 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मेरे गृह राज्य कर्नाटक के बेलगांव कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष बने थे।

### पटेल और नेहरु के संबंधों को लेकर करते हैं षड्यंत्र



कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाया जा रहा है। ये काम वो लोग कर रहे हैं जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी की लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है। खरगे ने कहा कि वे सरदार पटेल और पंडित नेहरु के संबंधों को ऐसा दिखाने का षड्यंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफ थे जबकि सच्चाई ये है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे।

### सरकार ने गांधीजी और बाबा साहेब का अपमान किया

*आरएसएस पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि जब संविधान बना तो आरएसएस ने गांधीजी, पंडित नेहरू,आंबेडकर और कांग्रेस की बहुत आलोचना की। रामलीला मैदान पर संविधान और इन नेताओं के पुतले जलाए। ये भी कहा कि संविधान में मनुवादी आदर्शों से प्रेरणा नहीं ली गई। मोदी सरकार ने संसद परिसर में गांधीजी और बाबा साहेब की भव्य मूर्ति को उठा कर एक कोने में डाल कर उनका अपमान किया। गृहमंत्री ने राज्य सभा में ये कह कर बाबा साहेब का मजाक उड़ाया कि आप लोग आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर कहते हैं, अगर इतना नाम भगवान का लेते तो 7 जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।*




## मुद्रा योजना ने बदलाव की मिसाल कायम की

# 33 लाख करोड़ रुपए से बदल गई करोड़ों की जिंदगी

### पीएम मोदी ने कहा- इस योजना ने 10 वर्षों में देश के गरीबों और छोटे उद्यमियों को सशक्त किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने बीते 10 वर्षों में देश के गरीबों और छोटे उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 52 करोड़ से ज्यादा ऋण दिए जा चुके हैं, जिनकी कुल राशि 33 लाख करोड़ रुपए है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना उनकी जमीनी स्तर की यात्राओं और अनुभव से उपजी, जब उन्होंने महसूस किया कि समाज के सबसे निचले तबके को 'बिना गारंटी फंडिंग' की काफी जरूरत है।

अब तक 52 करोड़ से ज्यादा के ऋण दिए जा चुके

समाज के सबसे निचले तबके को 'बिना गारंटी फंडिंग' की




### देश की वित्तीय व्यवस्था को बनाया लोकतांत्रिक

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुद्रा योजना ने भारत की वित्तीय व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाया और यह एक बड़ी सफलता है कि इस योजना के तहत सिर्फ 3.5प्रतिशत ऋण ही एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) बने हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इकोनॉमिक टाइम्स को दिया गया इंटरव्यू भी साझा किया जिसमें उन्होंने इस योजना की शक्ति और महत्व को बताया है।

### केंद्र सरकार ने वित्तीय व्यवस्था को जन-केंद्रित बनाया

उन्होंने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार ने वित्तीय व्यवस्था को जन-केंद्रित बनाने का फैसला किया। पहले 'बैंकिंग द अनबैंक्ड' के तहत जनधन योजना शुरू की गई, फिर 'फंडिंग द अनफंडेड' के रूप में मुद्रा योजना लाई गई, और फिर 'इंश्योरिंग द अनइंश्योर्ड' के लिए जन सुरक्षा योजनाएं शुरू की गईं। पीएम ने कहा कि यह पूरी सोच एक व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश के गरीब, महिला, किसान और वंचित वर्ग को मुख्यधारा में लाना और उनके सपनों को पूरा करने का अवसर देना है।

### विपक्ष की सोच को भी योजना ने नकार दिया

उन्होंने यह भी कहा कि जब यह योजना शुरू हुई तो कई विपक्षी नेताओं और विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि इतने बड़े स्तर पर छोटे ऋण देने से एनपीए बढ़ेगा। लेकिन नतीजे इसके उलट निकले और मात्र 3.5 प्रतिशत ऋण खराब हुए। मोदी ने कहा कि यह उस विश्वास का परिणाम है जो सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर दिखाया।



### आर्थिक गतिविधियां निचले स्तर से आगे बढ़ीं

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के कार्यकाल में बैंकिंग सेक्टर की स्थिति की तुलना करते हुए कहा कि तब 'फोन बैंकिंग' के जरिए केवल राजनीतिक संपर्क वालों को ही बड़े ऋण दिए जाते थे, जिससे बैंकों पर भारी दबाव पड़ा। इसके उलट, मुद्रा योजना ने बिना किसी संपर्क के, केवल योग्यता और मेहनत के आधार पर लोगों को मौका दिया, जिससे आर्थिक गतिविधियां निचले स्तर से आगे बढ़ीं।

### 8 अप्रैल, 2015 को शुरू हुई थी योजना

कमजोर लोगों को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने 8 अप्रैल, 2015 को बिना गारंटी ऋण प्रदान करने के लिए पीएमएमवाई का शुभारंभ किया था। मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं और 70 फीसदी से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।

---


## खबर संक्षेप

### अपूर्वा को एसिड अटैक और मौत की धमकियां



**मुंबई।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मखीजा' इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के बाद मंगलवारको अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया। उन्हें धमकी के सैकड़ों कमेंट, संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। इसमें एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।

### लोगों ने प्रसाद नहीं लिया तो दुकानदारों ने पीटा



**लखनऊ।** चंद्रिका देवी मंदिर के पास प्रसाद बेचने वाले दुकानदारों की गुंडई सामने आई है। दुकानदारों ने एकजुट होकर श्रद्धालुओं को दौड़ाकर पीटा। श्रद्धालुओं ने एक दुकानदार से प्रसाद लेने से मना कर दिया था। हमले में 2 महिला श्रद्धालुओं को भी चोट आई है। पुलिस ने 11 नामजद और 4 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। 5 को अरेस्ट किया है।

### अयोध्या कैंट सुपरफास्ट में बम की सूचना, हड़कंप



**प्रयागराज।** अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में बम मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। ट्रेन को प्रयागराज के जंघई रेलवे स्टेशन पर रोका गया। जंघई जंक्शन पर ट्रेन को चेक किया गया। प्रयागराज से बम निरोधक दस्ता को बुलाया। 2 घंटे तक ट्रेन खड़ी है। किसी ने जीआरपी को सूचना दी कि एक महिला बम लेकर चल रही है।

### पूर्व क्रिकेटर केदार भाजपा में शामिल



**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव क्रिकेट के बाद राजनीति में अपनी पारी शुरू करने वाले हैं। मंगलवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में केदार भाजपा में शामिल हो गए। महाराष्ट्र के मंत्री और राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। बावनकुले ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसके साथ ही उन्हें बधाई भी दी है।

---

## तमिलनाडु मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों को दी नसीहत

राज्यपाल रवि और सीएम स्टालिन में तनातनी

# विधानसभा का गला न दबाएं, किसी भी बिल को अनंत काल तक न रोकें

### भले ही संविधान में समयसीमा का जिक्र न हो, लेकिन राज्यपाल बिल नहीं लटका सकते





### ये भी कहा- राज्यपाल के पास ऐसा कोई 'बड़ा पावर' प्राप्त नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के राज्यपाल टीएन रवि और सीएम एमके स्टालिन के बीच मतभेद की खबरें जगजाहिर हैं। राज्यपाल ने पिछले दिनों विधानसभा की ओर से मंजूर 10 विधेयकों को रोक लिया था। उन पर कोई फैसला नहीं लिया गया था, जबकि उन्हें एक बार लौटाने के बाद फिर से पारित करके भेजा गया था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो अदालत ने गवर्नर टीएन रवि को नसीहत दी और कहा कि आपके पास ऐसी कोई वीटो पावर नहीं है कि बिल को रोके रखें। यही नहीं अदालत ने कहा कि भले ही संविधान में समयसीमा का जिक्र नहीं है, लेकिन राज्यपाल अनंतकाल के लिए विधेयकों को अटका कर नहीं रख सकते। यही नहीं अदालत ने लोकतंत्र और विधायकों को जनता द्वारा चुने जाने की भी दुहाई दी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि आजकल ऐसे मामले बढ़ रहे हैं, जब गवर्नर बिलों को रोक लेते हैं। ऐसा करना गलत है और यह विधानसभा का गला दबाने जैसा है।

### 'वीटो' की अवधारणा नहीं अपना सकते



संविधान का अनुच्छेद 200 विधेयकों को स्वीकृति से संबंधित है। पीठ ने कहा कि राज्यपाल सहमति को रोक नहीं सकते और 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। उसने कहा कि राज्यपाल एक ही रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होते हैं- विधेयकों को स्वीकृति देना, स्वीकृति रोकना और राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखना। पीठ ने कहा, वे विधेयक को दूसरी बार राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद उसे राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे जाने के पक्ष में नहीं है। पीठ ने यह भी कहा कि राज्यपाल को दूसरी बार उनके समक्ष प्रस्तुत किए गए विधेयकों को मंजूरी देनी चाहिए, अपवाद केवल तब रहेगा जब दूसरे चरण में भेजा गया विधेयक अलग है।

### राष्ट्रपति की मंजूरी को बिल को सुरक्षित रखना अवैध

सुप्रीम कोर्ट ने माना कि तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए 10 विधेयकों को सुरक्षित रखना कानूनन अवैध और त्रुटिपूर्ण है और रद्द किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को राज्य विधानमंडल की सहायता और सलाह से काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार द्वारा विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर मंजूरी न देने के लिए राज्य के राज्यपाल आरएन रवि के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुना रहा था।

### बाधा नहीं बनें
### शीर्ष कोर्ट ने ये भी टिप्पणियां कीं

- राज्यपालों को यह विचार करना चाहिए कि वे किसी विधेयक के रास्ते में बाधा न बनें। ऐसा करना विधानसभा का गला दबाने जैसा होगा। राजनीतिक कारणों से विधानसभा से पारित विधेयकों को रोके रखना ठीक नहीं है। विधानसभा के सदस्यों को जनता के द्वारा चुना जाता है। लोकतंत्र की प्रक्रिया के तहत चुनाव होता है और जनता की अभिव्यक्ति के माध्यम से कोई विधायक बनता है। वे जनता के हितों की पूर्ति के लिए प्राथमिक तौर पर जिम्मेदार होते हैं।
- राज्यपालों को संसदीय लोकतंत्र के अनुसार काम करना चाहिए। उन्हें जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और चुने हुए प्रतिनिधियों की ओर से पारित विधेयकों को अनंतकाल के लिए नहीं रोकना चाहिए।
- अदालत ने कहा कि राज्यपालों को राज्य सरकार के साथ मित्रवत व्यवहार करना चाहिए। उन्हें एक दार्शनिक की तरह गाइड करना चाहिए और अपनी कोई राजनीतिक मंशा निर्णय में नहीं थोपनी चाहिए। राज्यपाल की शपथ भी यही होती है।
- मतभेदों और संघर्ष के इस दौर में राज्यपाल को समन्वय स्थापित करना चाहिए। उन्हें कोशिश करनी चाहिए कि राज्य का कामकाज अच्छे से चले। उन्हें अपने विवेक से वे फैसले लेने चाहिए, जिससे राज्य का हित हो। यथास्थिति बनाए रखना या फिर किसी चीज को रोकना उनका काम नहीं है। वह एक सहयोगी हो सकते हैं, लेकिन अवरोधक नहीं।

---

## स्पेशल कोर्ट ने सजा का किया ऐलान

# 8 ब्लास्ट, 71 मौतें और अब 4 आतंकियों को दी उम्रकैद



एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान की राजधानी 17 साल पहले सीरियल बम धमाकों से दहल गई थी। अब मामले में दोषी पाए जाने वाले चार आतंकवादियों को मंगलवार को स्पेशल कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। इससे पहले शुक्रवार को कोर्ट ने चारों आतंकियों सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को मामले में दोषी ठहराया था। कोर्ट के फैसले पर पीड़ितों की प्रतिक्रिया भी सामने आई। जयपुर बम ब्लास्ट की घटना साल 2008, 13 मई को हुई। जब लगातार 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे, 9वां बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था। बम फटने के 15 मिनट पहले इसे डिफ्यूज कर दिया गया था।

### जीवनकाल तक जेल में रहना होगा

इन धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 185 घायल हुए थे। पूरे देश में घटना से हाहाकार मच गया था। मामले में 17 साल बाद फैसला आया है। मंगलवार को सजा पर बहस के दौरान सरकारी वकील स्पेशल पीपी सागर तिवाड़ी ने दोषियों को शेष जीवनकाल तक जेल में रखने की सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों का कृत्य गंभीरतम अपराध है। इनके साथ किसी भी सूरत में नरमी नहीं बरती जा सकती।

### आरोपियों ने सजा कम करने की मांग की

आरोपियों के वकील मिन्हाजुल हक ने कहा कि दोषी 15 साल से जेल की सजा भुगत रहे हैं। अन्य 8 मामलों में हाईकोर्ट इन्हें बरी कर चुका है। ऐसे में उन्हें कम सजा दी जाए। उनके वकील ने कोर्ट के फैसले के बाद कहा कि फैसले की कॉपी नहीं आई है। आधा घंटा का समय बाकी है, कोर्ट ने सभी गवाहों के बयान को कंसिडर करके अपना मत व्यक्त किया है। आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उसके आधार पर हाईकोर्ट में अपील की जाएगी। 600 पेज का फैसला है, उसे पढ़ने के बाद बता पाएंगे।

---

## भाजपा नेता के घर में ब्लास्ट

# यहां पाक कनेक्शन आ रहा सामने, लॉरेंस का भी नाम

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मनोरंजन कालिया के जालंधर वाले घर पर सोमवार देर रात बड़ा धमाका हुआ। इस विस्फोट में कालिया के घर की खिड़कियों के शीशे टूट गए और एल्युमीनियम की दीवार (पार्टिशन), आंगन में खड़ी उनकी एसयूवी और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि पुलिस ने बताया है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। वहीं 2लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। अब इस हमले के तार आईएसआई से जुड़ते दिख रहे हैं। पंजाब पुलिस के सूत्रों ने दावा किया है कि हमले के पीछे



पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। वहीं लॉरेंस बिश्नोई गैंग के जरिए इस हमले को अंजाम दिया गया है। पुलिस का कहना है कि 12 घंटे में इस केस को सुलझाया गया है। दरवाजे, खिड़कियां, कार और बाइक को नुकसान पहुंचा है। अब इसकी पड़ताल की जा रही है।

## कांग्रेस नेता जूली के मंदिर जाने पर

# गंगाजल से किया 'शुद्धिकरण' तो आहूजा भाजपा से निलंबित

एजेंसी ▶▶ अलवर

कांग्रेस नेता टिकाराम जूली के एक मंदिर में जाने के बाद वहां गंगाजल से 'शुद्धिकरण' करने पर भाजपा ने अपने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। यह मंदिर अलवर जिले में है।

इस घटना के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर दलित विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से माफी की मांग की थी। जिसके बाद पार्टी आलाकमान ने आहूजा पर कार्रवाई की है। जूली एक दलित नेता हैं और उन्होंने राम मंदिर में एक पूजा समारोह में हिस्सा लिया था।



उनके वहां जाने के बाद आहूजा ने गंगाजल छिड़ककर 'शुद्धिकरण' किया। इस घटना के बाद से कांग्रेस ने आहूजा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री दमोदर अग्रवाल ने मंगलवार को आहूजा को कारण बताओ नोटिस जारी किया और 3 दिन के भीतर जवाब देने को कहा।

## टीएमसी का अंदरूनी घमासान खुलकर सामने आया

# आपस में ही भिड़ गए टीएमसी के 2 सांसद, ममता का 'सिरदर्द' बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस में अंदरूनी घमासान खुलकर सामने आया है। कल्याण बेनर्जी का एक वीडियो सामने आया है। ये वीडियो उस वक्त का है, जब टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग के दफ्तर गया था। इस दौरान कल्याण पार्टी की एक सांसद पर बुरी तरह भड़के हुए थे। अब ये ममता बेनर्जी के लिए सिरदर्द बन गया है। उन्होंने सांसदों को शांत रहने को कहा है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने व्हाट्सएप ग्रुप के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए हैं। दावा है कि ये ग्रुप टीएमसी सांसदों का है और इसमें कल्याण किसी इंटरनेशनल लेडी का जिक्र करते हुए कीर्ति आजाद पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं।

### मालवीय ने एक्स पर किया ये दावा

मालवीय ने एक्स पर लिखा कि टीएमसी ने अपने सांसदों को संसद भवन में इकट्ठा होकर ज्ञापन पर साइन करने का निर्देश दिया था। वहां से उन्हें चुनाव आयोग जाना था लेकिन जिस सांसद के पास ज्ञापन था, वो संसद भवन नहीं गए और चुनाव आयोग के ऑफिस चले गए। इससे दूसरे सांसद नाराज हो गए। दोनों के बीच जोर-जोर से बहस हुई। अंत में पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा।





### कल्याण ने दी सफाई, कोई समस्या नहीं

इससे तूफान मचा है। कल्याण ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और अपना पक्ष सामने रखा। उन्होंने कहा कि आज एक वीडियो लीक हुआ है। ठीक है, मुझे कोई समस्या नहीं है। एक महिला सांसद ने मुझ पर आरोप लगाया कि उसका नाम सूची में क्यों नहीं है। फिर वो चिल्लाने लगीं और उन्हें मुझे गिरफ्तार करने के लिए कहा।

---

## महाराष्ट्र में बरस रही आग, भारी गर्मी का आगाज

अप्रैल में मई जैसा हाल

# अकोला में पारा पहुंचा 44 के पार मौसम विभाग ने लोगों को चेताया

एजेंसी ▶▶ अकोला

महाराष्ट्र के कई जिलों में आग बरस रही है। नागपुर सहित पुरे विदर्भ में गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही विदर्भ के अधिकांश जिलों का पारा 42 डिग्री पार कर चुका है। नागपुर समेत विदर्भ भर में मौसम का मिजाज बदल गया है।

अप्रैल की शुरुआत से ही भीषण गर्मी का दौर जारी है। इस मौसम में पहली बार पारा 42 डिग्री के स्तर को पार कर गया है। अप्रैल के अंत और मई महीने में गर्मी के रिकॉर्ड टूटने कि अटकलें लगाई जाने लगी हैं।



### सबसे गर्म रहा अकोला जिला

नागपुर का तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा है। 44.2 डिग्री के साथ अकोला सबसे ज्यादा गर्म रहा है। खास बात यह है कि अप्रैल के आखिरी में इतनी गर्मी देखने को मिलती है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा तापमान अकोला जिला में दर्ज किया गया है। अकोला जिले में तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि आगामी 48 घंटे में तापमान में बढ़ोतरी देखी जाएगी। मौसम विभाग ने आने वाले समय में लू की आशंका जताई है।

## ममता सरकार को राहत, हाईकोर्ट का आदेश खारिज किया

# एक्स्ट्रा टीचर पदों की सीबीआई जांच नहीं की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती प्रक्रिया में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए 6,861 अतिरिक्त पद सृजित करने के फैसले की सीबीआई जांच का आदेश दिया गया था।



### 6,861 अतिरिक्त पद सृजित करने का मामला




### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को 'गलत' भी बताया

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि अदालतों को कैबिनेट की ओर से लिए गए फैसलों की जांच का निर्देश देने से रोक है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को 'गलत' भी बताया। हालांकि, सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की बेंच ने स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित अन्य पहलुओं की जांच जारी रहेगी।

### अतिरिक्त पदों के सृजन के मुद्दे की जांच न्यायसंगत नहीं

सीजेआई की बेंच ने कहा कि उपरोक्त चर्चा के संबंध में हमारा मानना है कि कैबिनेट के फैसले के बाद अतिरिक्त पदों के सृजन के मुद्दे को सीबीआई को सौंपने में कलकत्ता हाईकोर्ट न्यायसंगत नहीं था। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ममता बेनर्जी और उनके मंत्रिमंडल के लिए थोड़ी राहतदेना, जो सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों से 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को बर्खास्त होने के बाद से निशाने पर थे।

## शिक्षक भर्ती घोटाला

### राहुल ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र और इसमें दखल की मांग की

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वे बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों से जुड़े मामले में दखल दें तथा सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करें कि निष्पक्ष तरीकों से चुने गए उम्मीदवारों को सेवा जारी रखने की अनुमति मिले। मैं बंगाल में उन हजारों योग्य स्कूली शिक्षकों के मामले में आपके हस्तक्षेप का अनुरोध करने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं, जिन्होंने न्यायपालिका द्वारा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के कारण अपनी नौकरी खो दी है।



**जबलपुर**
बुधवार, 9 अप्रैल 2025
- चैत मास शुक्ल पक्ष-12
- वर्ष : 19, अंक : 333
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 41
न्यून. 22

कोलंबो में 27 अप्रैल से त्रिकोणीय सीरीज

## मंडला की बेटी शुचि उपाध्याय भारतीय क्रिकेट टीम में खेलेगी



**भोपाल।** मंडला की लेफ्ट आर्म स्पिनर शुचि उपाध्याय भारतीय क्रिकेट टीम में खेलेंगी। बीसीसीआई ने उनका चयन किया है। शुचि श्रीलंका में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज का हिस्सा बनेंगी। 24 वर्षीय शुचि का सपना अब भारत के लिए शानदार प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 की धारा 23ए (1) में दी गई शक्तियों के तहत

# 1 मई से एक राज्य में सिर्फ 1 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक होगा
# वित्त मंत्रालय ने 15 आरआरबी के मर्जर को दी मंजूरी

◆ ये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सार्वजनिक हित में और इन संस्थाओं द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले क्षेत्र के विकास के हित में एक यूनिट में विलय हो जाएंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आगामी 1 मई से देश के हर राज्य में सिर्फ एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) होंगे। दरअसल, वित्त मंत्रालय ने बेहतर परिचालन दक्षता और लागत युक्तिकरण हासिल करने के लिए 11 राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय (मर्जर) के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस मर्जर के बाद देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की संख्या मौजूदा 43 से संख्या घटकर 28 हो जाएगी।

इस मर्जर के बाद देश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) की संख्या मौजूदा 43 से संख्या घटकर 28 हो जाएगी



**इस तरह बनाया जाएगा बैंक**

जैसे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, इंडियन बैंक और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक, आंध्र प्रगति ग्रामीण बैंक, सप्तगिरि ग्रामीण बैंक और आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक को मिलाकर एक एकल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बनाया गया, जिसे आंध्र प्रदेश ग्रामीण बैंक कहा जाता है।

◆ **मध्यप्रदेश में भी होगा बैंकों का विलय**

गजेटेड नोटिफिकेशन के मुताबिक, 11 राज्यों- आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को क्रमशः एक यूनिट में विलय किया जाना है, ताकि इनमें से हर 'एक राज्य-एक आरआरबी' के लक्ष्य को साकार कर सके। 5 अप्रैल, 2026 की राजपत्र अधिसूचना के मुताबिक, विलय की प्रभावी तिथि 1 मई तय की गई है।

**खबर संक्षेप**

### यूजीसी चेयरमैन के पद से रिटायर्ड हुए जगदीश



**नई दिल्ली।** तीन साल के लंबे कार्यकाल के बाद यूजीसी चेयरमैन प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार सोमवार को अपने पद से रिटायर्ड हो गए। उन्होंने फरवरी 2022 में यूजीसी चेयरमैन का पद संभाला था। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट दोनों ही कोर्सेस में एडमिशन के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की शुरुआत की।

### बदले जाएंगे सिम कार्ड सरकार कर रही तैयारी!



**नई दिल्ली।** मौजूदा सभी पुराने सिम कार्ड बदलने वाले हैं। भारत सरकार पुराने सिम कार्ड को रिप्लेस करने की तैयारी कर रही है। यह कदम देश की प्रमुख साइबर सुरक्षा एजेंसी द्वारा की गई एक जांच के बाद सामने आया है, जिसमें यह खुलासा हुआ कि कुछ सिम कार्ड्स में प्रयुक्त चिपसेट्स चीन से आए थे।

### पीएम मोदी मनुष्य नहीं अवतार हैंः कंगना



**मंडी।** हिमाचल के मंडी से भाजपा सांसद एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी साधारण मानव नहीं अवतार हैं। 2014 तक वह वोट देने भी नहीं जाती थीं। नेताओं से नफरत सी हो गई थी, लेकिन अब अच्छा खासा काम छोड़कर राजनीति में आ गई हैं। क्योंकि अब हमारे पास नरेंद्र मोदी के रूप में अच्छे नेता हैं।

### चीतों को पानी पिलाने वाला नौकरी पर लौटेगा



**श्योपुर।** चीतो को पानी पिलाने पर नौकरी से हटाए गए वन विभाग का वाहन चलाने वाले ड्राइवर सत्यनारायण के समर्थन में गुर्जर महासभा के आ जाने के बाद कूनो प्रशासन बैंक फुट पर दिखाई पड़ा। मंगलवार को गुर्जर महासभा के प्रस्तावित आंदोलन को देखते हुए कूनो प्रशासन ने ड्राइवर को काम पर वापस लेने का ऐलान कर दिया, जिसके बाद समाज ने आंदोलन स्थगित कर दिया है।

**योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर मनाया गया जश्न**

**पीएम मोदी** ने मुद्रा योजना के लाभार्थियों से की बात, बोले- सपने हकीकत में बदल गए

अप्रैल में 2015 में लांच हुई थी यह स्कीम

# भोपाल के लवकुश बोले- 5 लाख का लोन लिया, आज टर्नओवर 50 लाख

*पीएम ने कहा कि महिलाओं ने सबसे अधिक ऋण के लिए आवेदन किया है, सबसे अधिक ऋण प्राप्त किए हैं और उन्हें चुकाने में भी सबसे तेज हैं। यह मुद्रा योजना किसी भी सरकार के लिए आंख खोलने वाली है।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया और देश भर से मुद्रा लाभार्थियों को अपने आवास पर आमंत्रित किया। इस संबंध में एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि लाभार्थियों ने उनके साथ कुछ रोचक जानकारियां साझा की कि किस प्रकार इस योजना ने उनके जीवन में बदलाव ला दिया है। भोपाल के एक लाभार्थी लवकुश मेहरा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने 2021 में अपना व्यवसाय शुरू किया और आज वे 50 लाख रुपए कमा रहे हैं। मेहरा ने कहा कि पहले मैं किसी के लिए काम करता था, लेकिन आपने मुद्रा लोन के जरिए हमारी गारंटी ली और आज हम खुद मालिक बन गए हैं। मैंने 2021 में अपना व्यवसाय शुरू किया और मैंने बैंक से संपर्क किया, उन्होंने मुझे 5 लाख की ऋण सीमा दी।



लवकुश

**देश की जनता को बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपए दिए गए**



अगर आप सभी अमीरों का जोड़ भी दें तो भी उन्हें 33 लाख रुपए नहीं मिले होंगे

**प्रधानमंत्री ने कहा-** मुद्रा योजना में सबसे अधिक महिलाओं ने ऋण प्राप्त किए

देश की जनता को बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। आप अखबार में पढ़ते हैं कि यह अमीरों की सरकार है। अगर आप सभी अमीरों का जोड़ भी दें तो भी उन्हें 33 लाख रुपए नहीं मिले होंगे। मुद्रा योजना में सबसे अधिक संख्या में महिलाएं आगे आई हैं। महिलाओं ने सबसे अधिक ऋण के लिए आवेदन किया है, सबसे अधिक ऋण प्राप्त किए हैं।

◆ **मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- यह विशेष रूप से उत्साहजनक है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं, और 70% से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।

**केरल के उद्यमी ने बताया**

**किस प्रकार मुद्रा योजना से उन्हें लाभ मिला**


*केरल के एक उद्यमी, जो संयुक्त अरब अमीरात में काम कर रहे थे, ने बताया कि किस प्रकार मुद्रा योजना से उन्हें लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इससे वे एक सफल उद्यमी बन गए हैं। केरल के मूल निवासी ने यह भी माना कि इस योजना से उनके व्यवसाय को बढ़ावा मिला है, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इससे रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। यूपी के रायबरेली के एक लाभार्थी ने कहा कि हम आपसे वादा करते हैं कि हम मिलकर भारत को एक विकसित भारत बनाएंगे। अब हमें सरकार से लाइसेंस लेने में कोई परेशानी नहीं है। मैं एक बेकरी चलाता हूं। मेरा मासिक टर्नओवर 2.5 से 3 लाख है और हमारे पास 7 से 8 लोगों का स्टाफ है।*

**साइबर ठगों** का 'गजब' कारनामा

## आयुष विभाग की फर्जी वेबसाइट बनाई निकाली 2900 वैकेंसी, 500 रु. फीस

» *विज्ञापन के साथ ही बाकायदा वेबसाइट का लिंक भी दिया गया*

» *मामला संज्ञान में आते ही सरकार की ओर से खंडन जारी किया*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में जालसाज ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ठगों ने न केवल सरकार के आयुष विभाग की फर्जी वेबसाइट बनाई, बल्कि बाकायदा नौकरियां भी निकाल दीं। मामला संज्ञान में आते ही दो दिन पहले सरकार की ओर से इसका खंडन जारी किया।

दरअसल, करीब एक महीने पहले 'ई औषधि मप्र' नाम से एक फेसबुक पेज पर आयुष विभाग में 2972 पदों पर वैकेंसी का विज्ञापन दिया गया। विज्ञापन के साथ ही बाकायदा वेबसाइट का लिंक भी दिया गया। विज्ञापन में आवेदन शुरू करने के तारीख 7 मार्च 2025 तो वहीं आवेदन समाप्त होने की तारीख 6 अप्रैल 2025 दी गई। जालसाज इतने शातिर थे कि उन्होंने विज्ञापन के साथ ही पदों की संख्या (2972) भी लिखी, जिसमें स्टोर मैनेजर (528 पद) सहायक स्टोर मैनेजर (988 पद) और डेटा एंट्री ऑपरेटर (1456 पद) के पद शामिल थे।

**ई-औषधि मध्यप्रदेश पूर्णतः भ्रामक और तथ्यहीन**

6 अप्रैल को बाकायदा सरकार की तरफ से इस तरह के किसी बह विज्ञापन का खंडन जारी करते हुए बयान आया कि सोशल मीडिया पर वायरल ई औषधि मध्यप्रदेश संबंधित नियुक्ति पूर्णतः भ्रामक और तथ्यहीन है। संबंधित वेबसाइट मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट नहीं है और विभाग की ओर से यह भर्ती नहीं निकाली गई है।

मुलताई में किराए के मकान में रहता है

## मजदूर को 314 करोड़ रु. का इनकम टैक्स नोटिस



■ चंद्रशेखर ने जताया बैंक के प्रबंधन पर शक

**बैतूल।** मुलताई तहसील में चंद्रशेखर कोहाड़ नाम के एक शख्स को महाराष्ट्र आयकर विभाग से 314 करोड़ 79 लाख 87 हजार 883 रुपए का आयकर नोटिस मिला। इसके बाद पूरे जिले में खलबली मच गई। एक हफ्ते तक तो नगर पालिका से लेकर प्रशासन तक इस नाम के शख्स को मुलताई में ढूंढता रहा, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। सोमवार की शाम जब चंद्रशेखर कोहाड़ मुलताई में ही मिला तो प्रशासन उसकी हालत देखकर दंग रह गया। अरबों का आयकर नोटिस पाने वाला शख्स चंद्रशेखर एक मजदूर निकला, उसे खुद ही नहीं मालूम था कि उसके पास ये नोटिस क्यों आया।नागपुर के रहने वाले चंद्रशेखर कोहाड़ बैतूल की मुलताई तहसील में किराए के मकान में रहता है।

कैब ड्राइवर पर मारपीट का आरोप

## वक्फ बिल का समर्थन करने पर पूर्व कर्नल के साथ मारपीट



■ पूर्व कर्नल हुए घायल, दो गिरफ्तार

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर के जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी व रिटायर्ड कर्नल की कैब ड्राइवर द्वारा साथियों के साथ मिलकर पिटाई का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कैब ड्राइवर द्वारा साथियों के साथ मिलकर इसलिए पिटाई की गई, क्योंकि उसकी पूर्व कर्नल से वक्फ बिल को लेकर बहस हो गई थी। फिलहाल पुलिस ने वक्फ बिल पर बहस के चलते पिटाई करने से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। क्योंकि घटना को लेकर दो वीडियो वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में पूर्व कर्नल शराब के नशे में हैं। पुलिस ने बताया कि पूर्व कर्नल की तरफ से दी गई शिकायत में दावा किया गया है कि कैब ड्राइवर मुस्लिम समुदाय का था।

झांसा देकर बुलाया था

## फार्महाउस में बंधक बनाकर दो महिला डांसर से गैंगरेप



■ एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी

**सिंगरौली।** जिले में दो ऑर्केस्ट्रा डांसर के साथ बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपियों ने दोनों डांसरों को छठी कार्यक्रम के बहाने कंचनी में बुलाया था। इसके बाद सुनसान फार्म हाउस में ले जाकर दोनों आरोपियों ने पीड़िताओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना रविवार रात 11 बजे बैढ़न थाना क्षेत्र के कटनी इलाके में हुई है। पुलिस ने एक आरोपी को छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है। पीड़िता ने बताया कि रविवार दोपहर को एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने शादी पार्टी में ऑर्केस्ट्रा परफॉर्मेंस के बारे में पूछा। छठी कार्यक्रम का झांसा देकर दोनों डांसरों को विंध्यनगर बुलाया गया।




**पद्मश्री से सम्मानित कलाकार राम सहाय पांडे अब इस दुनिया में नहीं रहे**

भारत सरकार ने उन्हें 2022 में पद्मश्री सम्मान से नवाजा, यह भारत का चौथा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान

# समाज की बंदिशों को तोड़कर राई नृत्य को गांव के आंगन से उठाकर विश्व पटल तक पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश के लोक कला जगत के एक चमकते सितारे, राई नृत्य को मंचों और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने वाले पद्मश्री सम्मानित कलाकार राम सहाय पांडे अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनका जीवन एक ऐसे कलाकार की प्रेरणादायक कहानी है, जिसने समाज की बंदिशों को चुनौती दी और एक लोक नृत्य को गांव के आंगन से उठाकर विश्व पटल तक पहुंचाया। 92 वर्ष की उम्र में, उन्होंने मंगलवार सुबह सागर जिले के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। लंबे समय से बीमार चल रहे इस महान कलाकार के निधन से लोक कला प्रेमियों के बीच शोक की लहर दौड़ गई है। राम सहाय पांडे न सिर्फ एक कलाकार थे, बल्कि एक आंदोलन बन चुके थे, जिन्होंने राई नृत्य को नई पहचान दिलाई। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि जुनून और समर्पण से कोई भी कला दुनिया भर में सराही जा सकती है।

**मुख्यमंत्री** डॉ. यादव ने जताया शोक

**उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी कला के क्षेत्र को अपनाया**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राम सहाय पांडे के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पांडे जी ने कठिन परिस्थितियों में भी कला के क्षेत्र को अपनाया और कई उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने राई नृत्य को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया। राम सहाय पांडे अपने पीछे पत्नी और एक बेटे को छोड़ गए हैं। उनके निधन से लोक कला जगत में शोक की लहर है।



◆ **18 देशों में 100 से ज्यादा प्रस्तुतियां दी**

बुंदेलखंड क्षेत्र के रहने वाले राम सहाय पांडे ने करीब 60 सालों तक राई लोक नृत्य को लोकप्रिय बनाया। उन्होंने इस पारंपरिक नृत्य को मृदंग की ताल के साथ मिलाकर नई पहचान दी। राई नृत्य आमतौर पर बेड़िया समुदाय से जुड़ा रहा है(

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार के लिए हुआ औचक निरीक्षण, 35 कार्यों का किया गया मूल्यांकन

# सड़कों के औचक निरीक्षण में गड़बड़ी पर दो निर्माण एजेंसी ब्लैक लिस्टिड, तीन इंजीनियरों को मिला नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल




मप्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नई पहल शुरू की गई है। इस पहल में हर माह दो बार सॉफ्टवेयर से रैंडमली चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में 5 अप्रैल 2025 को प्रदेश के 7 जिलों हरदा, बालाघाट, अशोकनगर, अलीराजपुर, सीधी, उज्जैन एवं टीकमगढ़ में निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अभियान के तहत कुल 35 निर्माण कार्यों का चयन रैंडम आधार पर किया गया, जिनमें 14 कार्य पीडब्ल्यूडी (सड़क, पुल), 13 कार्य पीआईयू, 6 कार्य मप्र सड़क विकास निगम, एक कार्य मप्र भवन विकास निगम एवं एक कार्य पीडब्ल्यूडी (एनएच) से संबंधित थे। निरीक्षण के बाद प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में की गई, प्रबंध संचालक सड़क विकास निगम भरत यादव, प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता एसआर बघेल, सभी मुख्य अभियंता एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे।

### टीकमगढ़ जिले के दिगोड़ा-मोहनगढ़ मार्ग की गुणवत्ता की सराहना

समीक्षा में टीकमगढ़ जिले के दिगोड़ा-मोहनगढ़ मार्ग की गुणवत्ता को लेकर निरीक्षणकर्ताओं ने सराहना की। परफॉर्मेंस गारंटी की अवधि समाप्त होने के दो वर्ष बाद भी मार्ग की स्थिति उत्कृष्ट पाई गई। इसके लिए निर्माण कार्य के दौरान पदस्थ अनिल श्रीवास्तव एवं पीके जोशी की विशेष प्रशंसा की गई। समीक्षा बैठक में एमडी एमपीआरडीसी भरत यादव ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं विधानसभा के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने एवं ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संपादन करने के लिये भी निर्देश जारी किए गए हैं।

### अवनी कंस्ट्रक्शन व श्री मोहनी कंस्ट्रक्शन ब्लैक लिस्टेड, ईई व एई को थमाया नोटिस

बालाघाट के पीनडकेपर-खुशीपार-फोगलटोला मार्ग पर गुणवत्ता में कमी पाई गई, जिसमें कस्ट की मोटाई कम तथा सीसी कार्य में जॉइंट कटिंग समय पर नहीं की गई। इस लापरवाही के लिए निर्माण एजेंसी 'श्री मोहनी कंस्ट्रक्शन' को ब्लैक लिस्ट में डालने एवं संबंधित कार्यपालन यंत्री, एसडीओ व उपयंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसीप्रकार अशोकनगर जिले के बररी-नलखेड़ा मार्ग के निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता को देखते हुए निर्माण एजेंसी 'अवनी कंस्ट्रक्शन' को भी ब्लैक लिस्ट में दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं।

तीन श्रेणियों में अस्पतालों को सब्सिडी प्रदान कर किया जाएगा लाभान्वित: मुख्यमंत्री

# जबलपुर सहित बड़े नगरों के निजी अस्पतालों को भी प्रदेश में मेडिकल पर्यटन प्रमोट करने करेंगे प्रोत्साहित

- मातृ-शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं अनमोल 2.0 का सीएम ने किया शुभारंभ
- कहा- बेहतर स्वास्थ्य के लिए संचालित होंगे अनेक प्रकल्प

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाया जाएगा। इस दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। सरकार के साथ समाज को भी स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय करना है। शासकीय, अशासकीय और अर्द्धशासकीय स्तर पर नागरिकों के स्वास्थ्य रक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रदेश में अनेक प्रकल्प संचालित किए जाएंगे। डॉ. यादव सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक होटल में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मातृ-शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज एवं अनमोल 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया।

### बेहतर सुविधाओं के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर इस अभिनव कार्यक्रम की रचना के लिए स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए व्यवस्थाएं बेहतर बनाई जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अनमोल 2.0 पोर्टल प्रारंभ करने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा दो मंत्रालय विभाग होते थे, जिन्हें एकीकृत कर आम जनता के हित को सुनिश्चित किया गया है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या निरंतर बढ़ रही है। साल दर साल नए मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। डॉ यादव ने कहा कि पीपीपी मॉडल अपनाकर अस्पतालों के संचालन में सुधार करने की पहल की गई है। इस दिशा में अनुकूल वातावरण भी तैयार हुआ है।

### आईएमआर-एमएमआर में सुधार चुनौती

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार हर नागरिक तक उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित यह कार्यक्रम सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आईएमआर और एमएमआर में सुधार प्रदेश स्वास्थ्य क्षेत्र की महत्वपूर्ण चुनौती है। पूर्व में भी प्रयास हुए हैं। विगत 20 वर्षों में एमएमआर 400 से 173 हो गई है। आईएमआर 80 से 43 हो गई है। एनएमआर 60 से घटकर 31 हुई है। इन सभी प्रयासों से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, परंतु लक्ष्य अभी दूर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशानुरूप सतत विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मध्यप्रदेश पुरजोर प्रयास कर रहा है। वर्ष 2030 तक एमएमआर को 100 से कम करने और आईएमआर को 20 से कम करने के योजनाबद्ध प्रयास करेंगे। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प में स्वास्थ्य महत्वपूर्ण आयाम है।

### प्रदेश में मेडिकल पर्यटन की काफी संभावना



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा प्रदेश में मेडिकल पर्यटन की काफी संभावना है। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए प्रयास बढ़ाए जाएंगे । प्रदेश में जो रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुई हैं, उसमें सेवा क्षेत्र को भी जोड़ा गया है। प्रारंभ में प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर जैसे बड़े नगरों में निजी क्षेत्र में अस्पतालों को भी प्रमोट करेंगे। तीन श्रेणियों में अस्पतालों को सब्सिडी प्रदान कर लाभान्वित किया जाएगा। इससे अस्पतालों के संचालन में सहयोग मिलेगा। डॉ यादव ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को विमान और हेलीकॉप्टर सेवा निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। एलोपैथी चिकित्सा के साथ ही आयुष, प्राकृतिक चिकित्सा और अन्य चिकित्सा पद्धतियों को भी समग्र दृष्टि से देखते हुए इन सभी पद्धतियों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### सीएम ने किया ग्वालियर के आरओबी का वर्चुअल लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ग्वालियर के विकास में नए अध्याय के रूप में जुड़ने जा रहे नवनिर्मित आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) को मंगलवार को जनता को वर्चुअल लोकार्पण कर समर्पित किया। यह आरओबी चंद्रबदनी नाका से न्यू कलेक्ट्रेट मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग क्रमांक-418 पर विवेकानंद नीडम के समीप लगभग 42 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है।

स्पीकर तोमर, केंद्रीय मंत्री सिंधिया भी हुए शामिल

लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा स्पीकर नरेन्द्र सिंह तोमर, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह तथा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी शामिल हुए।

**छात्रावासों का भी किया वर्चुअल लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आरओबी के साथ-साथ लगभग 7 करोड 87 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास भवन ठाटीपुर व अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास भवन सिरोल का भी वर्चुअली लोकार्पण किया। ये दोनों छात्रावास 50 – 50 सीटर हैं और प्रत्येक छात्रावास का निर्माण 3 करोड 93 लाख 38 हजार रूपए की लागत से किया गया है।



## मप्र में दुग्ध सहकारिता के माध्यम से बढ़ेगी किसानों की आय

- 13 अप्रैल को रवीन्द्र भवन में होगा राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक गोपाल सम्मेलन
- केंद्रीय सहकारिता और गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में होगा अनुबंध
- सहकार से समृद्धि के लिए नई पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सहकार से समृद्धि के विजन के तहत मप्र एक महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। मप्र सरकार ने दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) के माध्यम से किसानों और पशुपालकों की जिंदगी बदलने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में मप्र ने विशेष स्थान बनाएगा।

### श्वेत क्रांति की दिशा में बढ़ता मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को दुग्ध उतपादन के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। श्वेत क्रांति मिशन के तहत प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट, चिलिंग सेंटर की संख्या बढ़ाकर और दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता का विस्तार कर किसानों की आय में वृद्धि का कार्य किया जाएगा। मध्यप्रदेश में अधिकतर ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियों की स्थापना कर दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी डेयरी कार्यक्रम से जोड़ने का कार्य होगा।

## मप्र टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर में

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन 27 अप्रैल को इंदौर में किया जाएगा। यह ऐतिहासिक सम्मेलन राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में की गई निवेश प्रतिबद्धताओं को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में इस आयोजन में राज्य की प्रौद्योगिकी नेतृत्व की दिशा में रोडमेप प्रस्तुत किया जायेगा। आईटी एवं संबंधित क्षेत्रों में राज्य सरकार के निवेश कार्यान्वयन नीति को एक प्रमुख प्रौद्योगिकी गंतव्य के रूप में उभारने के लिये यह आयोजन महत्वपूर्ण होगा।

31 मई तक होगा लोगों की समस्याओं का समाधान

# गांव और शहरों में लगी समाधान पेटियां 11 अप्रैल तक लेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




छत्तीसगढ़ की जनता की समस्याओं के निवारण के लिए साय सरकार के प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार का आगाज हो गया है। इसके तहत प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जनता की समस्याओं के आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए हर गांव और हर शहर में समाधान पेटियां लगाई गई हैं।

इनके निवारण के लिए समाधान शिविर 5 से 31 मई तक आयोजित किए जाएंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए भी आवेदन प्राप्त किए जाने की व्यवस्था है। जनसमान्य की समस्याओं से संबंधित आवेदनों को भरने के लिए ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायो के कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है, जिससे लोगों को समस्या न हो। विकासखंडों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन डाल रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित समाधान, सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। सीएम साय ने पहले ही सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन तिहार के सुव्यवस्थित आयोजन और इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के तत्परता से निराकरण को सुनिश्चित करें। राज्य और जिला स्तर पर निराकरण की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा भी की जाएगी।

अधिवक्ता संघ ने लिया फैसला

# मासूम के रेप, हत्या के आरोपी का केस नहीं लड़ेंगे वकील




हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

दुर्ग में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी कर उसकी हत्या के आरोपी का केस कोई वकील नहीं लड़ेगा। यह फैसला अधिवक्ता संघ ने लिया है। अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल ने कहा कि जिले के इतिहास के लिए कल काला दिन था।

संघ ने फैसला लिया है कि कोई भी वकील आरोपी का केस नहीं लड़ेगा। संघ के सचिव रविशंकर सिंह ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि वकील संघ एकजुट है। कोई भी वकील आरोपी का केस नहीं लड़ेगा।

### *यह है पूरा मामला*

*यह घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र के उरला इलाके में घटी, जहां 6 साल की बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके परिजनों ने रविवार, 6 अप्रैल 2025 को सुबह 9 बजे दर्ज कराई थी। बच्ची अपनी दादी के घर कन्या भोज के लिए गई थी, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं लौटी। पुलिस ने तलाश शुरू की, लेकिन शाम 7:30 बजे एक दर्दनाक खुलासा हुआ, जब बच्ची की लाश दादी के घर के बाहर खड़ी एक कार की डिक्की में मिली। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार मालिक, उसके ड्राइवर और 5 अन्य लोगों को हिरासत में लिया, जिसमें बच्ची का चाचा भी शामिल था। पुलिस ने बताया कि चाचा ने अपराध स्वीकार कर लिया है और उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी है।*

10 साल से था फरार

# एरिया कमांडर नक्सली राजेंद्र सिंह खैरवार हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलरामपुर



छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में सक्रिय एरिया कमांडर और सब जोनल कमांडर राजेंद्र सिंह खैरवार को गिरफ्तार लिया गया है। लूटपाट और हत्या जैसे कई बड़ी वारदात में शामिल आरोपी 10 साल से फरार था। पुलिस ने अब नक्सली राजेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, सामरी पाठ थाने की पुलिस को आरोपी नक्सली राजेंद्र सिंह खैरवार को झारखंड के गढ़वा में होने की खबर मिली थी। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एक टीम बनाई और नक्सली को गिरफ्तार करने के लिए रवाना हो गई। यहां जवानों ने पूरी सूझबूझ और प्लान के हिसाब से नक्सली राजेंद्र को दबोच लिया और फिर आरोपी को छत्तीसगढ़ लाया गया। यहां जवानों ने आरोपी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने सारे जुर्म कुबूल लिए। सीआरपीएफ जवानों की आवाजाही के मुख्य मार्ग पर आईडी टिफिन बम लगाने में मुख्य साजिशकर्ता रहा नक्सली राजेंद्र सिंह खैरवार की साजिश को डॉग स्क्वाड, बीडीएस समेत पुलिस बल की टीम ने नाकाम कर दिया था। समय रहते जवानों ने बम को डिफ्यूज कर दिया था और अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ अपराध पंजीबध कर लगातार पता तलाश कर रही थी।

बता दें कि आईईडी टिफिन बम लगाकर जवानों को नुकसान पहुंचाने की साजिश रचने वाला मास्टरमाइंड राजेंद्र सिंह खैरवार पिछले 10 साल से फरार था।

चयनित अधिकारी सेवा भाव और सकारात्मक मानसिकता के साथ करें अपने अधिकारों का उपयोग

# आपका व्यवहार ऐसा हो कि आप अधिक से अधिक लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें

- मुख्यमंत्री ने राज्य सिविल सेवा अधिकारियों के 118वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ
- उप जिलाधीश, उप पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार के कुल 83 प्रशिक्षु लेंगे सात सप्ताह का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आपका व्यवहार ऐसा हो कि आप अधिक से अधिक लोगों की आशाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सेवा के लिए चयनित अधिकारी पवित्र सेवा भाव और परिष्कृत मन मस्तिष्क के साथ, उन्हें मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए अपने दायित्व निर्वहन की ओर अग्रसर हों। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिकारी कुशलता और दक्षता से सभी की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरे उतरें यही कामना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को राज्य सिविल सेवा के अधिकारियों के 118 वें संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री का प्रशासन अकादमी के डीजी सचिन सिन्हा ने स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ प्रशिक्षु अधिकारियों का ग्रुप फोटो भी हुआ।



### अपनों की अपेक्षाओं पर बने रहना भी चुनौती



मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े पद की जिम्मेदारी के साथ-साथ परिवारजन और मित्रों की अपेक्षाओं पर बने रहना भी एक चुनौती है। इस मौके पर मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा में चयनित वर्ष 2020 और 2021 बैच के उप जिलाधीश, उप पुलिस अधीक्षक और नायब तहसीलदार पद के लिए चयनित कुल 83 प्रशिक्षुओं के सात सप्ताह का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 अप्रैल से 23 मई 2025 तक प्रशासन अकादमी में संचालित होगा।

### अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक संपन्न करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षुओं से कहा कि नर्सरी कक्षा से लेकर अब तक के शिक्षण-प्रशिक्षण से मिले ज्ञान के आत्म अवलोकन से अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियों और कार्यों को दक्षतापूर्वक संपन्न करें। उन्होंने कहा कि शिक्षण से व्यक्ति और प्रशिक्षण से व्यक्तित्व का निर्माण होता है। हमारी पाठ्य पुस्तकें अपार ज्ञान का भंडार हैं, लेकिन दायित्वों को पूरा करने के लिए इसी ज्ञान की मदद से अपना मार्ग स्वयं खोजना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने दायित्वों के निर्वहन में पारिवारिक मूल्यों का ध्यान रखने, जनसामान्य के साथ शालीन व्यवहार और संवाद क्षमता विकसित करने तथा आउट ऑफ बॉक्स सोचते हुए समाज हित में नवाचार करें।

### राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मिशन कर्मयोगी से विकास और जनकल्याण की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है। चयनित अधिकारियों को स्वयं के परिश्रम और ईश्वर की कृपा से जनसेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने सबसे अपेक्षा की कि प्रशिक्षण उपरांत अधिकारी, मैदानी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए आत्मविश्वास और सकारात्मक मानसिकता के साथ सुशासन और गुणवत्तापूर्ण लोक सेवाओं के लिए उत्तरदायी-जवाबदेह-पारदर्शी-स्वच्छ और संवेदनशील भूमिका का निर्वहन करें। शुभारंभ सत्र को अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय दुबे, महानिदेशक प्रशासन अकादमी सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राजा बाबू सिंह ने भी संबोधित किया।

**जबलपुर में नाबालिगों के अपराध का डार्क चेप्टर खुला**

# पढ़ाई की उम्र में जुर्म का जुनून!

## हत्या, रेप, डकैती, लूट तक से नहीं कांपे इनके हाथ

शुभम् शुक्ला

**संस्कारधानी जबलपुर से चौंकाने वाली हकीकत सामने आई है। जिन हाथों में किताबें होनी चाहिए थीं, वह खून से रंगी पाई गईं। जिन जुबानों से संस्कार झलकने चाहिए थे, वहां से गालियां और धमकियां निकलीं। 1 जनवरी से लेकर 31 मार्च 2025 पिछले तीन महीनों में जबलपुर पुलिस ने 95 नाबालिगों को गिरफ्तार किया, जिन पर हत्या, रेप, डकैती, लूट जैसी संगीन धाराओं में केस दर्ज हुए हैं। यह आंकड़े महज नंबर नहीं, हर केस के पीछे एक बर्बाद होता भविष्य और टूटता हुआ परिवार है। सोचिए जिस उम्र में खेल और किताबों से रिश्ता होना चाहिए, वहां कोर्ट-कचहरी की तारीखें जुड़ रही हैं।**

हरिभूमि, जबलपुर

सवाल यह है कि नाबालिग अपराध की तरफ क्यों बढ़ रहे हैं? सोशल एक्सपर्ट की सलाह है कि हमें इसकी जड़ में जाना होगा। कहीं न कहीं परवरिश में चूक हो रही है। घर का माहौल, मोबाइल की लत, और सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल इन बच्चों को क्राइम की तरफ ले जा रहा है।



### रंग ने कातिल, शौक ने बना दिया लुटेरा

नाबालिगों द्वारा घटित वारदातों की जब पड़ताल की गई तो नतीजा चौंकाने वाला रहा। शौक पूरा करने के लिए जहां वह लुटेरे बन गए वहीं होली जैसे त्यौहार में रंग लगाने की मामूली बात पर खून से हाथ रंग गए। घमापुर क्षेत्रांतर्गत हुई हत्या की वारदात में शामिल दो नाबालिगों की संलिप्ता होने के बाद उनको गिरफ्तार किया गया। वहीं ओमती, मदन महल, गढ़ा और संजीवनी नगर थाना अंतर्गत डकैती, लूट की वारदातों में नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया। इतना ही नहीं किसी ने अपनी बहन जैसी लड़की से छेड़छाड़ की, किसी ने मोबाइल व पर्स झपटमारी में लोगों को घायल कर दिया।

### बचपन से बेलगाम होता बचपन

मम्मी, मैं पढ़ाई कर रहा हूं... कहकर निकला था घर से, लेकिन शाम को थाने से फोन आया आपका बेटा हत्या के आरोप में पकड़ा गया है। 16 साल का सूरज (बदला हुआ नाम), जो रोज स्कूल यूनिफॉर्म में घर से निकलता था। मां यही समझती थी कि बेटा पढ़ाई कर रहा है। लेकिन स्कूल की जगह वो अपने 'दोस्तों' के साथ शहर की गलियों में बाइक पर घूम रहा था। मोबाइल पर गेम्स और चकाचौंध भरी जिंदगी की चाहत उसे क्राइम की दुनिया में खींच ले गई। एक शाम... उसकी मां के पास थाने से कॉल आया कि "आपका बेटा हत्या के आरोप में पकड़ा गया है... वो चाकू लेकर अपने दोस्तों के साथ वारदात में शामिल था।" यह सुनते ही मां के हाथ से फोन गिर गया। जिस बेटे को वो टिफिन बनाकर विदा करती थी, अब वही हथकड़ी में पुलिस के साथ खड़ा था।

### डराते चौंकाते आंकड़े

| | | |
|---|---|---|
| हत्या | – | 4 |
| हत्या का प्रयास | – | 13 |
| डकैती | – | 2 |
| लूट | – | 6 |
| झपटमारी | – | 9 |
| अपहरण | – | 3 |
| गृहभेदन | – | 4 |
| चोरी | – | 1 |
| वाहन चोरी | – | 1 |
| बलात्कार | – | 2 |
| छेड़छाड़ | – | 1 |
| सड़क हादसे | – | 1 |
| अन्य धाराएं (भादवि, BNS) | – | 45 |

### पुलिस कप्तान ने कहा अभिभावकों को अब जागना होगा



नाबालिगों के द्वारा किए जा रहे अपराध के आंकड़े चिंताजनक हैं। अभिभावकों को अब जागना होगा। यह सिर्फ पुलिस और कानून के दायरे की बात नहीं है, एक गंभीर सामाजिक संकेत है। जिसे समय रहते हर अभिभावक को महसूस करना चाहिए और अपने बच्चों को लेकर सतर्क रहना चाहिए। मेरी अभिभावकों से अपील है कि आप अपने बच्चों को वक्त दीजिए। उनकी संगत पर नजर रखिए। मोबाइल में क्या देख रहे हैं, जानिए। स्कूल से लौटने के बाद की दिनचर्या समझिए। वरना कल जब आपकी आंखें खुलेंगी, तब तक बहुत देर हो चुकी होगी।

-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान

### 'स्कूल' गलियां, 'दोस्त' गिरोह और 'खेल' अब जुर्म



एक बार हाथ में छुरी आ जाए, तो कागज नहीं किसी की सांसें कटती हैं। बच्चे देर से लौटें, तो कारण पूछिए। उनका मोबाइल चेक कीजिए। सोशल मीडिया पर किससे बात कर रहे हैं, जानिए। दोस्त कौन हैं, टटोलिए। और सबसे जरूरी कि उन्हें सुनिए। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने की चाह, रील्स में हथियार और स्टंट दिखाने का चलन यह सब धीरे-धीरे बच्चों को रियल क्राइम की दुनिया में ले जा रहा है। एक केस में 17 साल का लड़का सिर्फ इसीलिए लूट में शामिल हुआ क्योंकि उसे 'गैंगस्टर' वाली रील्स में जैसे दिखाया जाता है, वैसा बनना था। अब सवाल यह नहीं कि बच्चा अपराध कर रहा है।। सवाल यह है कि वो ऐसा क्यों कर रहा है? यह समाज की खामोशी का नतीजा है, बच्चा चुप है तो समझिए कुछ गड़बड़ है। हम समय रहते नहीं जागे, तो अगली पीढ़ी हाथ से निकल जाएगी।

-सुश्री सारिका पांडे, रिटायर्ड डीएसपी

### हिंसा की वजह बन रही सोशल मीडिया



वर्तमान समाज में बच्चों के पास बहुत स्वतंत्रता हो गई है अनुशासन घर पर भी नहीं है और स्कूल में भी नहीं है। सोशल मीडिया, गेमिंग और ओटीटी कंटेंट की वजह से हिंसा के आदी हो रहे हैं। जिसका सबसे बड़ा कारण परिवारों में संवाद की कमी, पैरेंट्स का व्यस्त रहना और 'बच्चा है, सुधर जाएगा' वाली सोच खतरनाक है। बच्चे की दिनचर्या में बदलाव, गुस्सा, सोशल आइसोलेशन, नींद में गड़बड़ी यह सभी संकेत घातक है। अगर समय रहते पैरेंट्स ध्यान न दें तो वह गलत साथियों और गतिविधियों की ओर चला जाता है।

-डॉ.रत्नेश कुररिया, मनोचिकित्सक पूर्व सीएमएचओ

### जुवेनाइल एक्ट में होना चाहिए संशोधन



कानून के तहत पुलिस ऐसे मामलों में कार्रवाई करती है. लेकिन नाबालिगों के लिए बनाए गए जुवेनाइल एक्ट का नरम होना भी एक बड़ा कारण है। जो नाबालिग एक जुर्म करने के बाद सजा काट लेता है वह बाहर निकलकर फिर दोबारा अपराध करता है। सरकार ने पूर्व में यह कानून बनाया था कि अगर कोई 16 साल से ज्यादा का नाबालिग गंभीर अपराध करेगा तो अदालत बालिग मानते हुए उस पर केस चला सकती है लेकिन इसके बावजूद ऐसे अपराध हो रहे हैं। निर्भया केस में एक आरोपी जिसने घिनौना काम किया था, कम उम्र होते हुए भी उसे नाबालिग नहीं बालिग मानकर ही सजा दी गई थी।

-प्रशांत अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष म.प्र.हाईकोर्ट बार एसोसिएशन

## कछपुरा मालगोदाम दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग अस्वीकार

**एनजीटी ने निरस्त की नागरिक उपभोक्ता मंच की जनहित याचिका**

**जबलपुर** । नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने जबलपुर स्थित कछपुरा मालगोदाम अनयत्र स्थानांतरित करने की मांग संबंधी जनहित याचिका निरस्त कर दी। एनजीटी के न्यायिक सदस्य एसके सिंह व विशेषज्ञ सदस्य डा. ए सेंथील वेल की युगलपीठ ने अपनी टिप्पणी में साफ किया कि रेलवे के अधीन प्रकरण में हम हस्तक्षेप नहीं कर सकते। यह नीतिगत मामला है, जिस पर रेलवे मंत्रालय ही निर्णय ले सकता है। रेलवे साइडिंग व स्टेशन आदि शिफ्ट करना एनजीटी के अधिकार क्षेत्र के बाहर है।जनहित याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर के अध्यक्ष डा.पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की ओर से अधिवक्ता प्रभात यादव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि कछपुरा मालगोदाम के कारण पर्यावरण प्रदूषण फैल रहा है। कछपुरा माल गोदाम के पास लगभग 20 हजार लोग निवासरत हैं। यहां ऐतिहासिक गुलौआ तालाब भी है। स्कूल, मंदिर व जबलपुर मास्टर प्लान का ग्रीन बेल्ट भी नजदीक है। अतः मालगोदाम शिफ्ट करने से इनको नुकसान नहीं होगा। कछपुरा मालगोदाम में केवल खाद्यान्न साइडिंग हेतु अनुमति है, लेकिन अवैध रूप से आयरन ओर की भी साइडिंग हो रहा है। रोक लगाई जाए।

### व्यावसायिक कार्य व पर्यावरण के बीच संतुलन जरूरी

एनजीटी ने भले ही जनहित याचिका निरस्त कर दी, किंत महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की हैं। मसलन, यह कहा है कि व्यवसायिक कार्य तथा पर्यावरण के बीच बैलेंस होना चाहिए। जनस्वास्थ्य तथा वायु गुणवत्ता यह संवैधानिक अधिकार है। लेकिन इसके साथ ही आर्थिक विकास देश के लिए जरूरी है। अतः राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को समय-समय पर वायु गुणवत्ता इंडेक्स की मानिटरिंग करना चाहिए। यदि वायु गुणवत्ता खराब हो तो तदानुसार निर्देश जारी करना चाहिए। वैज्ञानिक अभ्यास व अध्ययन करना चाहिए। लोडिंग-अनलोडिंग या अन्य कारणों से कितना प्रदूषण पाए जाने पर अनुचित लोडिंग-अनलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए। कुल मिलाकर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वायु गुणवत्ता की मानिटरिंग कर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइन का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करना चाहिए।

## नर्सिंग फर्जीवाड़ा- 2018 से 2022 तक की मान्यता व संबद्धता के मूल दस्तावेज हर हाल में पेश करो

**हाईकोर्ट ने दिया सख्त निर्देश**

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े के मामले में वर्ष 2018 से 2022 तक की मान्यता व संबद्धता प्रदान करने संबंधित सभी मूल दस्तावेज हर हाल में पेश करने के निर्देश दिए। जस्टिस संजय द्विवेदी व जस्टिस एके पालीवाल की खंडपीठ ने कहा कि यदि अगली सुनवाई तक दस्तावेज पेश नहीं किए गए तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी।

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि प्रदेश में नियम विरूध्द तरीके से नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे है। नियमों को ताक में रखकर कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गयी है। तत्कालीन अधिकारियों द्वारा मान्यता नियम 2018 में 3 बार संशोधन किए गये थे। इसके चलते अपात्र कॉलेजों को निरंतर लाभ पहुँचाया जा रहा है। हाईकोर्ट ने नियमों में किये गये सभी संशोधनों की ओरिजनल फाइल भी पेश करने के निर्देश जारी किए थे। इसके अलावा मेडिकल यूनिवर्सिटी तथा नर्सिंग काउंसिल के द्वारा सभी अनसुटेबल नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता और संबद्धता से जुड़े मूल दस्तावेज पेश करने कहा था। इसके अलावा सीबीआई जांच में अप्रात्र पाये गये कॉलेज की मान्यता संबंधित ओरिजनल दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए थे। दरअसल, सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि मेडिकल यूनिवर्सिटी तथा नर्सिंग काउंसिल द्वारा उपलब्ध करवाये गये रिकॉर्ड में सभी दस्तावेज नहीं है। आईएनसी की तरफ से मान्यता संबंधित दस्तावेज पेश नहीं किये गये हैं।

## शपथ पत्र पर अभियोगी के हस्ताक्षर तो कूटरचना का प्रश्न नहीं उठता

**ऐसी स्थिति आने पर अभियोजन का मामला हो जाता है ध्वस्त**

**जबलपुर**। अपर सत्र न्यायाधीश एमडी रजक की अदालत ने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि जब अभियोगी स्वयं कह रहा है कि शपथ पत्र पर उसके हस्ताक्षर हैं, तो आरोपित द्वारा उक्त शपथ पत्र की कूटरचना का प्रश्न ही नहीं उठता। इसी के साथ अभियोजन का मामला ध्वस्त हो जाता है।

अदालत ने उक्त टिपपणी के साथ ही केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, सीपीडब्ल्यू के सहायक अभियंता न्यू डिलाइट कैंपस, सिविल लाइन रविंद्र विश्वकर्मा, निवासी के विरुद्ध प्रकरण समाप्त करने का आदेश पारित कर दिया। आरोपित की ओर से अधिवक्ता मनीष मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि विभाग में कार्यरत कार्यपालन यंत्री ओमप्रकाश मिश्रा, अधीक्षण यंत्री उपेंद्र कुमार सिंह, सहायक अभियंता दीपक चौहान व कार्यालय अधीक्षक रामकृपाल सहाय से झूठे आरोप लगाए थे। जो शपथ पत्र आरोप का आधार बनाया गया, उस पर स्वयं अभियोगी यानि आरोप लगाने वाले के हस्ताक्षर थे, यह बात वह अपने बयान में स्वीकार कर चुका है। ओम प्रकाश सिंह सहित अन्य अभियोजन साक्षियों ने पुलिस को अपने-अपने बयानों में कहा था कि वे कार्यपालन यंत्री व कार्यालय अधीक्षक होकर एक जिम्मेदार व सक्षम अधिकारी हैं। वे अनपढ़ या ग्रामीण परिवेश के नहीं हैं, जो कि पुलिस व न्यायालय में कथन देते समय भिन्न-भिन्न कथन दें। बहरहाल, इस बयान से ही साफ हो जाता है कि वास्तव में आरोपित रविंद्र विश्वकर्मा को फंसाने के लिए कूटरचित शपथ पत्र जारी करने का मनगढ़ंत दोषारोपण किया गया था।

# अवैध रूप से दुकानों के बाहर सामान फैलाने पर होगी चालानी कार्रवाई

## नगर निगम एवं यातायात विभाग की हुई संयुक्त बैठक

**जबलपुर**। निगमायुक्त प्रीति यादव की पहल पर शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने और सुव्यवस्थित करने के लिए निगम और पुलिस प्रशासन की सँयुक्त बैठक आयोजित की गयी। बैठक में ट्राफिक एस.पी. सोनाली दुबे एवं नगर निगम से अपर आयुक्त अंजू सिंह ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में चर्चा की। चर्चा के दौरान शहर के मुख्य चौराहों में सिग्नल और दुकानों के सामने अतिक्रमण नही किये जाने की योजना बनाई गई है, आगामी समय पर इन कार्ययोजना के माध्यम से नवीन लेफ्ट टर्न बनाने और हैवी ट्रैफिक डाइवर्ट करने हेतु निर्णय लिए गये।



अपर आयुक्त अंजू सिंह ने बताया कि आई.सी.एच. के पास, समदड़िया मॉल के समीप एवं श्रीनाथ की तलैया में स्थाई एवं अस्थाई पार्किंग के लिए मॉडल तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम और यातायात विभाग की संयुक्त कार्यवाही बाजार क्षेत्रों में अब लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों के द्वारा अवैध रूप से दुकान के बाहर छज्जा बढ़ाकर सामान फैलाए हैं उनपर चालानी कार्रवाई कर सामग्री जप्त करने की कार्रवाई भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि यातायात विभाग के माध्यम से सुपर मार्केट एवं शहर के अन्य क्षेत्रों में टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर की पार्किंग की उपलब्धता की जानकारी के लिए जल्द ही एप तैयार किया जायेगा जिसके माध्यम से पार्किंग उपलब्धता की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि अस्थाई पार्किंग में लगाये गए वाहनों का समय समाप्त होने के पश्चात दुगनी पेनाल्टी यातायात थाने में भुगतान करनी होगी। अपर आयुक्त ने बताया कि बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों एवं व्यापारियों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में नगर निगम लोककर्म विभाग के द्वारा यातायात एवं पार्किंग के लिए विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए प्रारूप तैयार किया जा रहा है। बैठक के समय कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, सहायक अतिक्रमण अधिकारी सागर बोरकर, संभागीय यंत्री आशीष पाटकार, वीरेन्द्र पाण्डे, एवं ट्राफिक विभाग से डी.एस.पी. मालवीय चौक संतोष शुक्ला, डी.एस.पी. घमापुर श्रीमती संगीता डामोर, डी.एस.पी. गढ़ा बैजनाथ प्रजापति आदि उपस्थित रहे।



ट्रांसमिशन एलीमेंटस का एक क्लिक में उपलब्ध होगा डाटा

# एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों की हो रही असेट मेपिंग

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी(एम.पी. ट्रांसको) प्रदेश की अपनी ट्रांसमिशन लाइनों एवं एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों की असेट मेपिंग करवा रहा है, इससे जहां ट्रांसमिशन एलीमेंटस का डिजीटल डाटा एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेगा ,वहीं किसी भी इमरजेंसी के समय मटेरियल मैनेजमेंट टाइम और व्यवधान को न्यूनतम करने में सहायता मिलेगी। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता आर.के. मिश्रा ने बताया प्रदेश की 27900 कि.मी. लाइनों एवं 416 सबस्टेशनों में यह असेट मेपिंग का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि मेसर्स सायबर स्विफ्ट कलकत्ता इस कार्य को कर रही है, जिसे सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डेशबोर्ड के निर्माण का कार्य भी करना है। इस हेतु अलग-अलग मॉडयूल में जानकारी संरक्षित की जा रही है। ट्रांसामिशन कंपनी के लाइन मैटेनेन्स कार्मिकों के साथ सबस्टेशन प्रभारी के मोबाईल पर एप के माध्यम से यह सब जानकारी उपलब्ध रहेगी।



### सर्वे ऑफ इंडिया के मैप पर की जा रही है मेपिंग

श्री मिश्रा ने बताया कि ट्रांसमिशन एलीमेंट्स की मैपिंग सर्वे ऑफ इंडिया के मैप को आधार बनाकर की जा रही है जिससे डेटा की सटीक प्रमाणिकता रहेगी। जीपीएस प्रणाली के उन्नत संस्करण डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम(डीजीपीएस) के उपयोग से 1 सेंटीमीटर से 1 मीटर तक के स्थान में सटीकता से मैपिंग हो रही है।

### ये हैं फायदे

असेट मैपिंग से ट्रांसमिशन टावरों में कोई समस्या आने पर टावर की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी त्वरित मिल जायेगी। ट्रांसमिशन कंपनी के सभी एलीमेंटस का डिजीटलाइजेशन होने से व्यवस्थित रिकार्ड रखने में आसानी रहेगी, साथ ही मोबाईल एप पर भी जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। इस मैपिंग में ट्रांसमिशन कंपनी की भूमि का भी रिकार्ड उपलब्ध रहेगा।डेशबोर्ड पर विस्तृत जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध रहेगी।जरूरत के पाटर्स, उपकरण आदि के बारे में पूरी जानकारी मिलने से सुधार कार्य और मटेरियल के इंतजामों में लगने वाले समय में कमी आयेगी।

### 15 करोड़ की लागत से हो रही है असेट मैपिंग

मुख्य अभियंता श्री मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में पहले चरण में प्रदेश की 27912 किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन और 416 एक्स्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों की असेट मैपिंग के लिये मेसर्स सायबर स्विफ्ट कलकत्ता यह कार्य कर रही है, जिसका अनुमानित व्यय लगभग 15 करोड़ रूपये है। सर्वे ऑफ इंडिया के मेप पर की जा रही मैपिंग के अलावा कंपनी सर्वे एवं सॉफ्टवेयर डेवलप करने का कार्य भी कर रही है।

# जनरेटिंग कंपनी की विद्युत इकाइयों ने कीर्तिमान रचा

### 14 बार 100 दिनों से अधिक निरंतर संचालन का नया रिकार्ड

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक और उपलब्धि अपने नाम की है। पावर कंपनी की ताप विद्युत इकाइयों ने सतत व निर्बाध संचालन में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए कुल 14 बार 100 दिनों से अधिक तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड कायम किया। ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इन इकाइयों ने 13 बार 100 से अधिक दिनों तक निरंतर संचालन में रहने का रिकार्ड बनाया था। यह उपलब्धि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत इकाइयों की क्षमता व संचालन की विश्वसनीयता का प्रतीक है। चचाई की यूनिट ने 300 दिनों का आंकड़ा किया पार-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृह अमरकंटक ताप विद्युत गृह (एटीपीएस) चचाई, संजय गांधी ताप विद्युत गृह (एसजीटीपीएस) बिरसिंगपुर, श्रीसिंगाजी ताप विद्युत परियोजना (एसएसटीपीपी) दोंगलिया व सतपुड़ा ताप विद्युत गृह (एसटीपीएस) सारनी की इकाइयों ने निरंतर चलने की इस श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने लगातार 300 दिनों का आंकड़ा पार कर शानदार प्रदर्शन किया। तीन यूनिट ने बनाया 200 दिनों से अधिक उत्पादन करने का रिकार्ड-पावर जनरेटिंग कंपनी की तीन इकाइयों ने लगातार 200 से अधिक दिनों तक संचालन का आंकड़ा पार किया। इनमें संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया की 660 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 3 ने 200 दिनों से लगातार विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बनाया। 100 से 200 दिन तक निरंतर संचालन किया यूनिट ने-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 ने 181 दिन, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 2 ने 121 व 115 दिन, इसी विद्युत गृह की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने 162 दिन और यूनिट नंबर 5 ने 109 दिनों तक सतत व निर्बाध विद्युत उत्पादन किया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 3 ने 141 व 660 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने 176 व 100 दिनों तक लगातार विद्युत उत्पादन किया। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 ने 170 व यूनिट नंबर 11 ने 138 दिनों तक सतत रूप से विद्युत उत्पादन किया। इनमें से संजय गांधी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 4 व 5, अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 और श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की यूनिट नंबर 3 वर्तमान में भी सतत विद्युत उत्पादन संचालन कर रही हैं।



# शाही पालकी पर सवार होकर निकले भगवान श्री लक्ष्मी नारायण

- भक्तों ने जगह-जगह की आरती पूजन
- चरम पर रहा भक्तों का उत्साह


**पाटन।** रामनवमी के पावन क्षणो का क्षेत्र के भक्तो को भारी इंतज़ार रहता है इस तहसील का सबसे पुराना ऐतिहासिक जल बिहार समारोह जो नवमी तिथी से एकादशी तक भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी का दरवार गर्भ गृह से बाहर आकर मंदिर प्रांगण मै भक्तो को दर्शन देने विराजमान होते है जहा संगीत की विभिन्न लय ताल हारमोनियम तबला के साथ मनमोहक नृत्य भजन के साथ पुरानी रस्म रीति-रिवाज से भगवान के दिव्य भव्य स्वरूप को भक्त निहार कर जीवन को सुखी का अनुभव करते है रंग बिरंगे परिधान से सजी हुई भव्य मनमोहक शाही पालकी पर सवार होकर भगवान जनता जनार्दन को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण को निकले घर के बाहर तोरण द्वार और रंगोली सजाए भक्तों ने भगवान जी का पूजन आरती के साथ स्वागत किया बाजार स्थित भगवान श्रीकृष्ण मंदिर मै भेंट करके काली माई मंदिर नाग तालाब पर पालकी पहुंची जहा पर वैदिक मंत्रो के माध्यम से वेद पाठी बामहण ने विधिवत जल पूजन कराकर आरती हुई । छत्र चवर निशान झंडा बैड बाजे शहनाई वादन और आतिशवाजी नृत्यांगना के नृत्य गान के सहित भगवान जी नगर भ्रमण के बाद गुरूनिवास पहुंचे जहां कलश दीपक रंगोली के साथ आत्मीय मधुर के साथ आगवानी हुई तत्पश्चात मंदिर जी मै पुनः पूजन के बाद भगवान श्री जी को विराजमान किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर के गणमान्य नागरिक सहित भारी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहा इस गरिमामय भक्ति भाव के साथ पूरा गुरू परिवार भगवान श्री जी के चरणो मै नतमस्तक रहा।

# आर्केस्टा बजाने के विवाद पर 3 घायल

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत ग्राम कोनी कला में जैन मंदिर के पास एक लगुन समारोह में देर रात आर्केस्टा बजाने के विवाद पर तीन बदमाशों ने मिलकर लाठी व डंडों से हमला कर घायल कर दिया, इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बूढ़ी कोनी निवासी 29 वर्षीय ड्रायवर रोहित बर्मन गत दिवस अपने दोस्त सोनू दुबे, राज दुबे के साथ ग्राम कोनी कला में जैन मंदिर के पास श्रीराम पाल की लगुन में शामिल होने गया था। रात लगभग 11.30 बजे आर्केस्टा बजाने की बात पर से प्रहलाद पाल उससे एवं सोनू से विवाद करते हुये गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर श्रीराम पाल एवं कम्मू पाल भी आ गये और तीनों ने लाठी व डंडे से उस पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए राजा उर्फ राजकुमार एवं राज दुबे के साथ भी मारपीट कर दी जिससे तीनों के सिर, हाथ, पैर में चोटे आ गयी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# पर्यटकों को आवागमन में हो रही परेशानियां, नगर परिषद् अधिकारी सो रहे



**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पंचवटी नौका बिहार के बिना यात्रा अधूरी है। संगमरमर की वादियों का अवलोकन करने के लिए सीढ़ियों से अधिकतर पर्यटक जाते हैं यहां की विडंबना है कि दुकान के बाहर सीढ़ियों में समान फैला कर रखते हैं जिससे आवागमन में पर्यटकों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ता है यदि किसी पर्यटकों का समान में हाथ लग गया या धोखे से टूट गया तो दुकानदारों द्वारा मनमाना पैसा मागा जाता है पैसा नहीं देने पर पर्यटकों से अभ्रतापूर्ण व्यवहार किया जाता है जिससे पर्यटकों का मन खिन्न हो जाता है। साइकिल स्टैंड फोर व्हीलर स्टैंड जहां लगता हैं वहां से पर्यटकों को नहीं निकलने देते और गेट पर ताला लगा देते हैं जिससे पर्यटक एक ही जगह से आवागमन करता है और ऊपर से दुकानदारों द्वारा सीढ़ियों पर दुकान लगाई जाने से सैलानियों और पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा कभी भी निरीक्षण नहीं किया जाता कि पर्यटकों को होने वाली तकलीफों से निजात दिलाया जा सके। धुआंधार जलप्रपात और नौका विहार के बिना भेड़ाघाट की यात्रा अधूरी है यह स्लोगन सुनने में तो अच्छा लगता है लेकिन नगर परिषद भेड़ाघाट में बैठे अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही का नतीजा है कि पर्यटकों को सुविधाएं देने की अपेक्षा परेशानियां हो रही है आखिरकार भेड़ाघाट की संगमरमर की वादियों का लुत्फ उठाने देश विदेश से पर्यटक आते हैं संगमरमर की वादियों को निहारने से पर्यटक मंत्रमुग्ध हो जाता हैं पर्यटकों को सुविधाओं मुहैय्या कराने में नगर परिषद अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी नाकाम साबित हो रहे हैं।

### इनका कहना है

नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा पार्षद सदस्यों की सहमति से अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पास किया गया था मैं शीघ्र कार्रवाई करता हूं।

**चतुर्थ सिंह लोधी अध्यक्ष नगर परिषद भेड़ाघाट**

## धूमधाम से किया गया ज्वारे का विसर्जन



**मझौली।** दिवाले खेरमाई में भक्तों के द्वारा माता की उपासना कर नौवे दिन बड़े ही भक्ति भाव से ज्वारों का विसर्जन दुर्गा घाट तालाब में किया गया। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए भगवान श्री विष्णु वाराह मंदिर से होते हुए भजन कीर्तन करते हुए दुर्गा घाट तलाब पहुंचे।

## ई-रिक्शा चालक पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत मोहरिया मरघटाई के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने की बात पर एक बदमाश ने एक ई रिक्शा चालक से मारपीट कर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाम्बे स्कूल के पास कटरा अधारताल निवासी 24 वर्षीय ई रिक्शा संचालक शहराज खान गत रात लगभग 9.30 बजे ई रिक्शा लेकर मोहरिया मरघटाई के पास पहुंचा, तभी वहां फहीम मिला और शराब पीने के लिये 900 रुपए मांगने लगा, रुपए देने से मना करने पर गाली गलौज करते हुए चाकू से उसकी जांघ पर हमलाकर कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## देशी कट्टा समेत पकड़ाया आरोपी

ओमती पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर भरतीपुर सामुदायिक भवन के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े एक संदेही को अभिरक्षा में लेकर उसकी तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा व कारतूस जब्त किया है। आरोपी युवक के खिलाफ 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। ओमती पुलिस ने बताया कि कल मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति भरतीपुर सामुदायिक भवन के पास किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने खड़ा है। मुखबिर के बताये स्थान पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम आयुष सोनकर बताया। आरोपी की तलाशी के दौरान जीन्स पेंट की दाहिनी तरफ जेब में एक देशी कट्टा व एक कारतूस रखा मिला।



## बाईक की टक्कर से 2 मजदूर घायल

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत प्रताप धर्मकांटा के पास पैदल पनागर की ओर जा रहे दो मजदूर को एक बाईक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों मजदूर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ा पत्थर निवासी 26 वर्षीय मजदूर आशीष बेन मंगलवार को अपने चचेरे भाई सोनू बेन, दोस्त साहिल और साहिल की बुआ नीलम राजपूत के साथ मजदूरी करने आटो से पनागर आए थे। प्रताप धर्मकांटा के पास उतरकर पैदल पनाकर की ओर जाते समय लगभग 8.15 बजे पीछे से आ रही मोटर क्रमांक एमपी 20 एम एल 3128 के चालक ने चचेरे भाई सोनू बेन और नीलम राजपूत को टक्कर मार दिया जिससे दोनों को हाथ, पैर एवं शरीर में चोटें आ गयीं है। आशीष और साहिल ने दोनों घायलों को उपचार के लिए आटो से जबलपुर भिजवाया है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए, भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

केंट थाना अतंर्गत पुल नंबरर 4 के पहले रेलवे ट्रेक में ट्रेन से कटने पर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। केंट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लियो कम्पाउंड पानी की टंकी के पास केंट निवासी 24 वर्षीय राहुल रजक गत शाम लगभग 5 बजे घर से घूमने का कहकर निकला था, जो देर तक वापस नहीं आया तो उसके भाई करण रजक ने उसकी तलाश की। तलाश करने पर पुल नम्बर 4 के पहले रेलवे ट्रेक में राहुल की ट्रेन से कटने पर मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




**श्री कल्लू चौधरी-** ग्राम बरगवां कटनी निवासी श्री कल्लू चौधरी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शोभा मेहरा-** अधारताल निवासी श्री ओमी शंकर मेहरा की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा मेहरा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**सुश्री विमला द्विवेदी-** मदनमहल गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री लक्ष्मी नारायण द्विवेदी की पुत्री सुश्री विमला द्विवेदी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम बाई मलिक-** बजरंग कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री जगन लाल मलिक की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई मलिक (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामवती बाई-** रांझी भगत सिंह वार्ड निवासी श्री कन्छेदी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती रामवती बाई (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भुवनेश्वरी बेन-** सुहागी कृष्णा कॉलोनी निवासी श्री राम प्रसाद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती भुवनेश्वरी बेन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती इंदूमति चौहान-** तमरहाई स्कूल के पास कोतवाली निवासी श्री आरसी चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती इंदूमति चौहान (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुशील कुमार पाठक-** रांझी रावण पार्क के पास निवासी श्री सुशील कुमार पाठक (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राहुल रजक-** नेपियर टाउन भंवरताल गार्डन के पास निवासी श्री शारदा प्रसाद रजक के पुत्र श्री राहुल रजक (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरण-** दुर्गा नगर गौरीघाट निवासी श्रीमती किरण का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विनोद कुमार गुप्ता-** सुहागी कृष्णा कॉलोनी निवासी श्री विनोद कुमार गुप्ता (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
संपर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप




### टाटा मोटर्स समूह की वैश्विक थोक बिक्री तीन फीसदी घटी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की 2024-25 की चौथी तिमाही में जगुआर लैंड रोवर सहित वैश्विक थोक बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत घटकर 3,66,177 इकाई रह गई। कंपनी बयान के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की वैश्विक थोक बिक्री 1,46,999 इकाई रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही की तुलना में छह प्रतिशत कम है।

### कॉफी डे की 425 करोड़ रुपए की भुगतान चूक


**नई दिल्ली।** कॉफी डे एंटरप्राइजेज लि. ने 31 मार्च, 2025 तक बैंकों, वित्तीय संस्थानों और गैर-सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों से एनसीडी और




एनसीआरपीएस के रूप में लिए गए कर्ज पर ब्याज और मूल राशि के भुगतान पर कुल 425.38 करोड़ रुपये की चूक की है। कर्ज कम करने में जुटी कॉफी डे एंटरप्राइजेज (सीडीईएल) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'ब्याज राशि देने और मूल राशि के पुनर्भुगतान में देरी नकदी संकट के कारण है।' कंपनी के अनुसार, 'ब्याज और मूलधन के पुनर्भुगतान में चूक के कारण कर्जदाताओं ने कंपनी को ऋण वापस करने को लेकर नोटिस भेजे हैं और साथ ही कानूनी प्रक्रिया भी शुरू की है...।'

### कीस्टोन रियल्टर्स की बिक्री बुकिंग एक फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी कीस्टोन रियल्टर्स की वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 854 करोड़



रुपये हो गई। कंपनी की वित्त वर्ष 2023-24 में चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में बिक्री बुकिंग 843 करोड़ रुपये रही थी। कीस्टोन रियल्टर्स ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, वित्त वर्ष 2024-25 में उसकी बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 2,266 रुपये से 34 प्रतिशत बढ़कर 3,028 करोड़ रुपये हो गई।

### साइंट चिप कारोबार में 10 करोड़ डॉलर करेगी निवेश

**मुंबई।** घरेलू प्रौद्योगिकी कंपनी साइंट ने अपने नवगठित सेमीकंडक्टर कारोबार में 10 करोड़ डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। एक शीर्ष अधिकारी ने



मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हैदराबाद मुख्यालय वाली कंपनी सितंबर तक बाहरी निवेशक से पूंजी जुटाने पर विचार कर रही है और इसके लिए कई मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति की जा रही है। कंपनी के कार्यकारी वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कृष्णा बोडानापु ने कहा कि इस धनराशि का इस्तेमाल प्रतिभा-प्रधान अनुसंधान और विकास प्रयासों में किया जाएगा।

### बीओआई की चौथी तिमाही में ऋण वृद्धि 18 प्रतिशत




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का जनवरी-मार्च तिमाही में ऋण 17.84 प्रतिशत बढ़कर 2.40 लाख करोड़ रुपये हो गया। बीओएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। बैंक ने कहा कि 31 मार्च, 2024 के अंत तक उसका बकाया ऋण 2.03 लाख करोड़ रुपये था। पुणे मुख्यालय वाले इस ऋणदाता ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल जमा राशि 13.45 प्रतिशत बढ़कर 3.07 लाख करोड़ रुपये हो गई।

# भारत में कंपनियों के सीईओ का औसत वेतन 10 करोड़ रुपए पहुंचा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत में कंपनियों के पेशेवर मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) का औसत वेतन पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत बढ़कर 10 करोड़ रुपये हो गया है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। पेशेवर सेवा फर्म डेलॉयट इंडिया की यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि सीईओ को मिलने वाले कुल वेतन पैकेज का केवल 40 प्रतिशत हिस्सा ही निश्चित है।

शेष 60 प्रतिशत हिस्सा जोखिम पर आधारित है जिसमें अल्पकालिक प्रोत्साहन (25 प्रतिशत) और दीर्घकालिक प्रोत्साहन (35 प्रतिशत) शामिल होते हैं। घोष ने कहा कि इक्विटी बाजारों में जारी गिरावट का इन शीर्ष अधिकारियों के वेतन पर नकारात्मक प्रभाव अभी तक नहीं दिखा है लेकिन इनके वेतन पैकेज का एक हिस्सा इक्विटी बाजार से जुड़ा होने के कारण अगले साल के आंकड़ों में उसका असर दिख सकता है।

#### प्रोत्साहन वित्तीय प्रदर्शन पर निर्भर

सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि कंपनियां अब शीर्ष कार्यकारी पदों पर दिए जाने वाले अल्पकालिक प्रोत्साहनों में वित्तीय प्रदर्शन के अलावा समग्र कार्यात्मक या व्यावसायिक प्रदर्शन आकलन पर अधिक ध्यान दे रही हैं। हालांकि, दीर्घकालिक प्रोत्साहन काफी हद तक वित्तीय प्रदर्शन पर ही निर्भर करता है। डेलॉयट इंडिया के निदेशक दिनकर पवन ने कहा, ''शेयर-आधारित वेतन अब अधिक जटिल होता जा रहा है और नए प्रस्तावों की गहन जांच की जा रही है ताकि सभी हितधारकों के हितों की रक्षा हो सके।''

## पेशेवर सेवा फर्म डेलॉयट इंडिया ने जारी की सर्वे रिपोर्ट

#### सीएचआरओ के वेतन में वृद्धि दर्ज

इसके साथ ही कंपनियों के अन्य शीर्ष अधिकारियों मसलन, मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ), मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) के वेतन में भी सालाना आधार पर सात से 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

#### सीईओ व अधिकारियों का कार्यकाल छोटा हो रहा

सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि सीईओ और अन्य शीर्ष अधिकारियों का कार्यकाल छोटा हो रहा है और उनसे प्रदर्शन की अपेक्षाएं बढ़ रही हैं। इसकी वजह से वेतन और लाभ पर दबाव बढ़ रहा है।



#### सीईओ सबसे अधिक वेतन पाने वाला अधिकारी

रिपोर्ट के मुताबिक, सीईओ के बाद कंपनियों के सीओओ और सीएफओ सबसे अधिक वेतन पाने वाले कार्यकारी बने हुए हैं। उनका औसत वेतन पैकेज लगभग चार करोड़ रुपये है। डेलॉयट इंडिया में साझेदार आनंदोरूप घोष ने कहा, ''भारत में शीर्ष कार्यकारी अधिकारियों का पारिश्रमिक लगातार बढ़ रहा है क्योंकि इस प्रतिभा खंड में आपूर्ति सीमित और मांग अधिक है।''

### क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का यह चौथा चरण होगा

# 'एक राज्य-एक आरआरबी' 1 मई से प्रभावी 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण को मंजूरी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एक मई से देश के हर राज्य में एक ही क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) मौजूद होगा। इस प्रस्ताव पर अमल के लिए वित्त मंत्रालय ने 11 राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का यह चौथा चरण होगा जिसके पूरा होते ही आरआरबी की संख्या मौजूदा के 43 से घटकर 28 रह जाएगी।

- एक राज्य एक आरआरबी के लक्ष्य को साकार किया जाएगा

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, देश के 11 राज्यों- आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा एवं राजस्थान में मौजूद क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का एक इकाई में विलय किया जाएगा। इस तरह 'एक राज्य-एक आरआरबी' के लक्ष्य को साकार किया जा सकेगा।




#### आरआरबी एकल इकाई में एकीकृत होगी

*अधिसूचना के मुताबिक, इन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय की प्रभावी तिथि एक मई, 2025 तय की गई है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 की धारा 23ए(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप ये आरआरबी एक एकल इकाई में एकीकृत हो जाएंगे।*

#### आठ राज्यों को एक में मिलाया जाएगा

इसके अलावा देश के आठ राज्यों- बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान में दो-दो आरआरबी को एक में मिलाया जाएगा। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक और उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक को मिलाकर बिहार ग्रामीण बैंक बनेगा जिसका मुख्यालय पटना में होगा।

#### तीन चरणों में संख्या 196 से घटकर 43 रह गई

इस सिलसिले में अबतक संचालित तीन चरणों में ऐसे संस्थानों की संख्या 2020-21 तक 196 से घटकर 43 रह गई थी। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का गठन आरआरबी अधिनियम, 1976 के तहत किया गया था। इनके गठन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे किसानों, कृषि मजदूरों और कारीगरों को ऋण और अन्य सुविधाएं प्रदान करना था।

#### क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पास 2000 करोड़ की अधिकृत पूंजी होगी

गुजरात में बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक और सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक को मिलाकर गुजरात ग्रामीण बैंक बनाया जाएगा। अधिसूचना के मुताबिक, सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पास 2,000 करोड़ रुपये की अधिकृत पूंजी होगी।

#### एकीकरण के पहले सरकार ने पूंजी डाली

एकीकरण के पहले इन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में सरकार ने पूंजी भी डाली है। वित्त वर्ष 2021-22 में केंद्र ने दो साल की अवधि में अपने हिस्से के रूप में 5,445 करोड़ रुपये आरआरबी में डालने का फैसला किया था। वित्त वर्ष 2023-24 में आरआरबी का प्रदर्शन कई मापदंडों पर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया।

#### 7571 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज

आरआरबी ने उस साल 7,571 करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया और उनका एकीकृत पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.2 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्चस्तर पर था। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2004-05 में आरआरबी के संरचनात्मक एकीकरण की पहल की थी।

## शेयर बाजार में लौटी रौनक सेंसेक्स 1,089 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 1,089 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई के निफ्टी में 374 अंक की बढ़त रही। एशिया और यूरोप के बाजारों में मजबूती के बीच निचले स्तर पर चौतरफा लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। एक दिन पहले बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में 10 महीने की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,089.18 अंक बढ़त के साथ 74,227.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,721.49 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 29 शेयर लाभ में रहे। निफ्टी भी 374.25 अंक की बढ़त के साथ 22,535.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 535.6 अंक तक चढ़ गया था।

- तीन दिनों से जारी गिरावट पर लगा विराम

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख से स्थानीय मानक सूचकांकों में अच्छी तेजी आई।



#### निवेशकों की संपत्ति 7.32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में मंगलवार को आई तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.32 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शेयर बाजार में तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 7,32,042.69 करोड़ रुपये बढ़कर 3,96,57,703.44 करोड़ रुपये (4,620 अरब डॉलर) पर पहुंच गया।

#### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में रहे। निक्की 225 में छह प्रतिशत की तेजी आई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था।

## भारत से दो लाख करोड़ रुपए से अधिक का स्मार्टफोन निर्यात


### अकेले आईफोन का योगदान 1.5 लाख करोड़ रुपए का रहा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में देश में निर्मित मोबाइल फोन का निर्यात दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जिसमें 1.5 लाख करोड़ रुपये का योगदान अकेले आईफोन का है।

- वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 54 फीसदी वृद्धि हुई

वैष्णव ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में स्मार्टफोन निर्यात में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वैष्णव ने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 में स्मार्टफोन निर्यात दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। स्मार्टफोन अब भारत से निर्यात किए जाने वाले प्रमुख उत्पादों में से एक हो गया है। इस दौरान करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के आईफोन का भी निर्यात हुआ।''



#### गैर-सेमीकंडक्टर उपकरण के लिए अधिसूचना जारी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार हाल ही में घोषित 'गैर-सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण योजना' के लिए एक मसौदा अधिसूचना जारी कर रही है, जो लगभग दो सप्ताह तक परामर्श के लिए खुली रहेगी।

#### भारत आईफोन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा

*दिग्गज अमेरिकी कंपनी एप्पल ने भारत में अपने लोकप्रिय आईफोन का उत्पादन कुछ साल पहले ही शुरू किया है। भारत आईफोन विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में पांच गुना से अधिक और निर्यात में छह गुना से अधिक की वृद्धि हुई है।*

## सोना 200 रुपए टूटा तो चांदी 200 रुपए उछली

**नई दिल्ली।** स्थानीय बाजारों में कमजोर मांग के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये गिरकर 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबार में यह 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



हालांकि, पिछले पांच सत्रों की गिरावट के बाद चांदी की कीमतों में उछाल आया और यह 200 रुपये बढ़कर 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 0.82 प्रतिशत बढ़कर 3,007.60 डॉलर प्रति औंस हो गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा), जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''रुपये की कमजोरी ने तेजी को और बढ़ाया।

## मुद्रा ऋण उद्यमशीलता कौशल प्रदर्शन करने में बना सक्षम : मोदी

योजना के तहत 33 लाख करोड़ रुपए से अधिक गारंटी-मुक्त ऋण स्वीकृत किए गए

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुद्रा योजना के तहत 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के गारंटी-मुक्त ऋण स्वीकृत किए गए हैं और इससे असंख्य लोगों को अपने उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला है।

- पीएमएमवाई की 10वीं वर्षगांठ पर अपने आवास पर चुनिंदा लाभार्थियों से चर्चा की

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) की 10वीं वर्षगांठ पर अपने आवास पर इसके चुनिंदा लाभार्थियों से बातचीत के दौरान मोदी ने कहा कि इससे देश के युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने में मदद मिली है। उन्हें नौकरी चाहने वालों के बजाय रोजगार देने वाला बनने का आत्मविश्वास मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने आठ अप्रैल, 2015 को सदस्य ऋण संस्थानों के माध्यम से गारंटी-मुक्त संस्थागत कर्ज उपलब्ध कराने के लिए पीएमएमवाई की शुरुआत की थी। मोदी ने लोगों से कम से कम पांच से 10 अन्य लोगों को प्रेरित करने और उनका समर्थन करने का आग्रह किया, जिससे उनका आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता बढ़े।



#### मुद्रा योजना में सबसे अधिक महिलाएं आगे आईं

मोदी ने कहा, '' प्रत्येक मुद्रा ऋण अपने साथ सम्मान, स्वाभिमान और अवसर लेकर आता है। वित्तीय समावेश के अलावा इस योजना ने सामाजिक समावेश व आर्थिक आजादी भी सुनिश्चित की है।'' उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना में सबसे अधिक महिलाएं आगे आई हैं।

पीएम ने इस बात का उल्लेख किया कि योजना के तहत 52 करोड़ ऋण वितरित किए जा चुके हैं, जो विश्व स्तर पर एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उन्होंने कहा, '' यह विशेष रूप से उत्साहजनक है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं और 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।''

## सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सेबी ने बनाया खाता

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना आधिकारिक खाता बनाने की मंगलवार को जानकारी दी। सेबी इस पर विनियमनों, आदेशों, परिपत्रों और प्रेस विज्ञप्तियों से संबंधित अधिसूचनाएं साझा करेगा, जो नियामक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगी। बाजार नियामक ने बयान में कहा, 'सेबी से जुड़ी विभिन्न जानकारियों तुरंत पाने के लिए निवेशक, उद्योग जगत, मध्यस्थ व अन्य हितधारक @एसईबीआईयूपीडीएटीईएस (@सेबी_अपडेट्स) से जुड़ें।' इन नए खाते को औपचारिक तौर पर चार अप्रैल को पेश किया गया था।



## हल्दीराम की दिल्ली, नागपुर इकाई के एफएमसीजी कारोबार का विलय पूरा

### हल्दीराम के सीईओ चुटानी ने दी जानकारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हल्दीराम की नागपुर और दिल्ली शाखाओं को मिलाकर हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड बनाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। हल्दीराम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्ण कुमार चुटानी ने पेशेवर मंच लिंक्डइन पर सोमवार को जानकारी दी और लिखा, '' हल्दीराम के सफर का नया अध्याय शुरू और यह एक महत्वपूर्ण अध्याय है। ''

- हल्दीराम अब हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड बन गई

हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड (दिल्ली) और हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (नागपुर) के एफएमसीजी (दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं) कारोबार एक साथ मिलकर हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड (एचएसएफपीएल) बन गए हैं। चुटानी ने कहा, '' यह केवल एक विलय नहीं है। यह एक नई शुरुआत है...विरासत, जुनून और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण का एक सार्थक मिलन है। जहां स्वाद साहसिक विचारों से मिलते हैं तथा यहां से यात्रा और भी रोमांचक हो जाती है।'' विलय को पहले ही निष्पक्ष व्यापार नियामक भारतीय उद्योग परिसंघ (सीसीआई) तथा राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) की संबंधित पीठों से 2023 में विनियामक मंजूरी मिल चुकी है।




#### सौदा 85 हजार करोड़ के मूल्यांकन पर किया गया

*समझौते की विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई लेकिन उद्योग जगत के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि यह सौदा 10 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 85,000 करोड़ रुपये) के मूल्यांकन पर किया गया। इसे भारतीय पैक्ड फूड उद्योग का सबसे बड़ा सौदा माना जा रहा है।*

### सरकार के पास वोडाफोन-आइडिया में 48.99 फीसदी हिस्सेदारी

# सरकार बनी वोडाफोन-आइडिया की सबसे बड़ी हिस्सेदार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वोडाफोन आइडिया (वीआई) क्या अब सरकार की कंपनी बन गई है? यह सवाल कई निवेशकों और ग्राहकों के मन में है, क्योंकि भारत सरकार अब इस टेलीकॉम कंपनी की सबसे बड़ी शेयरधारक बन चुकी है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि वीआई अब एक सरकारी कंपनी बन गई है।

- वोडाफोन और आदित्य बिड़ला ग्रुप के पास बहुमत हिस्सेदारी

इस पूरे मामले को विस्तार से समझते हैं। पहले वोडाफोन आइडिया पर सरकार का 16,133 करोड़ रुपए का बकाया था, जो एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआई) और स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज (एसयूसी) से जुड़ा था। कंपनी के पास नकदी की भारी कमी थी, जिसके चलते वह इस बकाये का भुगतान नहीं कर सकी।




#### कंपनी के बकाया को इक्विटी शेयर में बदला गया

*2023 में सरकार ने वीआई के इस बकाए को इक्विटी (शेयर) में बदलने का फैसला किया। इसके बाद, भारत सरकार को 33.1 प्रतिशत हिस्सेदारी मिल गई और वह कंपनी की सबसे बड़ी शेयरधारक बन गई। अब हाल ही में एक बार फिर सरकार ने वोडाफोन आइडिया (वीआई) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। भारत सरकार की हिस्सेदारी बढ़कर अब 48.99 प्रतिशत हो गई है। दरअसल, वोडाफोन आइडिया पर 36,950 करोड़ रुपए का स्पेक्ट्रम बकाया था जिसे सरकार ने इक्विटी यानी स्टॉक्स में बदल दिया।*

#### क्या अब हो गई सरकारी कंपनी

नहीं, ऐसा नहीं है। कंपनी के प्रारंभिक निवेशक, जैसे वोडाफोन ग्रुप और आदित्य बिड़ला ग्रुप, अभी भी संयुक्त रूप से बहुमत हिस्सेदारी रखते हैं। इसलिए, वोडाफोन आइडिया को पूर्ण रूप से सरकारी कंपनी नहीं माना जा सकता, लेकिन सरकार अब इसकी सबसे बड़ी व्यक्तिगत शेयरधारक बन गई है।

#### अन्य लोगों की हिस्सेदारी

सरकार के पास 48.99 फीसदी हिस्सेदारी होने के बाद वोडाफोन और आदित्य बिड़ला ग्रुप के पास 16.1 फीसदी और 9.4 फीसदी रह गई है। हालांकि, ऑपरेशनल कंट्रोल अब भी इन्हीं कंपनियों के पास रहेगा। सरकार की हिस्सेदारी बढ़ने से बेशक कंपनी को आर्थिक स्थिरता मिलेगी। यही कारण है खबर आने के बाद बाजार खुलते ही वोडाफोन आइडिया का शेयर 20 फीसदी तक चढ़ गया।


## चिंतन

# राज्यपाल अपनी 'शक्ति' के दायरे में ही काम करें

रा राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव का देश में पुराना इतिहास रहा है। ताजा मामला तमिलनाडु का है, जिसमें सुप्रीम अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को संवैधानिक आईना दिखाया है। उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा रोके गए और राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए 10 विधेयकों को मंजूरी दे दी, साथ ही राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपालों के लिए समयसीमा भी तय कर दी है। उच्चतम न्यायालय ने सख्त लहजे में कहा, 'दस विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का राज्यपाल का कदम गैरकानूनी और मनमाना है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों को उस तारीख से स्वीकृत माना जाएगा जिस दिन इन्हें राज्यपाल के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया गया था। शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल को पुनः भेजे गए विधेयकों को पारित माने जाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त अधिकार का इस्तेमाल किया है। समय सीमा निर्धारण का शीर्ष अदालत का अपनी तरह का पहला आदेश है। न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा कार्य निर्वहन किए जाने को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा निर्धारित नहीं है। कोई निश्चित समयसीमा न होने के बावजूद, अनुच्छेद 200 को इस तरह से नहीं पढ़ा जा सकता कि यह राज्यपाल को उन विधेयकों पर कार्रवाई नहीं करने की अनुमति देता है, जिन्हें उनके सम्मुख संस्तुति के लिए प्रस्तुत किया गया है। पीठ ने समयसीमा तय करते हुए कहा कि किसी विधेयक पर मंजूरी रोककर उसे मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से राष्ट्रपति के लिए सुरक्षित रखने की अधिकतम अवधि एक माह होगी। यदि राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना सहमति को रोकने का फैसला किया है तो विधेयकों को तीन महीने के अंदर विधानसभा को लौटाया जाना चाहिए। समयसीमा का पालन नहीं होने पर अदालतों में न्यायिक समीक्षा होगी। समय सीमा के निर्धारण से विधानसभा व राजभवन के बीच जानबूझकर टकराव की स्थिति पैदा नहीं हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट का यह सराहनीय पहल है। अतीत में अनेक बार राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव की स्थिति बनी है। गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों की भूमिका सवालों के घेरे में रहे हैं। अतीत में केरल, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब आदि राज्यों में चुनी हुई सरकार व राजभवन के बीच टकराव देखने को मिला है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब सबसे अधिक अनुच्छेद 356 कर दुरूपयोग देखने को मिला था। जनता पार्टी की अल्प समय की सरकार के समय भी राज्यपाल ने अपनी शक्ति का दुरूपयोग किया था। तमिलनाडु व छत्तीसगढ़ के मामले में पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्य का निर्वाचित प्रमुख नहीं होने के नाते, राज्यपाल विधानसभा सत्र की वैधता पर संदेह नहीं कर सकते या सदन द्वारा पारित विधेयकों पर अपने फैसले को अनिश्चित काल तक रोक नहीं सकते। राज्यपाल को विधानसभा से पारित क़ानून पर सवाल-जवाब करने का अधिकार नहीं है। या तो वे विधेयक पर हस्ताक्षर करें या इस वापस करें। राज्य की विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को राज्यपालों द्वारा दबाए रखना 'आग से खेलने वाला' कदम है जो 'चिंता का विषय' है। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्यपाल 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्ति के दायरे में ही काम करें तो गरिमा बनी रहेगी।

## ऑनलाइन गेमिंग एप्स

मुरारी गुप्ता



# अकर्मण्यता के जाल में युवा ऊर्जा

ज यपुर जिले के कुणाल सिंह को कुछ सालों पहले आईपीएल देखने का चस्का लगा था। मोबाइल पर आईपीएल देखते-देखते वह इसी खेल से जुड़े ऑनलाइन गेम एप में रजिस्टर हो गया। अब क्रिकेट देखने के साथ एप पर खेलने का चस्का लगा। क्रिकेट से ज्यादा एप का शौक पैदा हुआ। कुछ पैसे खाते में आने लगे। उसका चस्का और बढ़ा। पैसा जीतने और हारने के खेल में उसने अपना घर गिरवी रख दिया। घर गिरवी रखने के बाद अब उसकी मानसिक हालात ऐसी है कि वह पागलों की तरह व्यवहार करने लगा है। आये दिन घर में पत्नी और बच्चों के साथ मार-पीट और जैसे-तैसे उधार लेकर नशा उसका रूटीन बन गया है। सड़क के ऊपर चमचमाते बोर्डों पर बड़ी खेल और फिल्म शख्सियतों की तस्वीरों के साथ दिखाए जा रहे रातों-रात अमीर होने के सपनों में देश के युवा किसी गहरी,अनजानी और अकर्मण्यता की सुनसान गली में धंसते जा रहे हैं। यह ऐसी संकरी गली है, जिसकी संकरी दीवारों पर चमचमाते ख्वाब उगे हुए हैं, मगर उनकी जड़ें उंगली भर भी नहीं है। यह लत की संकरी गली है, जिसमें वापसी का कोई रास्ता नहीं है। कई बार यह संकरी गली जीवन के बर्बाद होने और आत्महत्या के महासागर में भी मिल जाती है। तकनीक के विकास के साथ ऑनलाइन गेमिंग एप्स युवाओं के जीवन का दिलचस्प अंग बन चुके हैं। हालांकि, ये एप्स मनोरंजन और कौशल विकास के कुछ अवसर प्रदान कर सकते हैं, लेकिन इनके बढ़ते प्रभाव ने समाज में अनके तरह की चिंताएं पैदा कर दी है। ऑनलाइन सट्टेबाजी, फैंटेसी गेम्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स ने नई पीढ़ी को आर्थिक और मानसिक रूप से बुरी तरह झकझोर दिया है। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन्हें युवा पीढ़ी अपना भाग्य समझती है, अपना सितारा समझती है, वे सितारे ही इन गेम्स को प्रमोट करते नजर आते हैं। इनमें कुछ तो पद्मश्री प्राप्त सितारे भी हैं। बड़ी सेलिब्रिटीज और क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा इनका प्रचार किए जाने से इन गेम्स को सामाजिक स्वीकृति मिल रही है। यह एक गंभीर मुद्दा है। ऑनलाइन गेमिंग एप्स का सबसे बड़ा नकारात्मक प्रभाव युवाओं की उत्पादकता पर पड़ रहा है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि गेमिंग की लत नई पीढ़ी में एकाग्रता की कमी के साथ उनमें मानसिक तनाव और आक्रामकता को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत में लॉटरी गैर कानूनी है। देश में लॉटरी रेगुलेशन एक्ट-1998 लागू है। ये एक्ट साफ तौर पर लॉटरी खेलने पर प्रतिबंध लगाता है। हालांकि इसमें एक छूट दे रखी है कि अगर राज्य सरकारें अपनी आधिकारिक लॉटरी चलाना चाहें, तो ऐसा कर सकती हैं। हालांकि कुछ राज्यों में अब भी लॉटरी चल रही हैं, लेकिन फैंटेसी गेम्स के नाम पर अब कई ऑनलाइन गेम्स चल रहे हैं, जिसे वैधानिक छूट भी प्राप्त है। हालांकि कुछ राज्य सरकारों ने इन फैंटेसी गेम एप्स पर भी प्रतिबंध लगा रखा है। इन गेम्स को कौशल आधारित खेल बताया जाता है, जिसमें गेम खेलने वाला कथित तौर पर अपने कौशल का उपयोग कर टीम बनाता है, और गेम खेलता है। ऑनलाइन गेमिंग के साथ अंतर केवल इतना है कि यह अब डिजिटल हो गया है और बड़ी-बड़ी हस्तियां इसे प्रमोट कर रही हैं। विज्ञापनों में दिखाया जाता है कि ये गेम्स मनोरंजन और कौशल के लिए हैं, लेकिन असल में ये जुए को ही बढ़ावा देते हैं। युवाओं पर इनका गहरा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि वे अपने आदर्शों को फॉलो करते हैं। बड़ा सवाल क्या यह है कि क्या यह नैतिक रूप से उचित है? बड़ी हस्तियों का समाज पर प्रभाव होता है। यदि वे नैतिक जिम्मेदारी निभाएं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। राज्य को ऑनलाइन गेमिंग एप्स को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून बनाने चाहिए। गेमिंग रेगुलेशन बनाकर एक स्पष्ट कानून बनाना चाहिए जिससे इन एप्स की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके। सेलिब्रिटीज को ऐसे गेम्स के प्रचार से रोका जाए। इन प्लेटफॉर्म्स पर 21 वर्ष से कम आयु के लोगों की भागीदारी पर रोक लगनी चाहिए। युवाओं को सिखाया जाए कि कैसे सही तरीके से निवेश किया जाए और आर्थिक नुकसान से बचा जाए। समाज के स्तर भी जागरूकता की आवश्यकता है। माता-पिता को बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। स्कूलों और कॉलेजों में ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचने के उपायों पर चर्चा होनी चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग एप्स, विशेष रूप से सट्टा आधारित खेल, समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं। यदि सरकार और समाज ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है। एक पूरी पीढ़ी अकर्मण्यता की शिकार हो सकती है, जिसका खामियाजा अंततः देश और समाज को होगा।

(लेखक उपन्यासकार और डीडी न्यूज में संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ट्रंप के टैरिफ से सकते में दुनिया



विश्लेषण
ऋतुपर्ण दवे

> उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक की घटना है जिससे क्रुद्ध ट्रंप अब पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रंप के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा ईर्ष्या भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था, लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रंप को घर कर गई। कहीं बदली हुई परिस्थितियों में अमेरिका ही हाशिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतनी सी बात को तो ट्रंप समझ पाते!

ट्रंप के मन में टैरिफ को लेकर आया विचार एकाएक नहीं है। उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक की घटना है, जिससे क्रुद्ध ट्रंप अब पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रंप के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था, लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रंप के मन में घर कर गई और उनके मन में एक गांठ बन गई। हालांकि उसी दौर में उन्हें नकदी की जबरदस्त जरूरत हुई और मजबूरन जापान की ओर आस भरी निगाहों से देखने लगे, लेकिन ट्रंप 1980 के दशक से ही इस बात से बखूबी वाकिफ थे कि मशहूर जापानी निवेशक रॉकफेलर अमेरिकी ब्रांड्स और संपत्तियों के अधिग्रहण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे उनके नजरिये में ऐसा बदला जो आज आयात पर टैरिफ के सच के रूप में हम सबके सामने है। यहीं से उनके दिमाग में अमेरिका का राष्ट्रपति बनने का मंसूबा भी बना और वो लंबी रणनीतियों और विचारों को लोगों से सार्वजनिक मंच पर जाहिर भी करने लगे।

वर्ष 1987 में ट्रंप की किताब 'ट्रंप- द आर्ट ऑफ द डील' में अमेरिकी व्यवसाय पर उनकी विस्तृत सोच के साथ मंशा भी झलकती है। लोकप्रिय द ओपरा शो के होस्ट ओपरा विनफ्रे के साथ भी तभी एक लाइव कार्यक्रम में उनका साफ-साफ कहना कि अमेरिकी विदेश व्यापार नीति को वो कैसे सबसे अलग तरीके से संभालेंगे और इससे अमेरिका के लिए सही कीमत वसूलेंगे उनका रणनीतिक शो था। इतना ही नहीं ट्रंप ने अपने विचारों को एक खुली चिट्ठी के रूप में अमेरिका के सर्वाधिक लोकप्रिय तीन समाचार पत्रों में भी बतौर विज्ञापन प्रकाशित करवाया, जिसमें उनके एक लाख डॉलर खर्च हुए थे। मतलब उनका नजरिया पहले ही साफ हो चुका था। यहां यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उनकी सोच और वास्तविकता में तब और अब में काफी फर्क है। आज अमेरिका का सबसे बड़ा प्रतिद्वन्दी चीन है न कि जापान। 1990 के दशक के युवा रियल एस्टेट डेवलपर डोनाल्ड ट्रंप की सोच आज भी वही है, जबकि धरातल पर समय के साथ काफी कुछ बदल गया है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं। बतौर राष्ट्रपति और व्यवसायी ऐसी सोच अंतरराष्ट्रीय हितों के खिलाफ हो सकती है। जैसा कि साफ झलक रहा है, इससे अमेरिका में विदेशी व्यापारिक निवेश घटेगा जिसका अंतरराष्ट्रीय गठबंधन पर भी असर पड़ेगा। सौ देशों की अमेरिकी 'डिस्काउंटेड रेसिप्रोकल टैरिफ' वाली सूची में भारत भी शामिल है, जिस पर 26 प्रतिशत टैरिफ है जो कई एशियाई देशों की तुलना में कम है। भले ही भारत पर इसका प्रभाव अभी कम पड़े, लेकिन भविष्य को लेकर इसकी कोई गारंटी भी तो नहीं कि कब और कितना बढ़ जाए? इधर चीन ने भी अमेरिका पर 34 प्रतिशत टैरिफ



लगा दिया है, जिस पर तिलमिलाए ट्रंप ने 9 अप्रैल तक इसे वापस नहीं लेने पर 50 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दे रहे हैं। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा।

वहीं दूसरी तरफ ब्लूमबर्ग की हालिया सूची बताती है कि ट्रंप के करीबी मस्क की कुल नेटवर्थ 300 अरब डॉलर के नीचे चली गई है। जनवरी 2025 से अब तक 135 अरब डॉलर यानी करीब 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठा चुके हैं। इसी सोमवार को अमेरिकी बाजार में आई गिरावट से एलन मस्क़ को करीब 40 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जबकि बीते हफ्ते दो दिन में ही मस्क के 31 अरब डॉलर डूब गए। इस तरफ ट्रंप के अघोषित टैरिफ वार से विश्व में सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वालों की सूची में मस्क छठे क्रम पर आ चुके हैं। इस तरह से देखा जाए तो कुल मिलाकर आसार बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं।

नए बजट में ग्रामीण विकास के लिए किया गया 1,88,754 करोड़ तथा किसान कल्याण के लिए बीते बरस की तुलना में 11 प्रतिशत ज्यादा यानी 1.71 लाख करोड़ रुपयों का बजट में प्रावधान बताता है कि हमने अपने आर्थिक मोर्चों पर कैसी तैयारी कर रखी है। यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही 02 अप्रैल 2025 को अमेरिका का मुक्ति दिवस बता रहे हों, लेकिन जिस तरह से दुनियाभर के शेयर बाजार धराशायी हुए, उससे कुछ अलग ही समझ आ रहा है। ट्रंप भले ही कहें कि हमारे करदाताओं को 50 से अधिक वर्षों से लूटा जा रहा है, लेकिन रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने वाला उनका आदेश उनकी ईर्ष्या, खीझ और अजीब सी दूरगामी सोच का ही दर्शाता है। इसमें कोई संदेह नजर नहीं आ रहा है।

अब अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर यूरोपीय यूनियन के टैरिफ के लिए 9 अप्रैल का इंतजार करना होगा, जिस पर मतदान होना है। यदि यह भी जस का तस जैसे रहा तो आसार और बिगड़ सकते हैं। पहले ही दुनियाभर के शेयर बाजार धड़ाम हो चुके हैं और खुद अमेरिका भी इसके असर से अछूता नहीं है।

ट्रंप का अमेरिका में ही विरोध होने लगा है। उन्हें न केवल तानाशाह, बल्कि अर्थव्यवस्था को तहस-नहस करने वाला सनकी तक कहा जाने लगा है। सभी पचास राज्यों में 150 संगठनों का 1200 से ज्यादा प्रदर्शनों में हजारों का जुटना बताता है कि चिंता कितनी गंभीर है। 'हैंड्स ऑफ' नाम के इस प्रदर्शन में शनिवार को हजारों लोग जुटे। 2017 में महिला मार्च और 2020 में ब्लैक लाइव्स आन्दोलन के बाद ट्रंप का ऐसा भारी विरोध हो रहा है। इसके साथ ही एक अहम बात यह भी है कि एलन मस्क का दखल भी अमेरिकियों को पसंद नहीं आ रहा है। उन पर नौकरी में छंटनियों के मंसूबों सहित सत्ता हथियाने जैसे गंभीर आरोप लग रहे हैं। इधर भारत और खुद अमेरिका सहित दुनियाभर के शेयर बाजारों में बीते सोमवार को खुलते ही जबरदस्त तो कहीं ऐतिहासिक गिरावट देखी जा रही है। निश्चित रूप से इसे शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है।

व्यावसायिक हितों और तमाम दूसरे मामलों में सतर्क दुनिया ने एकजुट होकर ट्रंप को जवाब देना शुरू कर दिया है, जिससे वैश्विक ट्रेड वार की आशंका बढ़ गई है। काश ऐसा नहीं होता और डोनाल्ड ट्रंप समझदारी और विवेक से काम लेते। दुनिया में कम से कम खुशहाल इंसानियत के लिए तो सौदेबाजी से बचा जाए, लेकिन ट्रंप नहीं माने और बदली हुई परिस्थितियों में बाकी सभी एकजुट हो आपदा में अवसर तलाशने लगें तो कहीं अमेरिका ही हाशिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतनी सी बात को तो ट्रंप समझ पाते!

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
**दर्शन**

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहां जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहां चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियां हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची।
इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।' !

## सटाका




## आज की पाती

### व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही स्थिर व्यक्तित्व

आज व्यक्ति दो व्यक्तित्व का जीवन जी रहा है। एक उसका बाहरी व्यक्तित्व है जिसे उसके आसपास का वातावरण नियंत्रित करता है। यह व्यक्तित्व परिवर्तनशील है। बाहरी वातावरण के बदलने से यह भी बदल जाता है। उदाहरणतः व्यक्ति जब किसी धार्मिक या आध्यात्मिक वातावरण के संपर्क में आता है तो उसके संपूर्ण व्यक्तित्व में सात्विकता को अनुभव किया जा सकता है और जब बाहरी वातावरण भौतिकवादी होता है तो व्यक्तित्व में भी भौतिकता दृष्टिगोचर होती है। दूसरा है आंतरिक व्यक्तित्व, जो बाहरी वातावरण के कारकों से अप्रभावित रहता है। व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही उसका एक स्थिर व्यक्तित्व हो सकता है। आज हर कोई काफी कुछ होने के बावजूद असंतुष्ट है।

*– पवन यादव, बालोद*

## करंट अफेयर

### 11वें योग दिवस की वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से उलटी गिनती शुरू

न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 75 दिन की उलटी गिनती की औपचारिक शुरुआत हुई। न्यूयॉर्क स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने "योग दिवस में 75 दिन शेष" नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 21 जून को दुनिया भर में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का हिस्सा है। बारिश भरी सोमवार की सुबह, मैनहट्टन और न्यू जर्सी के विहंगम दृश्यों के बीच यह योग सत्र 1,776 फुट ऊंची वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर स्थित 'वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी' में संपन्न हुआ। भारत के वाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लगभग एक घंटे का योग सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिनों की उलटी गिनती के उत्सव का प्रतीक है। 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' की प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक रुचिका लाल ने इस विशेष सत्र का नेतृत्व किया जिसमें उप वाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य, छात्र और योग प्रेमी शामिल हुए। भारत के वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल से बिनय प्रधान ने आत्मिक योग सत्र के साथ उलटी गिनती की शुरुआत की।'



## ऑफ बीट

### विलुप्त प्रजाति 'डायर वुल्फ' से मिलते-जुलते भेडिये मिले

विलुप्त हो चुके 'डायर वुल्फ' से मिलते–जुलते, आनुवंशिक रूप से रूपांतरित तीन भेड़िये अमेरिका में एक अज्ञात सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। यह जानकारी लुप्त प्रजातियों को वापस लाने के लिए काम कर रही कंपनी ने दी। 'कोलोसल बायोसाइंसेज' के शोधकर्ताओं ने बताया कि भेड़ियों के इन शावकों की उम्र तीन से छह महीने के बीच है, इनके लंबे एवं सफेद बाल हैं, मांसल जबड़े हैं और इनका वजन लगभग 80 पाउंड है जो उनके वयस्क होने पर 140 पाउंड तक पहुंच जाएगा। 'डायर वुल्फ' 10,000 वर्ष से अधिक समय पहले विलुप्त हो गए थे।स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने कहा कि इस नवीनतम प्रयास का अर्थ यह नहीं है कि निकट भविष्य में 'डायर वुल्फ' उत्तर अमेरिका के घास के मैदानों में फिर से नजर आएंगे। बफेलो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी विन्सेंट लिंच ने कहा कि 'अब आप बस इतना ही कर सकते हैं कि किसी जीव को सतही तौर पर किसी और जीव जैसा बना दें'', लेकिन विलुप्त प्रजातियों को पूरी तरह से पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता। लिंच इस शोध में शामिल नहीं थे। वैज्ञानिकों ने जीवाश्मों से प्राचीन डीएनए की जांच करके 'डायर वुल्फ' के विशिष्ट लक्षणों के बारे में पता लगाया।



## ट्रेंड

### परिवर्तनकारी सुधार किए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईपीएफओ ने अपने सदस्यों के लिए जीवन को और आसान बनाने के लिए पिछले एक साल में कई परिवर्तनकारी सुधार किए हैं। इन सुधारों के कारण दावों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**- मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री**



### इजराइली बंधकों का दर्द सुना

मैं फिर से इज़रायली बंधकों के रिश्तेदारों से मिला और उनका सुना। मैंने उनके क्रूर अपहरण और भयानक व्यवहार के लिए हमास की निंदा की। मैंने सभी बंधकों को तुरंत और बिना शर्त रिहा करने के अपने आह्वान को दोहराया।

**-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव**



### भाजपा की सत्ता की प्यास

भाजपा की सत्ता की प्यास के आगे कोई प्यास महत्त्व नहीं रखती है। हृदयहीन भाजपा को मन में दयाभाव रखने वाले लोग पसंद नहीं हैं, इसीलिए जिस कर्मचारी ने प्यासे जानवरों को पानी पिलाया, उसी को भाजपा सरकार ने निलंबित कर दिया।

**-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख**



### मुंबई कभी नहीं सोता

अभी भी हम मुंबई में एक ऐसा शहर पा सकते हैं जो कभी नहीं सोता और बड़े सपने देखता है, अजनबी जो आपकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, देश का सबसे बढ़िया खाना, एक ऐसा समुद्र जो आपकी उथल-पुथल को शांत कर देगा।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज

# 21 जून को मनाया जाएगा, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर किया गया योग, स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र जीवन के उत्सव का दिया संदेश

*भारत के महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि वर्ल्ड ट्रेज सेंटर पश्चिमी गोलार्ध की सबसे ऊंची इमारत है, जो लचीलेपन और उम्मीद का प्रतीक है। योग सत्र में ध्यान, योगासन, श्वास क्रिया और आत्म-जागरूकता तकनीकें शामिल थीं*

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

अमेरिका की सबसे ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर सोमवार (स्थानीय समयानुसार) सुबह योग किया गया। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की प्रशिक्षक रुचिका लाल ने किया। इस योग सत्र में न्यूयॉर्क में भारत के उप महावाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी, छात्र और योग उत्साही शामिल हुए। यह तैयारी 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए की गई, जिसके आयोजन में अब 75 दिन बाकी हैं, जो 21 जून को मनाया जाएगा। योग सत्र 1,776 फीट ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी की 102वीं मंजिल पर आयोजित किया गया, जो एक घंटे से अधिक समय तक चला। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनया प्रधान ने सत्र में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बताया कि यह सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिन की उल्टी गिनती के रूप में आयोजित किया गया। यहां से मैनहट्टन और न्यू जर्सी के खूबसूरत दृश्य देखे जा सकते हैं।




टाइम्स स्क्वायर और यूएन मुख्यालय से लेकर कई जगह होंगे आयोजन

पीएम मोदी ने 2023 में योग दिवस समारोह का किया था नेतृत्व

### पूरे अमेरिका में आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

जून में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में, टाइम्स स्क्वायर और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से लेकर अन्य प्रतिष्ठित स्थलों पर पूरे अमेरिका में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनका समापन भव्य योग दिवस समारोह के साथ किया जाएगा। बता दें, पीएम नरेंद्र मोदी ने 2023 में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में ऐतिहासिक योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वार्षिक समारोह के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा था।

**लोगों को एक साथ लाने का अच्छा तरीका**

*ऑफ लिविंग फाउंडेशन की प्रशिक्षक रुचिका लाल ने योग सत्र को अद्भुत बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे ऊंची इमारत पर योग सत्र आयोजित किया जाना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की उल्टी गिनती शुरू करने का सबसे अच्छा तरीका है। योग सत्र शुरू करने से पहले, लाल ने 9/11 हमलों का उल्लेख करते हुए प्रतिभागियों से कहा कि वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का इतिहास हिंसक रहा है। उन्होंने कहा कि योग लोगों को एक साथ लाने का सबसे अच्छा तरीका है।*




**ध्यान, योगासन तकनीकें शामिल**

*महावाणिज्य दूत प्रधान ने योग सत्र की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड ट्रेज सेंटर पश्चिमी गोलार्ध की सबसे ऊंची इमारत है, जो लचीलेपन और उम्मीद का प्रतीक है। महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि इस सत्र में ध्यान, योगासन, श्वास क्रिया और आत्म-जागरूकता तकनीकें शामिल थीं। दिन की शुरुआत शांति और सकारात्मकता के साथ की गई। इस सत्र ने भारतीय प्रवासियों और भारत के मित्रों को स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र जीवन के साझा उत्सव का संदेश दिया।*

---

## खबर संक्षेप

### कोयला खदान में गैस रिसाव, 7 श्रमिकों की मौत



**तेहरान।** ईरान के उत्तरी हिस्से में एक कोयला खदान में गैस रिसाव से सात श्रमिकों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में तीन अफगानी थे। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। हादसा सोमवार दोपहर राजधानी तेहरान से लगभग 270 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में दमघन शहर के पास हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि सुरक्षा उपायों की अनदेखी की वजह से ऐसा भीषण हादसा हुआ होगा। ईरान में हर साल औद्योगिक दुर्घटनाओं में कथित तौर पर लगभग 700 श्रमिकों की मौत होती है।

### पाक में आतंकी कारी को गोलियों से भूना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मौलाना मसूद अजहर के रिश्तेदार कारी एजाज आबिद को ढेर कर दिया। हमलावरों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में पिस्खारा इलाके में मस्जिद से बाहर निकलते समय उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कारी एजाज का खास सहयोगी कारी शाहिद भी बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, कारी एजाज अहले सुन्नत वल जमात नामक संगठन का सदस्य था।

### पाक ने तीर्थयात्रियों को जारी किए 6,500 वीजा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान उच्चायुक्त ने 10 से 19 अप्रैल आयोजित होने वाले बैसाखी पर्व को लेकर भारतीय तीर्थयात्रियों को 6,500 से अधिक वीजा जारी किए हैं। पाकिस्तानी कूटनीतिक मिशन ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच 1974 के धार्मिक स्थलों पर यात्रा प्रोटोकॉल के तहत वाजा जारी किए गए हैं। पाकिस्तानी मिशन के अनुसार, इस बार श्रद्धालु गुरुद्वारा पंजा साहिब, गुरुद्वारा ननकाना साहिब और गुरुद्वारा करतारपुर साहिब जैसे पवित्र स्थलों गुरुद्वारों का दर्शन कर सकेंगे।

---

घुसपैठ रोकने उठाया बड़ा कदम

# भारत-नेपाल की सीमा पर बिना पहचान पत्र एंट्री नहीं



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले सभी नागरिकों को अब पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य हो गया है। एसएसबी ने यह बड़ा कदम देश में घुसपैठ को रोकने के लिए उठाया है। एसएसबी की तरफ से जारी किया गया आदेश भारतीय और नेपाली नागरिकों पर समान रूप से लागू किया गया है। नए आदेश के तहत सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है और प्रवेश करने से पहले सभी को अपनी पहचान प्रमाणित करना जरूरी हो गया है। बता दें कि सीतामढ़ी जिले में भारत-नेपाल सीमा 90 किलोमीटर है। वहीं बिहार के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज से होकर यह सीमा कुल 1,751 किलोमीटर लंबी है।

**चेकपोस्ट पर सुरक्षा मजबूत की**

एसएसबी ने नेपाल सीमा से जुड़े सभी प्रमुख चेकपोस्टों पर सुरक्षा को मजबूत किया है। इन चेकपोस्टों में बैरगनिया, सोनबरसा, सुरसंड, भिट्ठामोड़, कन्हौली, कन्हमां, लालबंदी जैसे प्रमुख स्थान शामिल हैं, जहां सशस्त्र सीमा बल के जवान पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं। अब तक इन सीमा चौकियों पर सिर्फ वाहनों की जांच की जाती थी, लेकिन अब सभी नागरिकों के पहचान पत्र की जांच की जा रही है। इसमें केवल भारतीय नागरिकों को ही नहीं, बल्कि नेपाली नागरिकों को भी अपने वैध पहचान पत्र दिखाने की आवश्यकता है। एसएसबी के जवान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी व्यक्ति को बिना पहचान के भारतीय सीमा में प्रवेश न करने दिया जाए।

**केवल वैध नागरिकों को ही मिलेगा प्रवेश**

नेपाल से भारत में प्रवेश करने के लिए नेपाली नागरिकों को अपनी पहचान को प्रमाणित करने के लिए नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र, नेपाल चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र और नेपाल मिशन द्वारा जारी सीमित वैधता वाला फोटो पहचान पत्र मान्य किया गया है। वहीं, भारतीय नागरिकों के लिए नेपाल यात्रा से लौटने पर अपने पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल वैध नागरिक ही भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर सकें।

---

क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने पीएम मोदी से की मुलाकात

# भारत-यूएई रक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में बढ़ाएंगे सहयोग, रणनीतिक साझेदारी करेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा कि दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान की यह विशेष यात्रा दोनों देशों की गहरी दोस्ती को दर्शाता है। साथ ही भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने भारत और यूएई के बीच मजबूत द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबंधों और कई सारे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन भारत पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रक्ष मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहें। मुलाकात के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने भी खुशी जताते हुए भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मजबूत द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान से मिलकर खुशी हुई।



दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह विशेष यात्रा हमारी गहरी दोस्ती को दर्शाता है। साथ ही भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है। बता दें, दुबई के क्राउन प्रिंस हमदान पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 8 से 9 अप्रैल, 2025 तक भारत की यात्रा पर हैं। इससे पहले भारत पहुंचने पर उनका औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया और केंद्रीय पर्यटन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने उनकी अगवानी की। दुबई के क्राउन प्रिंस के रूप में यह उनकी पहली आधिकारिक भारत यात्रा है।

**भारत पहुंचने पर औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया**

**दोनों देश रक्षा सह-उत्पादन और विकास परियोजनाओं पर ध्यान देंगे**



**दोनों देश शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध**

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी शेख हमदान से एक अलग बैठक की। इसको लेकर उन्होंने बताया कि भारत यूएई के साथ रक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है, जिसमें सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही रक्षा मंत्री सिंह ने अपनी बैठक को उत्पादक बताते हुए कहा कि यूएई के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच रक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा।*

**आपसी संबंधों में स्थायी समृद्धि का लक्ष्य**

शेख मोहम्मद ने एक्स पर ट्वीट कर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि पीएम मोदी से मिलकर मुझे खुशी हुई। हमारी बातचीत ने यूएई और भारत के बीच संबंधों की मजबूती को दिखाता है। ये संबंध विश्वास पर आधारित हैं, जो इतिहास द्वारा आकारित हुए हैं और हमारे समान दृष्टिकोण से प्रेरित हैं, जिसमें अवसरों, नवाचार और स्थायी समृद्धि की दिशा में एक बेहतर भविष्य बनाने का लक्ष्य है।

**क्राउन प्रिंस मुंबई जाएंगे**

राजधानी में कार्यक्रमों के बाद क्राउन प्रिंस मुंबई जाएंगे और शीर्ष भारतीय और अमीराती व्यापार जगत के नेताओं की भागीदारी वाली एक व्यापार गोलमेज बैठक में भाग लेंगे। गोलमेज बैठक में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा जैसे पारंपरिक क्षेत्रों के साथ-साथ फिनटेक, नवाचार और स्थिरता जैसे उभरते क्षेत्रों में व्यापार और निवेश बढ़ाने के अवसरों की खोज की जाएगी।

**जयशंकर से की क्राउन प्रिंस ने मुलाकात**



विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस और संयुक्त अरब अमीरात के डिप्टी पीएम व रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम का भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर स्वागत किया।

---

मुक्त व्यापार समझौते पर चरणबद्ध वार्ताएं कर रहा भारत

# यूरोपीय संघ के साथ दसवें दौर की वार्ता पूरी आस्ट्रेलिया संग दो चरणों की चर्चाएं हुई पूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका की तरफ से उच्च शुल्क लगाए जाने से पैदा हुए अनिश्चित वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चरणबद्ध ढंग से बातचीत करने की संभावना तलाश रहे हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारत ने पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ भी इसी तरह दो चरणों में व्यापार समझौतों पर बातचीत की थी। दोनों पक्षों ने पिछले महीने ब्रसेल्स में इस प्रस्तावित समझौते के लिए दसवें दौर की वार्ता पूरी की थी। अगले दौर की बातचीत मई में नई दिल्ली में होने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के साथ भारत दौरे पर आईं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लिएन के बाद वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।


फाइल फोटो

**2013 में रुक गई थी वार्ता**

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उच्च सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद भारत और यूरोपीय संघ के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ ने आठ साल से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एफटीए पर वार्ता फिर से शुरू की थी।*

**चार देशों की संसद से मिली मंजूरी**

*अधिकारी ने भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच एफटीए को लागू करने की दिशा में हुई प्रगति की भी जानकारी दी। सभी चार यूरोपीय देशों की संसद ने समझौते को मंजूरी दे दी है। दोनों पक्ष इस साल के अंत तक इस समझौते को लागू करने का लक्ष्य बना रहे हैं।*

---

ट्रंप से मिले इजराइल के पीएम

# कहा- अमेरिका के साथ व्यापार घाटे को करेंगे कम, परमाणु कार्यक्रम पर ईरान से करें बात

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टैरिफ को कम करने की बातचीत बेनतीजा रही। ट्रंप ने इजराइल पर 17 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाया है जिसे लेकर नेतन्याहू ने ट्रंप से सोमवार को मुलाकात की थी। ट्रंप ने जवाबी शुल्क कम करने से साफ मना कर दिया हालांकि ट्रंप ने यह संकेत देते हुए कहा कि स्थायी टैरिफ हो सकते हैं और वार्ता भी हो सकती है। हम हर देश के साथ निष्पक्ष और अच्छे समझौते करेंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम उनसे कोई संबंध नहीं रखेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि मैं राष्ट्रपति का



धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे फिर से व्हाइट हाउस आमंत्रित किया। वह एक अद्वितीय मित्र रहे हैं। वह हमारे गठबंधन के महान समर्थक हैं और जो वह कहते हैं, उसे करते भी हैं। हम अमेरिका के साथ व्यापार घाटे को समाप्त करेंगे। हम इसे बहुत जल्दी करना चाहते हैं। हमें लगता है कि यह सही काम है और हम व्यापार बाधाओं को भी समाप्त करेंगे।

**वार्ता उच्चतम स्तर पर होगी**

ट्रंप ने कहा कि वार्ता लगभग उच्चतम स्तर पर होगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह वार्ता कहां होगी और इसके लिए कौन से प्रतिनिधि भेजे जाएंगे। बता दें, ट्रंप ने 2018 में पहले कार्यकाल के दौरान ईरान के साथ परमाणु समझौते से अमेरिका को बाहर कर दिया था। इस समझौते को अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की सरकार ने 2015 में ईरान के साथ किया था।

**ट्रंप की चेतावनी, ईरान को बहुत बड़ा खतरा**

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अब ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम पर सीधे वार्ता करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह वार्ता सफल नहीं होती है, तो ईरान को 'बहुत बड़ा खतरा' हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि यह वार्ता शनिवार से शुरू होगी।

---

अवैध प्रवासियों पर ट्रंप प्रशासन की एक और मार

# यूएस नहीं छोड़ा तो एक मिलियन डॉलर का लगेगा जुर्माना

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार पद संभालने के बाद से 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति पर चलते हुए अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने के लिए ताबड़तोड़ एक्शन लिए हैं। ट्रंप प्रशासन ने न सिर्फ हजारों प्रवासियों को सैन्य विमानों के जरिए डिपोर्ट कर दिया, बल्कि देश में उन पर कड़ी निगरानी भी रखी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी सरकार डिपोर्ट के आदेशों के बावजूद अमेरिका न छोड़ने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही है। ट्रंप प्रशासन ने निर्वासन आदेश के तहत प्रवासियों पर प्रतिदिन 998 डॉलर तक का जुर्माना लगाने की योजना बनाई है। इसके मुताबिक अगर प्रवासी, तय समय सीमा तक अमेरिका छोड़ने में विफल रहते हैं तो भुगतान न करने पर उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी।



प्रवासियों पर प्रतिदिन 998 डॉलर तक का जुर्माना लगेगा

तय सीमा में यूएस नहीं छोड़ा तो उनकी संपत्ति भी होगी जब्त

**होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की चेतावनी**

*यूएस होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की प्रवक्ता ट्रिसिया मैकलॉघलिन ने एक बयान में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों को सेल्फ डिपोर्ट और देश छोड़ने के लिए एक मोबाइल ऐप का उपयोग करने की सलाह दी है। मैकलॉघलिन ने कहा कि अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्हें प्रति दिन 998 डॉलर का जुर्माना भरना होगा।*

**1996 के कानून के सहारे ट्रंप**

इन योजनाओं पर बताया है कि ट्रंप प्रशासन यह जुर्माना पांच साल तक के लिए पूर्वव्यापी रूप से लागू कर सकती है। अगर यह योजना धरातल पर उतारी गई तो प्रवासियों पर एक मिलियन डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस फैसले को अमल में लाने के लिए ट्रंप 1996 के एक कानून का सहारा ले सकते हैं।

---

### अल्लाह ने किसी वजह से ही जिंदा रखा है, मैं वापस आऊंगी: हसीना



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा है कि अल्लाह ने उन्हें किसी वजह से ही अब तक जिंदा रखा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अवामी लीग के सदस्यों की हत्या की है, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। शेख हसीना ने बांग्लादेश में हिंसा में मारे गए अवामी लीग के नेताओं के परिजनों से वर्चुअली बात करते हुए ये बात कही। शेख हसीना को हिंसा के चलते बीते साल अगस्त में पीएम पद के साथ ही देश भी छोड़ना पड़ा था।

शेख हसीना ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर निशाना साधा और कहा कि 'मोहम्मद यूनुस ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने कभी भी लोगों से प्यार नहीं किया। उन्होंने लोगों को ऊंची ब्याज दर पर लोगों को थोड़े-थोड़े पैसे ब्याज पर दिए और उस पैसे से विदेश में आलीशान जिंदगी गुजारी। हम भी उनके दोहरे चरित्र को समझ नहीं सके और हमारी सरकार ने भी उनकी मदद की, लेकिन लोगों को इससे फायदा नहीं हुआ।

---

कनाडा के पीएम स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे

# आध्यात्मिकता से हुए अभिभूत, शांति सद्भावना, समृद्धि की मंगल कामना की

एजेंसी ⏭ टोरंटो

कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्री स्वामीनारायण जयंती के पावन पर्व पर बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, टोरंटो का दिव्य और भक्ति-भावनाओं से परिपूर्ण दर्शन किया। यह शुभ अवसर भगवान श्रीराम और भगवान श्री स्वामीनारायण की पवित्र जयंती का संयुक्त उत्सव था।



**पीएम कार्नी ने नीलकंठ वर्णी महाराज का अभिषेक किया**

*पीएम का स्वागत वैदिक परंपरा के अनुसार नाड़ा-छड़ी (पवित्र सूत्र) बांधकर तथा पुष्प मालाओं से किया गया। वरिष्ठ बीएपीएस संतों ने उन्हें मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा से परिचित कराया। पीएम ने नीलकंठ वर्णी महाराज का अभिषेक कर देश-विदेश में शांति, सद्भावना और समृद्धि की मंगल कामना की। मंदिर की भव्यता, कलात्मक पत्थर की नक्काशी और आध्यात्मिक वातावरण से पीएम अभिभूत हो गए।*

### नरसिंह मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा

# संकल्प शक्ति से सब कुछ संभवः स्वामी नरसिंह देवाचार्य

हरिभूमि, जबलपुर।

यदि आपके संकल्प मजबूत हों तो जीवन में कुछ भी प्राप्त करना असंभव नहीं रह जाता है। महान संकल्प ही महान लक्ष्य की प्राप्ति कराते हैं। संकल्प में बड़ी शक्ति होती है। संकल्प के बल पर ही वानरों द्वारा समुद्र पर सेतु की स्थापना हो पायी और संकल्प शक्ति के बल पर ही पांडवों द्वारा महाभारत के युद्ध को जीता गया। संकल्प शुभ हो, श्रेष्ठ हो और दृढ़ हो तो कुछ भी ऐसा नहीं जिसे प्राप्त न किया जा सके। हमारे निर्णय जितनी बार बदलते रहेंगे हमारी सफलता भी उतनी ही प्रभावित होगी। जितना भी सृजन महान व्यक्तियों के द्वारा इस धरती पर हुआ है, वह अनुकूल परिस्थितियों के कारण नहीं अपितु दृढ़ संकल्पशक्ति के कारण ही हुआ है। संकल्प से मजबूत बनें, कोई भी कार्य असंभव नहीं है।श्री राधा नाम संकीर्तन और स्मरण करने से वातावरण में मौजूद



नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है उक्त उद्गार श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास जी महाराज ने नरसिंह मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा पुराण सप्ताह में व्यासपीठ से व्दितीय दिवस कहे।परम पूज्य श्रीमद् जगदगुरू डॉ स्वामी नृसिंह देवाचार्य जी महाराज श्री के पावन मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा पुराण 7 अप्रैल से 13 अप्रैल तक प्रतिदिन 3 बजे से 7 बजे तक श्री नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज जबलपुर में श्रृद्धालुओं से उपस्थिति का आग्रह है। नरसिंह मंदिर में व्यासपीठ पूजन ब्रम्हचारी हिमांशु कामत शास्त्री प्रियांशु शास्त्री मुख्य यजमान डॉ. राजेश मिश्रा-पूजा मिश्रारोशनलाल मिश्रा-पार्वती मिश्रा ने किया।



### नर्मदा खंड के सिद्ध संत दादा ठन ठन पाल निर्वाण महोत्सव मनाया गया

**जबलपुर।** नर्मदा खंड के सिद्ध संत दादा ठन ठन पाल महाराज जी का चैत्र शुक्ल एकादशी निर्वाण दिवस आनंद महोत्सव एवं नर्मदा पूजन जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक गोल बाजार के पास मनाया गया। सीताराम संकीर्तन के साथ महाआरती अखंड ज्योत प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास ने बताया दादा ठन ठन पाल जी दूसरों का दुख स्वयले लेते थे उनके मुखर बिंदु से जो शब्द भी निकलता था वह स्वयं सिद्ध निकलता था आज भी जबलपुर में उनके सैकड़ो ऐसे उदाहरण है लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण हुई दादाजी का सीताराम संकीर्तन की गांव-गांव में अलख जगाने में विशेष योगदान था। इस अवसर पर नर्मदा महा आरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल श्रीमती सुषमाशंकर पटेल दुर्गा कूर्मि बंटी पटेल करण पटेल श्याम मनोहर पटेल भेड़ाघाट संकीर्तन मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

# बड़ी खेरमाई के जवारों का विसर्जन जुलूस आज

जबलपुर।

प्रसिद्ध गुप्त शक्तिपीठ माँ श्री बड़ी खेरमाई मंदिर का 372वां जवारा विसर्जन शोभायात्रा आज बुधवार 09 अप्रैल को निकाली जाएगी। रात 8 बजे मंदिर परिसर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग से मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही हैं। उधर जिला प्रशासन सुरक्षा और व्यवस्था के चलते चाक चौबंद इंतजाम कर रहा है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल और अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी ने बताया कि जवारा विर्सजन शोभायात्रा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। आज 09 अप्रैल की रात 8 बजे मंदिर परिसर से शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं से अनुरोध किया जा रहा है कि व्यवस्थाओं में सहयोग देते हुए दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। मंदिर परिसर भानतलैया से शुरु हो कर शोभायात्रा दीनानाथ क्रांसिंग, हनुमानताल होते हुए राजा रसगुल्ला की गली से तमरहाई चौक पहुंचेगी, यहां से मिलौनीगंज



चौक होते हुए घोड़ा नक्कास पहुंचेगी, जहां से हनुमानताल थाने के सामने पहुंच कर घाट में जवारों का विसर्जन किया जाएगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा समन्वय बना कर रुट प्लान और सुरक्षा एवं व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा कर ली गई है।

# सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**जबलपुर।** सराफा एसोसिएशन जबलपुर की नवीन सत्र 2025 - 27 की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गत दिवस महेश भवन गोपाल बाग मे आयोजित किया गया। समारोह में अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव, महाकौशल चैंबर आप कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता,जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रेम दुबे, कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स के हिमांशु खरे, म प्र सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष व जबलपुर सराफा एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष राजा सराफ, निवर्तमान सचिव राजेश सराफ, व चुनाव अधिकारी सुरेश सराफ,




कैलाश ताम्रकार, एड. सुनील सोनी मौजूद थे।
अतिथियों ने नव नियुक्त अध्यक्ष अजय बख्तावर एवं उपाध्यक्ष नवीन सराफ, महेंद्र ओसवाल को मंत्री अमित अग्रवाल (अन्नू) कोषाध्यक्ष ओम सोनी, सह मंत्री केके सुहाने, विवेक अग्रवाल व सभी कार्यकारणी सदस्यों को शपथ ग्रहण दिलाई।

### प्रशिक्षण शिविर में जबलपुर से 100 से अधिक रोटेरियन दुर्ग जायेंगे

**जबलपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 का प्रशिक्षण शिविर 12-13 अप्रैल को दुर्ग के रोमन पार्क में रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में भाग लेने के लिए 100 से अधिक रोटेरियन दुर्ग जायेंगे। यह प्रशिक्षण शिविर पूर्व प्रांतपाल रोटे शांशक रस्तोगी के निर्देशन में, प्रशिक्षण शिविर के चैयरमैन रोटे मयंक रोजनदार एवं को-चैयरमैन अंनत अग्रवाल है।

### कांग्रेस पार्षद दल की बैठक आज

**जबलपुर।** नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डु नबी एवं सचेतक अयोध्या तिवारी के नेतृत्व में आगामी बजट सत्र (सदन की बैठक) के पूर्व चर्चा हेतु आज 9 अप्रैल को बुधवार शाम 4:00 नेता प्रतिपक्ष कार्यालय नगर निगम मुख्यालय मे कांग्रेस पार्षद दल की बैठक आयोजित की गई है।

# खस्ताहाल सड़क के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल ने किया प्रदर्शन

### 3 माह में उखड़ गया गुणवत्ता विहीन डामरीकरण

जबलपुर।

महापौर के गृहवार्ड नरसिंह वार्ड की मुख्य सड़क मदनमहल अंडरब्रिज से गंगानगर तक की 300 मीटर की जर्जर सड़क को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने मंगलवार को मदनमहल में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि महापौर ने पिछले वर्ष 15 करोड़ का बजट पारित कराया था, जिसमें गड्ढा मुक्त सड़क का वादा किया था, लेकिन हकीकत में सड़के नहीं गड्ढे है। इस सड़क की हालत अत्यंत ही जर्जर है जिसमें



रोजाना हजारों की संख्या में लोग आवागमन करते हैं पूर्व में इस सड़क का ड़ामरीकरण हुआ था लेकिन गुणवत्ताहीन कार्य के चलते वह सड़क तीन माह भी नहीं चल पाई और पूरी सड़क में सिर्फ गड्ढे ही दिखाई पड़ रहे हैं कांग्रेस पार्षद दल ने भाजपा की नगर सत्ता द्वारा लगातार की जा रही झूठी घोषणाओ को लेकर अंडर ब्रिज से गंगासागर रोड की सड़क पर पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया।

विरोध प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, सचेतक अयोध्या तिवारी, पार्षद संतोष दुबे पंडा, पार्षद श्रीमती अदिति अतुल बाजपेई, पार्षद सत्येंद्र चौबे, पार्षद श्रीमती तुलसा लखन प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत सिंह गुर्जर, सलिल चौकसे, प्रमोद पटेल, डिक्की जॉन, आदि उपस्थित रहे।



### चौसठ योगिनी मंदिर के पास की गई प्याऊ की व्यवस्था

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा 30 मार्च 2025 से 90 दिवस हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर परिषद भेड़ाघाट में चौसठ योगिनी मंदिर के पास प्याऊ की व्यवस्था की गई, जिसमें निकाय के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी एवं उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया, विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दुबे, आशीष जैन, पार्षद अजय पटेल, सजल तिवारी, परिषद के सदस्यों सहित निकाय के सीएमओ विक्रम सिंह झारिया, लक्ष्मी नारायण दुबे, ओभी मुखर्जी, विजय कोरी, सुनील बैरागी, संदीप बर्मन, रज्जन पटेल, विजय भूमियां, सचिन पटेल सहित कर्मचारियों की उपस्तिथि उल्लेखनीय रही।

# रादुविवि में शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का 58वाँ शपथ विधि समारोह सम्पन्न

### संस्था का हित सर्वोपरि होना चाहिएः मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का 58वाँ शपथ विधि समारोह प्रहलाद सिंह पटेल, केबिनेट मंत्री, म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य आतिथ्य, विधायक अशोक रोहाणी के सारस्वत आतिथ्य, माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता, राकेश सिंह गुर्जर, प्रांताध्यक्ष म.प्र. विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ एवं कुलसचिव डॉ. आर.के. बघेल के विशिष्ट आतिथ्य में आज विश्वविद्यालय के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में भव्यता के साथ आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने



सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति से बड़ा संगठन होता है और संगठन से बड़ा देश होता है। अतः आपके लिए संस्था अर्थात विश्वविद्यालय का हित सर्वोपरि होना चाहिए। विधायक अशोक रोहाणी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पूरी निष्ठा से कर्मचारियों के हित में कार्य कीजिए। विष्वविद्यालय कर्मचारी संघ समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कर्मचारी संघ संरक्षक एवं माननीय कुलगुरु प्रो. वर्मा ने कहा कि सदैव की भांति कर्मचारी, अधिकारी और प्राध्यापक एक दूसरे के पूरक बनकर कार्य करें तभी विश्वविद्यालय का विकास होगा। कुलगुरु प्रो. वर्मा ने कर्मचारी संघ के नए पदाधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में कर्मचारी महासंघ के ग्वालियर, महू, रीवा एवं इन्दौर से पधारे हुए पदाधिकारियों सहित प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. एस.एस. संधू, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. गजेन्द्र सिंह, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. निधि सक्सेना, डॉ. विनय तिवारी, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. विनीता तिवारी सहित सभी कर्मचारी, अधिकारी, प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

### यूटीएस ऑनलाईन मोबाइल एप से की जा सकेगी बुकिंग

# एमएसटी रेल टिकट बुक करना अब और भी आसान

**जबलपुर।** जबलपुर मंडल में यात्री मासिक सीजन रेल टिकट (एमएसटी) भी यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से बुक कर सकते हैं। जबलपुर मंडल में पिछले 6 महीनों में अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक कुल 48,423 मासिक सीजन रेल टिकट बुक किए गए, जिनमें से 25,481 टिकट यानी लगभग 53 प्रतिशत टिकट यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से बुक किए गए।

### एमएसटी क्या है?

एमएसटी यानी मंथली सीजन टिकिट एक प्रकार का मासिक रेल टिकट है जो यात्रियों को रोज़ाना आने-जाने के लिए बार-बार टिकट लेने की झंझट से मुक्ति देता है। यह टिकट एक अधिकतम 150 किलोमीटर के लिए मान्य होता है और महीने भर रेल यात्राओं की सुविधा देता है।

**डिजिटल सुविधाः** अब एमएसटी भी मोबाइल ऐप से बुक की जा सकती है, पेपरलेस और कैशलेस जिससे पेपर एमएसटी खोने का डर भी नहीं रहता क्यूंकि अब आपका मोबाइल ही आपकी एमएसटी है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता ने बताया कि "मासिक सीजन रेल टिकट (एमएसटी ) भी यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से बुक किया जा सकता है, जो कि दैनिक यात्रियों के लिए बहुत ही उपयोगी व सुविधाजनक है।

# अभाविप का प्राध्यापक अब्दुल करीम खान के खिलाफ फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जबलपुर महानगर द्वारा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया महाविद्यालय में पदस्थ प्राध्यापक अब्दुल करीम खान के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन। करीम खान पिछले कई समय से कई छात्राओं को अश्लील मैसेज व वीडियो भेजता था जिसकी जानकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को लगी वे इन छात्रों के साथ मिलकर महाविद्यालय में प्रदर्शन किया व FIR भी कराया।विद्यार्थी परिषद के महानगर मंत्री ऐश्वर सोनकर ने कहा की ऐसे शिक्षा के मंदिर में दूषित मानसिकता के लोगों को बिल्कुल नहीं होना चाहिए व छात्रा प्रमुख अंचल मिश्रा ने कहा की करीम जैसे शिक्षक यहां गंदगी फैला रहे है इनकी घटिया

**अब्दुल करीम खान छात्राओं को भेजता था अश्लील मैसेज व वीडियो**

सोच इनके शब्दों में दिखाई पड़तीहै ।किया व FIR भी कराया। अब्दुल करीम महाविद्यालय के पढ़ने वाली छात्राओं को व्हाट्सएप पर लगातार अश्लील मैसेज व वीडियो भेजता था जानकारी के अनुसार ऐसी वह दर्जनों छात्रों को भेज चुका जहां कई छात्राओं ने बताया करीम खान की नियत छात्राओं के प्रति अच्छी नहीं रहती थी व करीम खान कहता था कि यदि तुम मेरी बात नहीं मानी तो फैल कर दूंगा जिसमें छात्रा के न्याय के लिए आक्रोशित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की व थाने में एफआईआर कराया।

प्रदर्शन के दौरान महानगर मंत्री ऐश्वर सोनकर,प्रांत छात्रा प्रमुख अंचल मिश्रा, प्रांत सह मंत्री आर्यन पुंज, महाविद्यालय अध्यक्ष हर्ष बेन, शशक शर्मा, आयुष यादव, सार्थक कोरी, अनमोल सोनकर, आशुतोष पटेल एवं महाविद्यालय के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल का किया अभिनंदन

### अमेरिका के शिकागो से मिली फैलोशिप, किए गए सम्मानित

**जबलपुर।** संस्कारधानी के जाने माने हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल को शिकागो यूएसए में आयोजित कार्यक्रम में फैलोशिप अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी से प्राप्त हुई है। डॉ पुष्पराज पटेल की कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग ने बड़े पैमाने पर फल दिया है। चिकित्सा के क्षेत्र क्षेत्र में बेहद उल्लेखनीय स्थान रखने वाले इस फेलोशिप को प्राप्त करने के बाद पहली बार संस्कारधानी आगमन पर डॉक्टर पुष्पराज पटेल का आत्मीय अभिनंदन किया गया। विभिन्न



सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संगठनों के अलावा शहर के गणमान्य जनों ने डॉक्टर पुष्पराज पटेल को फूल मालाओं से लादकर उनकी इस उपलब्धि की शुभकामनाएं दी और इसे संस्कारधानी के लिए सौभाग्य का विषय बताया। गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल का भव्य स्वागत स्टेडियम परिवार और हार्ट रिसर्च एसोसिएशन के तत्वाधान में किया गया। डॉ पुष्पराज पटेल को शिकागो यूएसए में आयोजित एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ गिरीश शिवहरे, डॉ प्रदीप पटेल, श्री संतोष विश्वकर्मा, पत्रकार राजेश विश्वकर्मा,पत्रकार, अमित गुप्ता, हरिओम हजारी, राजेंद्र पचौरी, हेमंत बड़गैया, नीलम बड़गैया, शोभा बैरागी, आनंद बघेल, आज़ाद अंसारी आदि उपस्थित रहे।

CHANGE OF NAME
I, SANDHYA (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of ARMY NO. 8431770Y Rank NAIK Name PRADEEP SINGH OF UNIT HQ MB AREA (1624 FPO) presently residing at MOHALLA-BANGALIPURA, BANDA (UP) I have changed of my name from SANDHYA (name as per my Husband army service records) to SANDHYA SINGH (name as per my AADHAR CARD NO. 8322 5969 1881 AND PAN CARD vide Affidavit dated (Date of the Affidavit 08/04/2025 before RAMDAS SHARMA Public notary JABALPUR MP HIGH COURT, (MP)
CORRECT NAME
SANDHYA SINGH
INCORRECT NAME-SANDHYA

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्र/05/अ-6/2024-25
आम इश्तहार
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती फ्रांसिस्का डियास पति डोमनिक डियास एवं मीसेल एलिजा डायस/ श्रीमती मोनिका डायस पुत्री स्व. डोमनिक डियास ने नजूल ब्लाक नं.-32 प्लाट नं.-2/1, 2/4, 2/5 एवं 2/7 निर्मित रकवा/ रकवा 500 व.फु./ अवि. हिस्सा-/ व.फु./हे विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक-03/11/1998 मृत्यु दिनांक 04/11/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण मे आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-32 प्लाट नं. -2/1, 2/4, 2/5 एवं 2/7 निर्मित रकवा/ रकवा-500 व.फु./ अवि. हिस्सा- / व.फु. हे./ग्राम -सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-500 व.फु./ है. श्री डोमनिक डियास के नाम दर्ज है।
अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 21/04/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नही की जायेगी।
इश्तहार आज दिनांक 02/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-02/04/2025
पेशी दिनांक-21/04/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

### राईट टाउन स्टेडियम में आचार्यश्री समयसागर महाराज ससंघ उपस्थित होंगे

# विश्व णमोकार दिवस पर योग, ध्यान एवं जप आज

जबलपुर।

जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) जबलपुर चैप्टर द्वारा विश्व शांति हेतु विश्व योग, ध्यान एवं जप कार्यक्रम विश्व णमोकार दिवस के रुप में आयोजित किया जा रहा है। जबलपुर के राईट टाउन स्टेडियम में आज 9 अप्रैल बुधवार को राईट टाउन स्टेडियम में सुबह 6.30 बजे से आरंभ होने वालें इस कार्यक्रम को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल कराने के लिए प्रयास हो रहे है। इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल जुड़ेंगे। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जीतो के जबलपुर चैप्टर के अध्यक्ष राहुल बड़कुल ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे पंडित रविशंकर शुक्ल राइट टाउन स्टेडियम में योग एवं ध्यान के साथ प्रारंभ होगा। योग एवं ध्यान सत्र के लिए मुंबई और पतंजलि योग केंद्र से विशेष प्रशिक्षक आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम में आचार्य समय सागर महाराज एवं उनके संघ के 30 से अधिक मुनि और माताजी इस कार्यक्रम में आशीर्वाद देने उपस्थित होंगे,

### प्रधानमंत्री वर्चुअल जुड़ेंगे

महासचिव आशीष वर्धमान कोठारी ने बताया कि सुबह 6:30 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ योग, ध्यान होगा, जिसमें आचार्य श्री के आशीर्वचन का श्रवण करने का अवसर मिलेगा। सुबह 8:27 बजे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। संयोजक शैलेश जैन आदिनाथ ने बताया कि बैठने की व्यवस्था को सुचारु बनाने और योग, ध्यान सत्र के लिए स्थल पर विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### महिलाएं पीले और पुरुष सफेद वस्त्र धारण करेंगे

पूर्व अध्यक्ष चौधरी सुबोध जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्री दिगंबर जैन पंचायत सभा, श्री श्वेतांबर जैन समाज, जैन नवयुवक सभा, दिगंबर जैन संरक्षण सभा सहित श्वेतांबर एवं दिगंबर पंथ की सभी सामाजिक संस्थाएं शामिल होंगी, लेडीज विंग की अध्यक्ष विनीता बड़कुल एवं नीलिमा जैन ने बताया कि महिलाएं पीले व केसरिया वस्त्र पहनेंगी, जबकि पुरुष सफेद वस्त्र धारण करेंगे। दिगंबर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन एवं श्वेतांबर जैन सभा के अध्यक्ष मंगलचंद टाटिया ने बताया कि यह आयोजन सभी धर्मों और वर्गों के लोगों के लिए योग, ध्यान एवं विश्व शांति के उद्देश्य से किया जा रहा है, जीतो यूथ विंग के अध्यक्ष मयंक सिंघाई एवं सचिव हर्ष सिंघई ने कहा कि संपूर्ण विश्व में हो रहे योग, ध्यान एवं णमोकार मंत्र आयोजन में जबलपुर अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देगा, ताकि इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया जा सके।

### वैश्विक स्तर पर 108 देशों में हो रहा आयोजन

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष विश्व णमोकार महामंत्र दिवस का आयोजन वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है, जिसमें 108 देशों में एक साथ करोड़ों लोग योग, ध्यान एवं णमोकार मंत्र का सामूहिक जाप करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के विज्ञान भवन से इस आयोजन में वर्चुअली सम्मिलित होकर इस आध्यात्मिक पहल को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सहयोग करेंगे, योग, ध्यान एवं णमोकार मंत्र सभी धर्मों के लिए समान रूप से कल्याणकारी और प्रभावशाली है। इस में किसी विशेष व्यक्ति, जाति या संप्रदाय की वंदना न होकर समस्त सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और साधु-साध्वियों को नमन किया जाता है, जो पापों के नाश, मानसिक शांति और मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करने में सहायक माना जाता है।

# कोटा में एडमिशन फीवर, देशभर से पहुंच रहे स्टूडेंट-पेरेन्ट्स

## कोचिंग के साथ केयरिंग का दिखा असर, एडमिशन्स में भारी उत्साह

**कोटा।** कोचिंग इंस्टीट्यूट द्वारा नए सेशन के बैच की डेट्स घोषित करने के साथ ही यहां एडमिशन्स का दौर शुरू हो गया है। हजारों की संख्या में स्टूडेंट्स-पेरेंट्स कोचिंग संस्थानों में एडमिशन के लिए आ रहे हैं। कोटा में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से लेकर कोचिंग संस्थानों तक में रौनक नजर आ रही है। स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट्स के इंतजार में समय गंवाए बिना आईआईटी जेईई और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की तैयारी के लिए कोटा आ रहे हैं। कोटा के अधिकांश कोचिंग संस्थानों में अप्रैल माह में बैच शुरू हो रहे हैं। कोटा के एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में एडमिशन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स को फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप भी दी जा रही है। शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में पिछले एक सप्ताह में हुए ओरियंटेशन सेशन्स में हजारों स्टूडेंट्स पेरेंट्स शामिल हुए। इस बार कोटा शहर में स्टूडेंट्स को बदला हुआ माहौल मिल रहा है। यहां कोचिंग और कॅरियर के साथ केयरिंग की भी बात हो रही है। कोटा शहर के आमजन कोचिंग संस्थानों के साथ मिलकर स्टूडेंट्स की केयरिंग पर फोकस कर रहे हैं। यहां आने वाले स्टूडेंट्स और पेरेंट्स को परिवार जैसा माहौल देने के साथ ही बेस्ट इकोसिस्टम दिया जा रहा है।



यही कारण है कि एडमिशन्स में भी उत्साह नजर आ रहा है। जिला प्रशासन, पुलिस, जनप्रतिनिधि, आमजन, कोचिंग संस्थान मिलकर कोटा को केयरिंग सिटी बना रहे हैं। यहां हॉस्टल, मैस, ऑटो यूनियन सहित सभी हितधारक जुड़ रहे हैं और कोटा आने वाले स्टूडेंट्स पेरेंट्स के केयरिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश से कोटा आई एलन स्टूडेंट रितिका राजवंशी ने बताया कि कॅरियर सिटी कोटा में क्वालिटी एवं कम्पिटिशन दोनों हैं। इसके साथ-साथ क्वांटिटी भी है। क्योंकि यहां देश के लगभग हर राज्य से बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स आते हैं। कोटा कोचिंग में स्टूडेंट्स के साथ पेरेंट्स की भी कोचिंग करवाई जा रही है। यहां ओरियंटेशन के साथ ही पेरेंट्स के लिए विशेष पेरेंटिंग सेशन्स लिए जा रहे हैं। इन सेशन्स में विभिन्न विषयों के एक्सपर्ट्स द्वारा अभिभावकों को पेरेंटिंग के बारे में बताया जा रहा है। कोटा केयर्स कैम्पेन के तहत जिला प्रशासन की पहल पर कोचिंग स्टूडेंट्स को फन एक्टिविटी से लेकर चम्बल रिवर फ्रंट और सिटी पार्क तक में करवाई जा रही आउटिंग। कोटा केयर्स कैम्पेन के तहत जिला कलक्टर, शहर पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारी भी कोचिंग स्टूडेंट्स के बीच पहुंचते हैं और उन्हें मोटिवेट करते हैं। स्टूडेंट्स को सुरक्षित माहौल देने के लिए कोचिंग क्षेत्रों में पुलिस ने अस्थाई चौकियां स्थापित की हैं तथा समय-समय पर पुलिस कोचिंग एरिया में फ्लैग मार्च करती है, सिटी एसपी खुद भी इसमें शामिल होती हैं। शहर पुलिस द्वारा कोटा-सेफ्टी ऑफ स्टूडेंट्स एप लांच किया गया है, जिसमें पैनिक बटन दबाते ही बच्चों को मिल रही तुरंत मदद। जिला प्रशासन खुद तैयार करवा रहा स्टूडेंट्स की यूनिक आईडी। मानसिक स्वास्थ्य कोचिंग संस्थानों द्वारा फोकस किया जा रहा है। संस्थानों में इसके लिए अलग से विंग की स्थापना की गई है, ताकि समय-समय पर विद्यार्थियों की काउंसलिंग की जा सके। कोटा केयर्स कैम्पेन से हॉस्टल संचालक, ऑटो यूनियन, मैस, डॉक्टर्स सहित सभी आमजन जुड़कर स्टूडेंट्स की केयर कर रहे हैं। मेरे लिए कोटा वरदान से कम नहीं है, पूरे परिवार की जिंदगी बनाई है। मेरी तीन बेटियां कोटा एलन में पढ़कर डॉक्टर बनी हैं।

# सोनालीका ने वित्त वर्ष 2025 में अब तक की सर्वाधिक ट्रैक्टर बिक्री की

**नई दिल्ली।** प्रमुख ट्रैक्टर और कृषि मशीनीकरण ब्रांड सोनालीका और सोलिस के संचालक इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 का समापन अब तक की सर्वाधिक 1,53,764 कुल वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री और 14.8 फीसदी कुल बाजार हिस्सेदारी के साथ किया है। इस दौरान घरेलू बाजार में सोनालीका ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा और ये कंपनी की प्रसिद्ध हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज के कारण संभव हुआ है जिसने पूरे भारत के साथ-साथ 150 देशों में लोकप्रियता हासिल करना जारी रखा है। ये वर्ष खास इसलिए भी रहा क्योंकि आई टी एल समूह को प्रतिष्ठित फॉर्च्यून 500 भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की सूची में 237वाँ रैंक के साथ अपनी पहली प्रविष्टि मिली और भारत के शीर्ष 10 ऑटो ब्रांड्स में मान्यता दी गई। सोनालीका के बुनियादी मूल्य जैसे ग्राहक के प्रति जुनून और निरंतर इनोवेशन लगातार कंपनी को आगे बढ़ा रहे हैं। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने अपनी तरह की एक खास नीति जैसे एक देश.एक ट्रैक्टर.एक कीमत प्रस्तुत की जो अपने ग्राहकों के लिए समानतापूर्ण विश्वास और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। कंपनी की वेबसाइट पर ट्रैक्टर की कीमतें प्रदर्शित करना पिछले दो वर्षों से एक बेजोड़ कदम है जो किसानों को मानसिक शांति का आश्वासन देता है। इसके साथ ही, कंपनी ने इस वर्ष महाराष्ट्र में चीता सीरीज जैसे जबरदस्त ट्रैक्टर भी पेश किए जिसमें 18.32 एचपी सेगमेंट के अंतर्गत सबसे बड़े इंजन, मजबूत हाइड्रोलिक्स, नया लुक और 4डी कूलिंग है। जो किसानों को बागवानी में चीता जैसी फुर्ती और रफ्तार सुनिश्चित करता है। कम शक्ति ट्रैक्टरों से लेकर उच्च शक्ति ट्रैक्टरों के निर्माण तक आई टी एल ने यह सुनिश्चित किया है कि होशियारपुर, पंजाब में स्थित दुनिया के नंबर 1 एकीकृत और रोबोटिक ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से तैयार प्रत्येक हेवी ड्यूटी ट्रैक्टर किसानों को पूर्ण संतुष्टि प्रदान करे। इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, वर्ष 2025 के दौरान किसानों के सच्चे पार्टनर बने रहने के हमारे दृढ़ संकल्प ने हमें अब तक की सर्वाधिक 1,53,764 कुल वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री और 14.8 प्रतिशत कुल बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में मदद की है। यह उपलब्धि एक ऐसे खास वर्ष का प्रतीक है, जिसने हमें फॉर्च्यून 500 भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की सूची और भारत में शीर्ष 10 ऑटो ब्रांडों में शामिल किया।



# गेहूं का घरेलू उत्पादन 21 लाख टन बढ़कर 1154 लाख टन सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने का अनुमान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने गेहूं का घरेलू उत्पादन 2023-24 सीजन के 1133 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर से करीब 21 लाख टन बढ़कर 2024-25 के वर्तमान रबी सीजन में 1154 लाख टन के सर्वकालीन सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने का अनुमान लगाया है। इस अनुमान से प्रतीत होता है कि चालू वर्ष के दौरान घरेलू प्रभाग में गेहूं की आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति अत्यन्त सुगम बनी रहेगी और इसकी कीमतों पर नियंत्रण रहेगा, लेकिन पिछला अनुभव इसकी गवाही नहीं देता है।

गौरतलब है कि सरकार ने 2023-24 के सीजन में 1132.90 लाख टन गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन आंका था, लेकिन फिर भी मंडियों में इसकी आवक कम हुई और कीमत ऊंची बनी रही। गेहूं एवं इसके मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्यात पर लम्बे समय से प्रतिबंध लगा हुआ है। सरकार ने इस पर भंडारण सीमा भी लगा दिया था लेकिन फिर भी न तो आपूर्ति बढ़ी और न ही कीमत घटी। हालत यह हो गई कि दिसम्बर 2024 से फरवरी 2025 के दौरान सरकार को अपने स्टॉक से 30 लाख टन गेहूं को मिलर्स- प्रोसेसर्स के हाथों बेचने के लिए विवश होना पड़ा। यदि 1133 लाख टन गेहूं का उत्पादन हुआ होता तो इन अतिरिक्त उपायों की जरूरत ही नहीं पड़ती। अब एक बार फिर सरकार ने 1154 लाख टन से अधिक गेहूं के रिकॉर्ड घरेलू उत्पादन का अनुमान लगाया है लेकिन उद्योग- व्यापार क्षेत्र को इस पर संदेह है। उसका कहना है कि गेहूं का उत्पादन पिछले साल से कुछ अधिक हो सकता है लेकिन सरकारी अनुमान की तुलना में बहुत कम होगा।



### गेहूं के सरकारी एवं व्यापारिक उत्पादन अनुमान में भारी अंतर

*विभिन्न उद्यमियों एवं व्यापार विश्लेषकों के अनुसार गेहूं का वास्तविक उत्पादन अधिक से अधिक 1100 लाख टन और कम से कम 980 लाख टन हो सकता है। इस तरह गेहूं के सरकारी एवं व्यापारिक उत्पादन अनुमान में भारी अंतर रहने से बाजार में दुविधा की स्थिति बनी हुई है। सरकार अधिक से अधिक गेहूं खरीद कर बफर स्टॉक को ऊंचा बनाना चाहती है ताकि अभाव के दिनों में वह प्रभावी ढंग से बाजार में हस्तक्षेप करने में सफल हो सके। गेहूं की खरीद का लक्ष्य 313 लाख टन नियत किया गया है जो पिछले साल की कुल वास्तविक खरीद 266 लाख टन से 47 लाख टन ज्यादा है। सरकार के पास करीब 124 लाख टन का पिछला स्टॉक भी मौजूद है जिससे केन्द्रीय पूल में गेहूं की अच्छी उपलब्धता हो सकती है।*

# पेट्रोल पंप संचालक बोले-एक्साइज ड्यूटी बढ़ाकर सरकार ने अपनी आमदनी बढ़ाई

## राहत की बात तब होती, जब पेट्रोल -डीजल के दाम घटते

### क्रूड के दाम घटने से 8 रुपए पहुंच गया था कंपनियों मार्जिन जिसे कम किया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मौजूदा समय में क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) का दाम 64 डालर प्रति बैरल है। इस मान से पेट्रोलियम कंपनियों का मार्जिन करीब 8 रुपए बढ़ गया है जिसे केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 2 रुपए की बढ़ोत्तरी का भार बतौर कंपनियों के मार्जिन पर डाला है। जिससे कंपनियों का मार्जिन 2 रुपए घटकर अब 6 रुपए हो गया है। अगर सरकार को ग्राहकों की इतना ही चिंता थी तो सरकार को चाहिए था कि बतौर एक्साइज ड्यूटी के रुप में 2 रुपए अपने पास जमा कर रही है उसका लाभ उपभोक्ताओं को देना था और डीजल -पेट्रोल के दाम 2 रुपए प्रति लीटर कम करना था। यह बात मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कही।



### ग्राहक हितैषी नहीं है यह निर्णय : अजय सिंह



राजधानी के पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से अपने व्यक्तव्य में एसोसिएशन के अध्यक्ष **अजय सिंह** ने कहा कि सरकार कंपनियों के मार्जिन को कम करके ग्राहकों पर बोझ नहीं पड़ने की बात कह रही है वह ग्राहक हितैषी नहीं हैं। सरकार ने बतौर एक्साईज ड्यूटी में वृद्धि कर अपनी आमदनी बढ़ाई है तो दूसरी तरफ कंपनियों के मार्जिन को कम किया है। उन्होंने कहाकि क्रूड ऑयल के घटे दाम का लाभ देने के लिए सरकार को डीजल -पेट्रोल के दाम में 2 रुपए प्रति लीटर की कमी करनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में राजधानी भोपाल जिले में करीब 180 पेट्रोल पंप संचालित है और 12 लाख लीटर डीजल एवं साढ़े 9 लाख लीटर पेट्रोल की रोजाना खपत है। भोपाल में सोमवार को पेट्रोल 106.62 प्रति लीटर और डीजल 91.98 रुपए प्रति लीटर के दाम रहे।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नही

सरकारी पीएसयू कंपनियों का कहना है कि एक्साइज ड्यूटी में बढ़ोतरी से पेट्रोल और डीजल की रिटेल कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। यानी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं होगा। वित्त मंत्रालय ने इस बारे में एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके अनुसार पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी अब 13 प्रति लीटर हो गई है। वहीं, डीजल पर यह ड्यूटी 10 प्रति लीटर हो गई है। आदेश में यह नहीं बताया गया है कि इसका खुदरा कीमतों पर क्या असर होगा, लेकिन इंडस्ट्री के सूत्रों का कहना है कि खुदरा कीमतों में बदलाव होने की संभावना नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें गिर गई हैं। इसलिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती होनी चाहिए थी। बढ़ी हुई एक्साइज ड्यूटी को उसी कटौती के बदले एडजस्ट किया जाएगा।

# पेट्रोल-डीजल पर टैक्स बढ़ने से खजाने में आएंगे 32,000 करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले एसएईडी यानी स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी को बढ़ाया है। इसमें 2 रुपए प्रति लीटर का इजाफा हुआ है, जो मंगलवार से लागू हो गया है। इस बढ़ोतरी से सरकार के खजाने में हर साल लगभग 32,000 करोड़ रुपए आने का रास्ता साफ होगा। हालांकि सरकार का कहना है कि एक्साइज ड्यूटी में बढ़ोतरी का असर पेट्रोल और डीजल के दामों पर नहीं पड़ेगा। बीईडी यानी बेसिक एक्साइज ड्यूटी की दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 हो सकता है निराशाजनक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितता और सबसे बड़े बाजार अमेरिका में सुस्ती की आशंकाओं को देखते हुए विश्लेषक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की भारतीय कंपनियों के वृद्धि परिदृश्य को लेकर चिंतित हैं। विश्लेषकों का मानना है कि वित्त वर्ष 2024-25 के कमजोर प्रदर्शन के बाद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी आईटी कंपनियों के लिए परिदृश्य निराशाजनक हो सकता है। विश्लेषकों के मुताबिक कंपनियों के विवेकाधीन खर्च पर दबाव बढ़ने की आशंका को देखते हुए निकट भविष्य में सुधार की उम्मीदें कम हो गई हैं। उन्होंने कहा कि अगले तीन-छह महीनों में कंपनियों की आय में कमी और चालू वित्त वर्ष के मार्गदर्शन में गिरावट जैसी नकारात्मक खबरें भी आ सकती हैं। आईटी कंपनियों के लिए खुदरा और विनिर्माण खंड अधिक कमजोर माने जा रहे हैं। हालांकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि कंपनियां अपने 'अस्तित्व से संबंधित व्यय' और जेनरेटिव एआई पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।

### ब्याज दरें 9.99 फीसदी से शुरू, कोई फोरक्लोजर शुल्क नहीं

# जियो फाइनेंस एप पर सिर्फ 10 मिनट में मिलेगा 1 करोड़ रुपए तक का लोन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की एनबीएफसी कंपनी जियो फाइनेंस लिमिटेड ने



अपने ग्राहकों के लिए एक नई सुविधा शुरू की है। अब लोग अपने शेयरों और म्यूचुअल फंड्स को गिरवी रखकर डिजिटल तरीके से लोन ले सकते हैं। इसे 'लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज' नाम दिया गया है। इस सेवा के जरिए ग्राहक सिर्फ 10 मिनट में 1 करोड़ रुपये तक का लोन ले सकते हैं। यह पूरी प्रक्रिया जियो फाइनेंस एप के जरिए होगी, जो आसान और तेज है।

### जोखिम के हिसाब से तय होगी ब्याज दर

जियो फाइनेंस का कहना है कि यह लोन लेने का एक सुरक्षित तरीका है। ग्राहकों को अपने निवेश को बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे अपने शेयरों या म्यूचुअल फंड्स को इस्तेमाल करके पैसों की जरूरत पूरी कर सकते हैं। लोन की ब्याज दर 9.99 फीसदी से शुरू होगी, जो ग्राहक के जोखिम के हिसाब से तय की जाएगी। यह लोन अधिकतम तीन साल तक के लिए लिया जा सकता है और इसे समय से पहले चुकाने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा।

### ग्राहकों के लिए आसान होंगी सुविधाएं

*जियो फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ कुसल रॉय ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि ग्राहकों को वित्तीय सेवाएं आसानी से और जल्दी मिलें। लोन अगेंस्ट सिक्योरिटीज हमारी डिजिटल रणनीति का हिस्सा है। यह कदम हमारी सोच को दर्शाता है कि वित्तीय सेवाएं ग्राहक के लिए सुविधाजनक और उपयोगी हों।*

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- नटराज पैन पैंसिल स्वा... के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238 (रायपुर 14 अप्रैल 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों ... तथ्यों में संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें।
नसों की कमजोरी वासदी, पानु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
09083218330

# राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# तीन बैंकों में अमरनाथ यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन

**भोपाल।** इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी,जो 38 दिनों की होगी। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए भोपाल के तीन बैंकों एवं प्रदेश में 31 बैंकों की शाखाओं में 15 अप्रैल से बायोमेट्रिक के माध्यम से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे। भोपाल में रजिस्ट्रेशन जम्मू कश्मीर बैंक जवाहर चौक, पंजाब नेशनल बैंक न्यू मार्केट, स्टेट बैंक न्यू मार्केट में होंगे। रजिस्ट्रेशन प्रदेश में पीएनबी की 24 शाखाओं में, एसबीआई की पांच शाखाएं , जम्मू कश्मीर बैंक की दो विभिन्न जिलों में संचालित शाखाओं में होंगे। बैंकों के माध्यम से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन का शुल्क 150 रुपए प्रति व्यक्ति होगा। रिंकू भटेजा ने बताया कि रजिस्ट्रेशन करने से पूर्व कम्पलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनाना अनिवार्य होता है मगर अभी तक श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा मध्य प्रदेश के अधिकृत डॉक्टर की लिस्ट जारी नहीं की गई है।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
मों. 9340637789


## शब्द पहेली - 5831



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश,खानदान-2
6. आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी,इच्छा,चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास,नौकर,सेवक-5
14. अग्नि,आग-3
16. चयनित,स्वीकृत-4
17. जाति,संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत,व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश,अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान,माइन-2
32. आश्रय,पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में,अधर में-2,2
3. आफत,आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति,चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम ,आसक्ति-3
13. नीर,जल-2
15. भाग्य,तकदीर-3
17. जंबुल,जांब-3
18. टेंशन,परेशानी-3
20. काया,बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी,रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा,चोंचला-3
27. पूड़ी,गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5830 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5841

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5840 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



## जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

लाइफ Style



# अपूर्वा

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंगः इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।


उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

हॉलीवुड मसाला



## 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।




## आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



## नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



## 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

टीवी मसाला




## कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमो में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल



मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'

## 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।



***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

## *इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी*

***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरु ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*



### *इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए*

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना

आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फिल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फिल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

### अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान


## इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल

***नई दिल्ली।*** *किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*

**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि, ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।



**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लूः पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।






# मार्च में खूब चला श्रेयस का बल्ला, बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मार्च 2025 महीने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के श्रेयस अय्यर को नामित किया। उनके साथ-साथ न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रविंद्र भी इस पुरस्कार के लिए नामांकित हुए हैं। बता दें कि इन तीनों खिलाड़ियों ने मार्च 2025 में अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ महिलाओं में अमेरिका की चेतना प्रसाद, ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वॉल को नामित किया गया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी में जमकर बटोरे थे रन

अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय बल्लेबाजी क्रम में संकटमोचक बनकर उभरे थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली थी। अय्यर इस संस्करण में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 5 पारियों में 48.60 की औसत और 79.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 243 रन बनाए थे। उन्होंने मार्च में 3 वनडे में 57.33 की औसत से 172 रन बनाए थे।



### मार्च में ऐसा रहा रचिन रविंद्र का प्रदर्शन

रचिन रवींद्र ने अपनी ऑलराउंड क्षमता के साथ न्यूजीलैंड को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में पहुंचाया था। मार्च में उन्होंने 3 वनडे मैचों में 50.33 की शानदार औसत और 106.33 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए थे। दूसरी तरह गेंदबाजी में उन्होंने 4.66 की इकॉनमी रेट के साथ 3 विकेट भी चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 108 रन की पारी खेली थी।

### ऐसा रहा कीवी गेंदबाज डफी का प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने मार्च में शानदार प्रदर्शन किया था। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 8.38 की औसत और 6.17 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए थे। उनके अविश्वसनीय प्रदर्शन के चलते ही न्यूजीलैंड ने 4-1 से सीरीज अपने नाम की थी। डफी ने मार्च के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ पहले वनडे में भी 2 विकेट लिए थे।


अलग खबर

## रोहित शर्मा के नाम पर हो सकता है वानखेड़े स्टेडियम का स्टैंड



**मुंबई।** बीते सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में शिकस्त मिली। फिलहाल इस लीग में हिस्सा ले रहे एमआई के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा से जुड़ी अच्छी खबर है। दरअसल, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन रोहित के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम रख सकती है।
**15 अप्रैल को हो सकता है अंतिम फैसला :** बता दे कि एमसीए को अपने क्लब सदस्यों से वानखेड़े स्टेडियम के बाहर स्टैंड या विभिन्न स्थानों के नाम, भारतीय खिलाड़ियों के नाम पर रखने के अनुरोध और प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, सदस्यों की ओर से सुझाव आए हैं और ऐसी खबर है कि 15 अप्रैल को इस पर निर्णय लिया जाएगा।


## आईपीएल में स्थापित होने में चार साल लग गए : पडिक्कल



**मुंबई।** युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का मानना है कि लगातार फ्रेंचाइजी टीम बदलना बेहद चुनौती पूर्ण होता है जिसके कारण उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में एक क्रिकेटर के रूप में स्थापित होने में तीन से चार साल लग गए। पडिक्कल ने आईपीएल में अपने करियर की शुरुआत 2020 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से की थी। आरसीबी में दो साल बिताने के बाद वह अगले दो साल तक राजस्थान रॉयल्स से जुड़े रहे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 2024 में लखनऊ सुपर जॉइंट्स ने अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन मौजूदा सत्र में उनकी अब आरसीबी में वापसी हुई है। पडिक्कल ने सोमवार को आरसीबी की मुंबई इंडियंस के खिलाफ 12 रन से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा आईपीएल में एक क्रिकेटर के रूप में मैं जो हूं उसे पाने में मुझे तीन-चार साल लग गए। यह इतना आसान नहीं है।

## रजत की जीत की खुशी गायब 12 लाख का लगा जुर्माना

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 20वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को हराते हुए 10 साल बाद वानखेड़े स्टेडियम पर जीत दर्ज की। इस यादगार जीत के बाद कप्तान रजत पाटीदार को बड़ी सजा मिली है। दरअसल, मैच में आरसीबी के धीमी ओवर गति बनाए रखने को लेकर पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पाटीदार ने भी पराग ने भी इस गलती को मानकर जुर्माना स्वीकार कर लिया है। आईपीएल की ओर से मामले में कहा गया है, आरसीबी पूरे मैच में धीमी ओवर गति से चल रही थी। यह न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन है। चूंकि, आचार संहिता के तहत यह आरसीबी का पहला अपराध था। इसलिए कप्तान पाटीदार पर न्यूनतम 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि मैच के बाद पाटीदार ने मैच रैफरी के सामने धीमी ओवर गति का अपराध स्वीकार कर लिया था।



### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| पंजाब | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्थान | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप




नूर अहमद
10 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप लिए अतिरिक्त स्टाफ

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने उत्तर प्रदेश के झांसी में चल रही सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों को चिकित्सा और रिकवरी में सहयोग के लिये अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ भेजा है जिसमें एक फिजियो और एक मालिशिया शामिल है। इस साल चैम्पियनशिप में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के 31 खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं जिनमें हार्दिक सिंह, जरमनप्रीत सिंह, कृशन बी पाठक, अभिषेक, अमित रोहिदास, सुमित, गुरजंत सिंह और संजय शामिल हैं।



### सेंडा विश्व कप में भारतीय वुशु खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन

**जियांगयिन।** भारतीय वुशु खिलाड़ी मुकेश चौधरी ने 75 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता जबकि पांच अन्य खिलाड़ी यहां 10वें सेंडा विश्व कप के फाइनल में पहुंच गए। छह सदस्यीय भारतीय दल ने अब तक टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ उल्लेखनीय कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया है। भारत के अभियान का अब तक का मुख्य आकर्षण चौधरी रहे हैं जिन्होंने फाइनल में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी पर प्रभावशाली जीत दर्ज करके 75 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। कुशाल ने 48 किग्रा वर्ग में यमन के अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर फाइनल में जगह बनाकर भारत की जीत का सिलसिला जारी रखा। रवि पांचाल ने 65 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर फाइनल में जगह बनाई जबकि 52 किग्रा वर्ग में अनुज कुमार और 85 किग्रा वर्ग में रजत चरक भी स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे।



## आईपीएल : निकोलस पूरन ने खेली 87 रन की नाबाद पारी

# आखिरी ओवर तक रोमांचक रहा मुकाबला लखनऊ ने कोलकाता को 4 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 4 रन से हराते हुए अपनी तीसरी जीत दर्ज की है। ईडन गार्डन स्टेडियम में हुए मैच में एलएसजी ने पहले खेलते हुए 238/3 का स्कोर बनाया था। जवाब में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआरकी टीम 234/7 का स्कोर ही बना सकी।

### इस तरह से रहा रोचक मुकाबला

एलएसजी से एडेन मार्करम (47) और मिचेल मार्श (81) की सलामी जोड़ी ने 99 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत मिलने के बाद बल्लेबाजी के लिए आए निकोलस पूरन ने 36 गेंदों में नाबाद 87 रन बनाए और टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में क्विंटन डिकॉक (15) के जल्दी आउट होने के बाद केकेआर से सुनील नरेन (30), वेंकटेश अय्यर (45) और अजिंक्य रहाणे (61) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।




### पूरन ने पूरे किए 2000 रन

पूरन ने इस पारी के दौरान खास उपलब्धि हासिल की है। अपनी पारी का 30वां रन बनाते ही उनके आईपीएल करियर में 2,000 रन भी पूरे हो गए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले 52वें बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने सर्वाधिक रनों के मामले में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने इस लीग में 83 मैचों में 2,029 रन बनाए थे।

### केकेआर ने पावरप्ले में बनाए 90 रन

केकेआर ने शुरुआती 6 ओवर के बाद 90/1 का स्कोर बनाया था। यह पावरप्ले ओवर्स में केकेआर का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। बता दें कि केकेआर का शुरुआती 6 ओवर्स में सबसे बड़ा स्कोर 105/0 (बनाम आरसीबी 2017) रहा है।

### रहाणे के टी-20 में 7000 रन

रहाणे ने अपने टी-20 करियर में 7,000 रन पूरे किए। उनके अब टी-20 करियर में 276 मैचों की 259 पारियों में 7,036 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 105* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 2 शतक और 50 अर्धशतक लगाए हैं। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए रहाणे ने 35 गेंदों में 61 रन की पारी खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 33वां अर्धशतक लगाया। यह उनके बेमिसाल टी-20 करियर का 50वां अर्धशतक रहा।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन माक्रम बो राणा | 47 | 28 | 4 | 2 |
| मिचेल मार्श का सिंह बो रसेल | 81 | 48 | 6 | 5 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 87 | 36 | 7 | 8 |
| अब्दुल समद बो राणा | 06 | 04 | 1 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 04 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन, योग : 20 ओवर में 3 विकेट पर 238 रन
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-35-0, जॉनसन 3-0-46-0, चक्रवर्ती 4-0-31-0, राणा 4-0-51-2, नारायण 3-0-38-0, रसेल 2-0-32-1

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक पगबाधा बो आकाशदीप | 15 | 9 | 0 | 2 |
| नारायण का माक्रम बो राठी | 30 | 13 | 4 | 2 |
| अजिंक्य रहाणे का पूरन बो ठाकुर | 61 | 35 | 8 | 2 |
| वअय्यर का माक्रम बो आकाशदीप | 45 | 29 | 6 | 1 |
| रमनदीप का माक्रम बो बिश्नोई | 01 | 02 | 0 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी का पंत बो आवेश | 05 | 04 | 1 | 0 |
| आंद्रे रसेल का मिलर बो ठाकुर | 07 | 04 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 38 | 15 | 6 | 2 |
| हर्षित राणा नाबाद | 10 | 09 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 20 रन, योग : 20 ओवर, 234/7 रन
गेंदबाजी : आकाशदीप 4-0-55-2, ठाकुर 4-0-52-2 आवेश 4-0-45-1, राठी 4-0-33-1, बिश्नोई 4-0-47-1

# गुजरात अपना दबदबा कायम रखेगी या फिर आरआर तोड़ेगी उसका गुरूर, फैसला आज

**अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुकाबला शाम 7.30 बजे से**

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 23वां मैच गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 9 अप्रैल को होगा। मौजूदा सीजन में अब तक जीटी ने 4 में से 3 मैच जीते हैं, जबकि आरआर ने अपने 4 में से 2 मुकाबलों में जीत दर्ज की हुई है।शुभमन गिल की कप्तानी वाली जीटी अपने घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाना चाहेगी। जीटी और आरआर के बीच होने वाला यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।
**आरआर के खिलाफ जीटी का पलड़ा रहा है भारी :** दोनों टीमों के बीच हुए मैचों में गुजरात टाइटंस का पलड़ा भारी रहा है। जीटी और आरआर के बीच अब तक कुल 6 मुकाबले खेले गए हैं। पांच मुकाबलों में गुजरात टाइटंस को जीत मिली है और सिर्फ 1 मैच राजस्थान रॉयल्स ने अपने नाम किया है। आईपीएल 2024 में दोनों के 1 मुकाबला खेला गया था, जिसमें जीटी ने जीत दर्ज की थी। आरआर ने जीटी के खिलाफ अपनी इकलौती जीत आईपीएल 2023 में दर्ज की थी।



### सफल रही सुदर्शन-गिल जोड़ी

गुजरात टाइटंस ने अपने पिछले 3 मैचों में जीत दर्ज की थी और गिल के नेतृत्व में टीम अपने जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। अब तक साई सुदर्शन और गिल की सलामी जोड़ी सफल हुई है। ये सलामी जोड़ी एक बार फिर अच्छी शुरुआत दिलाना चाहेगी।

संभावित टीमः साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और इशांत शर्मा।

## भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा अनूठा हर मुकाबला, अलग मैदान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला खेलेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार, यह सीरीज विशेष रूप से अनूठी होगी क्योंकि भारत के सभी आठ मुकाबले आठ अलग-अलग स्थानों पर खेले जाएंगे। भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में भारी उत्साह है. यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम इंडिया इस चुनौतीपूर्ण श्रृंखला में किस तरह प्रदर्शन करती है।

**दो यूनियन टेरिटरीज व 6 राज्यों होंगे मुकाबले**
ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने 2025-26 सीजन के अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसमें पहली बार सभी छह राज्यों और दो यूनियन टेरिटरीज में अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित किए जाएंगे। इससे क्रिकेट प्रशंसकों को पूरे देश में अपने पसंदीदा सितारों को देखने का अवसर मिलेगा। भारत के अलावा, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड की टीमें भी इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
N.I.T. NO/PWD/08/PRO No.26 — **द्वितीय निविदा सूचना** — Dated 08/04/2025
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_415160_1 Date- 09/05/2025 | सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन वार्ड क्रं. 58 भोला नगर में रंगमंच की खाली जगह पर चबूतरा टीन शेड एवं बाउड्री वाल के साथ गेट लगाये जाने का कार्य। | 03 माह 2.11 लाख | 2000/- 2116/- | 23/05/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।
कार्यपालन यंत्री
(लोककर्म) नगर निगम जबलपुर

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सं.: डीएल_एचडब्ल्यूएच_ फ्लेक्सी_ कॉइल_147, दिनांक: 07.04.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/लोको, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: **डीएल_एचडब्ल्यूएच_ फ्लेक्सी_ कॉइल_147** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** 01 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा डीजल शेड, पूर्व रेलवे, हावड़ा में डब्ल्यूएपी4 इलेक्ट्रिक लोको की 50 फ्लेक्सी कॉइल बोगियों की मरम्मत/ओवरहॉलिंग। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 65,63,457.95, **बयाना राशि:** रु. 1,32,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 04.04.2025 को 12.11 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 16.04.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 30.04.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-11/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**
क्र./जविप्रा/2025/सम्पदा/158 जबलपुर, दिनांक 08/04/2025
**आम सूचना**
जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा योजना क्रमांक - 64 ( ग्राम मोहनियाँ, बहदन, सिमरिया ) एवं योजना क्रमांक - 65 (ग्राम बसहा, कचनारी, मोहनियाँ, गढ़ा ) की अधिग्रहीत भूमियों पर यथाशीघ्र आंतरिक विकास कार्य प्रारम्भ कराये जा रहे हैं। अत: साईट क्लियरेन्स हेतु इस योजना के भूमिस्वामियों को पूर्व में योजनाधीन भूमियों पर खेती कार्य नहीं करने हेतु सूचित किया जा चुका था, किन्तु निरंतर खेती कार्य किया जा रहा है। इस आम सूचना के माध्यम से यो. क्र- 64 एवं यो.क. - 65 के भूमिस्वामियों को पुन: सूचित किया जाता है कि योजनाधीन भूमियों पर खेती कार्य नहीं किया जावे एवं जनहित तथा शहर विकास के लिये अधोसंरचना विकास में अपना सहयोग प्रदान किया जावे। यदि भूमिस्वामियों द्वारा खेती कार्य चालू रखा जाता है एवं विकास कार्य के दौरान फसलों को क्षति होती है तो इसकी जिम्मेदारी प्राधिकरण की नहीं होगी।
**(मु.का. अधि. महोदय द्वारा यथा आदेशित)**
कार्यपालन यंत्री
जबलपुर विकास प्राधिकरण
जबलपुर

## तीन माह होंगे रोमांचक मुकाबले, शेड्यूल हुआ जारी

# टीम इंडिया का द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम का अक्टूबर से दिसंबर का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस दौरान भारतीय टीम वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के साथ सीरीज खेलेगी। पहली बार किसी टेस्ट मैच की मेजबानी गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को दी गई है। इस मैदान पर भारत और साउथ अफ्रीका के बीच मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, पहली बार कोई मेन्स इंटरनेशनल मैच मोहाली के मल्लापुर स्टेडियम में खेला जाएगा।

**जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज**
जून में भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। उसके बाद अक्टूबर से दिसंबर का यह समय भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा क्योंकि इन तीन महीनों में भारतीय टीम पूरी तरह से इन दोनों सीरीज में व्यस्त रहेगी। इससे पहले भारतीय टीम को और भी कई महत्वपूर्ण सीरीज खेलनी हैं।

**तीन माह के भीतर होगी दोनों से भिड़ंत**
भारतीय टीम के वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले अक्टूबर में होंगे। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। वहीं साउथ अफ्रीका के साथ भारतीय टीम दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले नवंबर-दिसंबर में खेले जाएंगे।



### वेस्ट इंडीज के खिलाफ शेड्यूल

वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और कोलकाता में मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरा मुकाबला 10 अक्टूबर से कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

### द.अफ्रीका के खिलाफ शेड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टेस्ट | नई दिल्ली 14 से 18 नवंबर |
| दूसरा टेस्ट | गुवाहाटी 22 से 26 नवंबर |
| पहला वनडे | रांची 30 नवंबर |
| दूसरा वनडे | रायपुर 3 दिसंबर |
| तीसरा वनडे | वाइजेग 6 दिसंबर |
| पहला टी-20 | कटक 9 दिसंबर |
| दूसरा टी-20 | मुल्लांपुर 11 दिसंबर |
| तीसरा टी-20 | धर्मशाला 14 दिसंबर |
| चौथा टी-20 | लखनऊ 17 दिसंबर |
| पांचवां टी-20 | अहमदाबाद 19 दिसंबर |

पारा 41 डिग्री के पार पहुंचा, फिर भी नहीं बदला स्कूलों का समय

# भीषण गर्मी मासूम बच्चों पर ढहा रही स्कूल जाने का सितम

*भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों पर जुल्म ढाया जा रहा है। जिस तरह से तापमान परवान चढ़ रहा है और गर्म हवाओं के झोंके चल रहे हैं, उससे छोटे बच्चों को लू लगने की आशंका जताई जा रही है। सुबह 8 बजे से ही तेज धूप लोगों को विचलित करने लगती है। बगैर जरूरी काम के लोग घरों से निकलना नहीं चाहते। इसके बावजूद शिक्षण संस्थाएं भर दोपहरी 1 से 2 बजे के बीच में छूट रही हैं। पैदल आने जाने वाले बच्चे चिलचिलाती धूप में आ रहे हैं तो ऑटो और बसें भी धूप में खड़ी होने के कारण इस तरह तप जाती हैं कि गर्म झार छोड़ती हैं।*

हरिभूमि जबलपुर।

निजी स्कूल वाले कमाई के चक्कर में बच्चों को स्कूल आने मजबूर करते हैं। स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग उठ रही है लेकिन विडंबना यह है कि शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। मध्यप्रदेश में अभी भी 7.30 से 2 बजे तक स्कूलें लग रही हैं और कुछ निजी स्कूलें तो ढाई बजे तक लग रही हैं। कर्मचारी संघ, अभिभावक संघ का कहना है कि भीषण गर्मी में बच्चों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। गर्मी की वजह से शालाओं में उपस्थिति प्रभावित हो रही है। शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में शालाओं को लगाने का औचित्य क्या है। जिम्मेदार लोग गर्मी से बचने के लिये खुद अपने एसी दफ्तरों में दुबके बैठे हैं और बच्चों की चिंता सरकार पर छोड़कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। वैसे भी अब 7 दिन महावीर जयंती, अंबेडकर जयंती, गुड फ्राइडे, परशुराम जयंती और तीन रविवार के अवकाश रहेंगे इस तरह से कुल 15 दिन कुल स्कूल लगनी है। यदि स्कूलों का समय बदल दिया जाता या अवकाश घोषित कर दिया जाता है तो कुछ बनने बिगड़ने वाला नहीं है। क्योंकि 1 मई से डेढ़ महीने का ग्रीष्मकालीन अवकाश हो जाएगा।



### आसपास के जिलों में समय बदला

भीषण गर्मी में छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। जिन्हें सुबह 7 से दोपहर की तपती गर्मी में 2 या 3 बजे तक स्कूल में रहना पड़ रहा है। ऐसे में बच्चों की सेहत पर विपरीत असर पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता। बावजूद इसके अभी तक जिला प्रशासन या शिक्षा विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। जबकि मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दिनों में तापमान और अधिक बढ़ेगा जो इसी माह 45 से अधिक पहुंच सकता है।

### सुबह की पाली में स्कूल लगाने की मांग

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव को देखते हुए शालाओं को प्रातः पाली में लगाने की मांग की है। संगठन के जिला अध्यक्ष- ज़ियाउर्रहीम, राजेश सहारिया, शहीर मुमताज़, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, हेमंत ठाकरे, रऊफ खान, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, आदि ने कलेक्टर से मांग की है कि स्कूलों को प्रातः पाली में लगाने के आदेश जारी किए जाएं।

### मंगलवार को 41 डिग्री पर पहुंचा पारा

अप्रैल के पहले सप्ताह मंगलवार को तापमान लगभग 41 डिग्री के पार चला गया, आगामी दिनों में पारा और बढ़ने की संभावना है। ऐसे मौसम मे भी छोटे-छोटे बच्चे दोपहर की चुभती जलती गर्मी में स्कूल से लौटने को मजबूर है।

अमेरिकी टैरिफ बार से भारत पर होने वाले प्रभावों पर किया चिंतन

- भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के बैनर तले जुटे कृषि वैज्ञानिक व अर्थशास्त्री
- अमेरिका प्रथम के सामने आत्मनिर्भर भारत की होगी जीत

# ग्लोबल आर्थिक मंदी का भारत पर नहीं होगा कोई असरः डॉ पीके मिश्रा

हरिभूमि जबलपुर।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा विश्व के अनेक देशों पर लगाए गए टैरिफ के बाद उपजी स्थिति पर चिंतन करने भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के बैनर तले कृषि वैज्ञानिक, कृषि अर्थशास्त्रीयों व विषय विशेषज्ञों ने चिंतन किया। जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के सॉइल साइंस कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित संगोष्ठी में अपनी बात रखते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ पी के मिश्रा ने विस्तृत चर्चा में कहा कि भारत का कृषि क्षेत्र स्थायी है। कोरोना जैसी महामारी के समय भी न केवल हमने अपनी खाद्यान्न आवश्यकता को पूरा किया बल्कि वसुधैव कुटुंब के भाव के साथ विश्व के अन्य देशों को भी खाद्यान्न का निर्यात किया। श्री मिश्रा ने कहा कि वैश्विक मंदी के दौर में भारत को घबराने की आवश्यकता नहीं है। भारत चुनौतियों में भी अवसर तलाश कर कीर्तिमान बनाने वाला देश है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने कहा कि टैरिफ के माध्यम से अमेरिका भारत के कृषि बाजार में घुसकर कब्जाने की जुगत में हैं। भारत को कड़े निर्णय के साथ अमेरिका के सामने झुकने की जरूरत नहीं है।



श्री चौधरी ने फसल विविधीकरण, डब्ल्यूटीओ समझौतों, इनपुट सब्सिडी आदि विषयों पर भी चर्चा की। इससे पूर्व संगोष्ठी का शुभारंभ जेएनकेवी के कुलगुरु डॉ पी के मिश्रा, बीईएआरसी के अध्यक्ष व प्रधानमंत्री एमएसपी कमेटी के सदस्य प्रमोद चौधरी, किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल व प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल ने सरस्वती माता के पूजन व दीप प्रज्वलन कर किया। संगोष्ठी में उपस्थित मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन व कृषि अर्थशास्त्री डॉ ब्यौहार ने आयात निर्यात नीति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि अमेरिका के टैरिफ लगाने के बावजूद भी भारत में निवेश बढ़ने की संभावना है। वैश्विक परिदृश्य में भारत में व्यापार के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। जिसका लाभ भारत को मिलेगा और भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सिरमौर होगी। डायरेक्टर रिसर्च डॉ जी के कौतु ने कहा कि कृषि शोध कार्य से हम नई नई किस्में पैदा कर खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बने है और हम अब उच्च पोषणयुक्त किस्मों के उत्पादन की दिशा में अग्रसर हैं। किनोवा जैसे सुपर फूड कहे जाने वाली फसलें भी भारत में पैदा हो रहीं हैं जिनकी वैश्विक मांग जोरो पर हैं। आजीविका सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा व पर्यावरण सुरक्षा, आईटी, रसायन, व्यापार नीति आदि पर विभिन्न कृषि वैज्ञानिकों में डॉ दीपक राठी, कमल यादव, प्रदीप कुमार, भरत पटेल, मोहन सिंह, ब्रजेश दीक्षित आदि ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर संगोष्ठी में डॉ आशीष, डॉ राधेश्याम शर्मा, डा चंद्रशेखर पांडे, डॉ शुभम पटेल, डॉ हितेंद्र राय, डॉ आर एस रघुवंशी, डॉ मनोज कुमार, डॉ शैलेश कुमार, डा आलोक कुमार शर्मा आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर एकेडमिक डॉ अभिषेक शुक्ला ने किया।

हाई कोर्ट ने टिप्पणी के साथ निरस्त की याचिका

# आदिवासी की भूमि कलेक्टर की अनुमति बिना बेचना अवैध

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा कि आदिवासी की भूमि कलेक्टर की अनुमति के बिना बेचना अवैध है। लिहाजा, राजस्व अधिकारी की अनुमति से किया गया विक्रय अनुचित है। कलेक्टर की अनुमति के बिना किया गया हस्तांतरण शून्य, अमान्य व अवैध है। जस्ट विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने राजस्व मंडल, ग्वालियर के अध्यक्ष के आदेश की पुष्टि करते हुए याचिका निरस्त कर दी।

नर्मदापुरम निवासी आरएन श्रीवास्तव की ओर से याचिका दायर की गई थी। इसमें राजस्व मंडल, ग्वालियर के अध्यक्ष द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि सर्वेक्षण क्रमांक 75 में स्थित जमीन 1983-84 खुमान सिंह के नाम पर दर्ज था। इसके बाद वर्ष 1985-1986 में गैर आदिवासी व्यक्ति बालकृष्ण शर्मा ने अपना नाम दर्ज करा लिया। बालकृष्ण शर्मा के बेटे ने उक्त जमीन याचिकाकर्ता सहित अन्य व्यक्तियों को बेच दी थी। मूल जमीन



राजस्व अधिकारी की अनुमति से किया गया विक्रय अनुचित,कलेक्टर की अनुमति के बिना किया गया हस्तांतरण शून्य, अमान्य व अवैध

मालिक खुमान सिंह के पोते व अनावेदकों ने एसडीएम के सक्षम जमीन अपने नाम दर्ज कराने आवेदन दायर किया था। आवेदन में कहा गया था कि भूमि मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत कलेक्टर की अनुमति के बिना आदिवासी व्यक्ति की जमीन गैर आदिवासी व्यक्तियों को नहीं बेची जा सकती है। एसडीएम ने खुमान सिंह के पोतो के पक्ष में आदेश पारित किया था। जिसके खिलाफ कलेक्टर, आयुक्त तथा राजस्व मंडल, ग्वालियर के अध्यक्ष के समक्ष अपील दायर की गई थी। अपील निरस्त होने के कारण हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता की ओर से समय-सीमा का तर्क दिया गया। एकलपीठ ने याचिका निरस्त करते हुए अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता ने स्वीकार किया है कि आदिवासी व्यक्ति की जमीन बेचने के लिए कलेक्टर ने अनुमति प्रदान नहीं थी। एकलपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि कलेक्टर की अनुमति के बिना किया गया हस्तांतरण शून्य, अमान्य व अवैध है।

वास्को-द-गामा-मुज़फ़्फ़रपुर से चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

# इटारसी, जबलपुर, कटनी से गुजरेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 07311/07312 वास्को-द-गामा-मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन-वास्को-द-गामा के मध्य 09-09 ट्रिप समर स्पेशल ट्रेन चल रही है। यह समर स्पेशल ट्रेन पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जा रही है।

गाड़ी संख्या 07311 वास्को-द-गामा से मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 07 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है जो 02 जून 2025 तक प्रत्येक सोमवार को वास्को-द-गामा स्टेशन से सायं 16:00 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन इटारसी दोपहर 15:45 बजे, जबलपुर रात 20:00 बजे, कटनी 21:20 बजे, सतना 23:00 बजे, पहुंचकर और तीसरे दिन सुबह 12:30 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07312 मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन से वास्को-द-गामा समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 10 अप्रैल 2025 से 05 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन स्टेशन से दोपहर 14:45 बजे प्रस्थान कर,अगले दिन सतना मध्य रात्रि 03:05 बजे, कटनी 04:40



बजे, जबलपुर सुबह 06:00 बजे, इटारसी सुबह 10:40 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन दोपहर 14:55 बजे वास्को-द-गामा स्टेशन पहुँचेगी।

### कोच कंपोजीशन

इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 12 शयनयान श्रेणी, 01 जनरेटर कार एवं 01 एसएलआरडी सहित कुल 20 कोच रहेंगे।

### गाड़ी के हाल्ट

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मडगांव, थिविम, सावंतवाडी रोड, रत्नागिरी, चिपलुन, रोहा, पनवेल, कल्याण, मनमाड़, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

पुलिस का छापा 3 गिरफ्तार, 22 हजार जब्त

# फार्म हाउस में चल रहा था ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा

**जबलपुर।** चरगवां पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने कलार पिपरिया स्थित एक खेत में बने फार्म हाउस के आंगन में आईपीएल क्रिकेट सट्टे के अड्डे पर छापा मारकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं, जिनके पास से 6 मोबाईल, 1 केलकुलेटर, सट्टा पट्टी एवं नगदी 22 हजार 50 रूपये जब्त किए गए है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे हार जीत के 20 प्रतिशत कमीशन में किसी दीपक नाम के व्यक्ति के कहने पर सट्टे की बुकिंग करते है। पुलिस दीपक की तलाश कर रही है।

चरगवां थाना के उपनिरीक्षक अभिषेक प्यासी ने बताया कि गत रात ग्राम कलार पिपरिया में जितेन्द्र राय जमुनिया वाले के खेत में बने फार्म हाउस के आंगन में रानू राय अपने साथियों के साथ मोबाइल से आधुनिक संसाधनों का उपयोग करते हुये मुम्बई इंडियंस एवं रायल चैलेन्जर्स बैंगलुरू के आईपीएल क्रिकेट मैच में टीम की हार जीत पर सट्टा खिला रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने यहां दबिश दी। मौके पर देवेन्द्र उर्फ रानू राय उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम ललपुर थाना तिलवारा, जितेन्द्र उर्फ जित्तू राय उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम जमुनिया , संजय उर्फ संजू बर्मन उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा बताये, रानू राय के मोबाइल पर क्रिकेट लाईन गुरू एप एवं जूम वर्कप्लेस में यूजरनेम सांईरामस जूम मीटिंग एप



के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच टीम आरसीबी (रायल चैलेन्जर्स बैंगलुरू) एवं एमआई (मुम्बई इंडियंस) के मैच में खिलाड़ियों को जोड़कर एवं फोन के माध्यम से सट्टे का दांव कागज में लिखते पकड़े गए।

पूछताछ करने पर सभी आरोपियों ने आनलाईन हारजीत का सट्टा सामुहिक रूप से खिलाना स्वीकार किया, आरोपी रानू राय ने पूछताछ पर दीपक नाम के व्यक्ति के कहने पर गांव देहात के खिलाड़ियों को जोड़कर आईपीएल क्रिकेट मैच पर आनलाईन सट्टा लगवाना तथा प्रत्येक दिन की सट्टे की कमाई का 20 प्रतिशत दीपक द्वारा देना बताया। आरोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तू राय एवं संजय बर्मन ने पूछताछ पर रानू राय के कहने पर सट्टे के लिये खिलाड़ी तलाशना जिसमें प्रतिदिन के 500-500 रूपये रानू राय द्वारा देना बताया।

पुलिस ने चारों सटोरियों के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट एवं 49 बीएनएस के तहत कार्यवाही कर मामला जांच में लिया है। फरार दीपक की तलाश जारी है।

## 3 किलो गांजा समेत पकड़ाया आरोपी

**जबलपुर।** गोसलपुर पुलिस व क्राइमब्राच की टीम ने कल मुखबिर की सूचना पर गोसलपुर मेन रोड में एक मिठाई दुकान के समीप नीम के पेड के नीचे खड़े दो सदिग्धों की धरे बंदी की तो एक आरोपी भागने में सफल हो गया। पुलिस ने हाथ लगे आरोपी के पिट्ठू बैग की तलाशी के दौरान तीन किलो गांजा मिला। जिसकी कीमत 60 हजाररूपए है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर 8, 20, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। गोसलपुर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह मर्सकोले ने बताया कि कल क्राईमब्राच को मुखबिर से सूचना मिली कि गोसलपुर मेनरोड स्थित नेमा मिष्ठान भण्डार के समीप एक नीम के पेड के नीचे दो लोग खडे होकर संदिग्ध हाल में कोई लेनदेन कर रहे है। गोसलपुर पुलिस एवं क्राईमब्रांच की टीम ने मौके पर दबिशदी तो दो सदिग्ध लोग खड़े दिखे। पुलिस को देख दोनों आरोपी भागने लगे। जिनमें एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम विकास चौरासिया बताया वही भागने वाले साथी का नाम नीलेश रजक बताया। विकास के पिटटू बैग तलाशी के दौरान तीन किलो गांजा मिला।

## गेहूं लदे ट्रेक्टर से उछलकर गिरे मासूम बालक की मौत

**जबलपुर।** गेहूं से भरे ट्रेक्टर ट्राली में बैठा एक दस साल का मासूम चलते ट्रेक्टर से उछलकर नीचे गिरा और ट्राली के पिछले चके की चपेट में आ गया। इस हादसे में मासूम बालक की मौत हो गई। घटना पाटन थाना क्षेत्र की बताई गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रोझा निवासी 10 वर्षीय आरव अपने दोस्त साहिल बर्मन , रचित रैकवार के साथ राजकुमार पटेल के गेहूं से भरे ट्रेक्टर ट्राली में बैठा था। गत दोपहर लगभग 3.15 बजे खेरमाई मंदिर के आगे ट्रेक्टर चालक राजकुमार ने तेज गति से ट्रेक्टर को चलाया जिसके झटके से आरव ट्रेक्टर के नीचे गिर गया और उसके ऊपर से ट्रेक्टर ट्राली का पिछला पहिया चढ़ गया। घटना के बाद ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर ट्राली छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही आरव के पिता अरुण सेन मौके पर पहुंचे, और बेहोश आरव को उपचार के लिए पाटन अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर आरव सेन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 106 (1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

जबलपुर एयरपोर्ट का निजीकरण किया जाए- मांग

# क्षमता नहीं तो प्राइवेट करो

हरिभूमि जबलपुर।

वायु सेवा संघर्ष समिति उड़ान के तत्वावधान में जबलपुर की वायु सेवा की स्थिति पर गहन विचार विमर्श किया गया तथा उपस्थित सदस्यों ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति की। समिति संयोजक हिमांशु खरे ने इस अवसर पर बताया कि जबलपुर बहुत समय से वायु सेवाओं की स्थिति में सुधार हेतु बड़े कदमों की बाट जोह रहा है लेकिन दुर्भाग्यवश आज भी जबलपुर देश के अनेकों शहरों से जुड़ नहीं पाया है। उन्होंने बताया कि यदि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा संचालित जबलपुर विमानतल की स्थिति में सुधार





नहीं हो रहा है तो बेहतर है कि इसे निजी हाथों में सौंप देना चाहिए। इससे जबलपुर विमानतल की स्थिति में सुधार होगा तथा निजीकरण के प्रयास से विभिन्न निजी एयरलाइन कंपनियां की वायु सेवाएं जबलपुर को प्राप्त हो सकेगी तथा जबलपुर की रेटिंग में भी सुधार होगा। समिति इस इस ओर सार्थक प्रयास करेगी एवं शासन को इस आशय का प्रस्ताव शीघ्र सौंपेगी।

### पूर्वी भारत से कनेक्टिविटी

समिति सदस्य बलदीप मैनी, गीता शरत तिवारी, आई के खन्ना, सुरेन्द्र पाल ने बताया कि महाकौशल एवं विंध्य क्षेत्रों का पूर्व भारत के शहर जैसे गुवाहाटी, कोलकाता, रांची, पटना से वायु संपर्क नहीं है। अतः इन शहरों के साथ कोलकाता एवं भुवनेश्वर के लिए भी सीधी उड़ान अनिवार्य है। मुंबई और दिल्ली हेतु भी एक अतिरिक्त उड़ान की आवश्यकता है।

### पश्चिम तथा दक्षिण भारत से कनेक्टिविटी

उड़ान जबलपुर के सदस्य जितेंद्र पचौरी, दीपक सेठी, मनु शरत तिवारी, प्रीति चौधरी, सुनील श्रीवास्तव, अभिषेक जैन ने बताया कि नागपुर एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय संपर्क की भी संभावनाएं बढ़ती हैं। अतः जबलपुर नागपुर के जरिए अहमदाबाद, गोवा, पुणे आदि शहरों के लिए सीधी वायु सेवा आरंभ होना चाहिए। जबलपुर से हैदराबाद की एक उड़ान को चेन्नई तक विस्तारित किया जा सकता है।

### मिनी सर्किट

समिति सदस्यगण अरुण पवार, मनोज जसाठी, सोहन परोहा, अनुराग जैन, डॉ अंजना तिवारी, सुनयना जायसवाल, कृष्ण राजगुप्ता ने सुझाव दिया कि जबलपुर नगर के पांच सौ किलोमीटर की परिधि में शामिल शहर जैसे प्रयागराज, ग्वालियर, रायपुर, इंदौर, भोपाल, नागपुर को मिला कर एक मिनी सर्किट बनाया जाए जिसमें उक्त शहरों तक आ रही फ्लाइटों को जबलपुर तक बढ़ाया जाए। इस कदम से जबलपुर अनेकों शहरों से जुड़ सकेगा।

## घरेलू गैस सिलेण्डर मिलने पर चायवाले पर मामला दर्ज

**जबलपुर।** सिविल लाईन पुलिसने कल भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस नंबर 2 के पास एक चाय नाश्ता के ठेले में एक व्यक्ति को घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक इस्तेमाल करते रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने मौके से भारत कम्पनी का एक घरेलू गैस सिलेण्डरव गैस भट्टी जब्त कर आरोपी चाय नाश्ता के ठेले वाले पर धारा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। सिविल लाईन पुलिस ने बताया कि कल भ्रमण के दौरान पुलिस ने सर्किट हाउस क्रमांक-2 के समीप एक चाय नाश्ता के ठेले पर एक युवक को घरेलू गैस सिलेण्डर का इस्तेमाल कर अवैध लाभ अर्जित करते हुए देखा। पूछताछ के दौरान आरोपी ठेला चलाने वाले अपना नाम शंकर रैकवार बताया। पुलिस ने मौके से एक भारत कम्पनी का गैस सिलेण्डर व गैस भट्टी जब्त की है।

एसी में शॉर्ट सर्किट से हादसा, फर्नीचर जलकर ख़ाक

# मेडीकल के मनोरोग विभाग के सेमिनार हॉल में आग भड़की

हरिभूमि जबलपुर।

मंगलवार की दोपहर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग के सेमिनार हॉल में अचानक आग लग गई। आग के साथ ही तेज धमाका की आवाज भी आई। कहा जा रहा है कि एसी में ब्लास्ट हुआ और उससे आग लगी। गनीमत रही कि घटना के समय सेमिनार हॉल में कोई नहीं था, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के वक्त नीचे ओपीडी में जिस वक्त आग लगी, उस समय नीचे ओपीडी में मानसिक विभागाध्यक्ष डॉ रायचंद्रानी मरीजों को देख रहे थे। अचानक धुआं उठता देख डॉक्टरों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग को



सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया, तब तक हॉल में रखा फर्नीचर जल चुका था। आग लगने की प्रारंभिक वजह एयर कंडिशनर (एसी) में शॉट सर्किट होना बताया जा रहा है। इस संबंध में मेडीकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि आग से हजारों रुपए का नुकसान हुआ है, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आग के वक्त सेमिनार हॉल खाली था। नीचे की मंजिल में ओपीडी चल रही थी, लेकिन वहां भी कोई अफरातफरी की स्थिति नहीं बनी।

डॉक्टरों ने बताया कि सेमिनार हॉल का उपयोग सिर्फ खास मौकों पर ही होता है, अधिकतर समय खाली रहता है। मौके पर बिजली सप्लाई को तुरंत बंद कराया गया, जिससे आग ज्यादा नहीं फैल सकी।

वहीं मौके पर पहुंचे दमकल विभाग ने तत्काल ही आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक कक्ष में रखे फर्नीचर और मशीनें जलकर खाक हो गई थी। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बताया जाता है कि आग लगने के समय ही सेमीनार कक्ष में क्लास लगने वाली थी। जुनियर डॉक्टर पहुंचते उसके पहले ही शार्ट सर्किट से आग लग गई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक- डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240